डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

पेज 12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 27 मई 2024, वर्ष-30, अंक-218, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com







**सेंसेक्स** 75,410.39 -7.65

**डॉलर** 83.055 -0.236

**पलामू सर्राफा**

10 ग्राम 71,520

01 किलो 90,620

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## एक नजर

### चतरा में नक्सलियों ने पिता-पुत्र को मौत के घाट उतारा

**चतरा।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत घोर नक्सल प्रभावित हिंदियाकला गांव में हथियारबंद नक्सलियों ने शनिवार की रात घेराबंदी कर पिता-पुत्र को मौत के घाट उतार दिया। इस दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जाता है कि एक माह पूर्व 15 अप्रैल को पिता-पुत्र ने हथियार के साथ एक नक्सली को पुलिस के हवाले किया था। इस प्रतिशोध में नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर भारी संख्या में सुरक्षा बलों को घटनास्थल पर रवाना कर दिया गया है। मृतक पिता-पुत्र विलुप्त प्राय बिरहोर परिवार के बताए जा रहे हैं।

## आज | कल




# झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में सभा करने पर उठे सवाल

- भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण प्रभाकर ने चुनाव आयोग से की शीघ्र कार्रवाई की मांग
- सिर्फ भाषण ही नहीं दिया जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा भी लगाया : प्रवीण प्रभाकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण प्रभाकर ने चुनाव आयोग से विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने झामुमो के प्रचार में विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के शामिल होने को आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। भाजपा नेता प्रभाकर ने रविवार को कहा कि स्पीकर सिर्फ अपना चुनाव प्रचार कर सकते हैं, लेकिन स्पीकर खुलेआम मर्यादा की सीमा लांघ रहे हैं। झामुमो प्रत्याशी के लिए जनसंपर्क, सभाएं कर रहे हैं और सोशल मीडिया में भी पोस्ट कर रहे हैं। खुद को झामुमो विधायक भी बता रहे हैं, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी है। गौरतलब है कि दुमका लोकसभा सीट के नाला विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को इंडिया गठबंधन की चुनावी सभा हुई थी, जिसमें पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन भी मंच पर थे, उसी मंच पर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो भी मौजूद थे। इस सभा में स्पीकर ने न सिर्फ मंच साझा किया, बल्कि चुनावी भाषण भी दिया। मंच से स्पीकर ने दुमका से झामुमो उम्मीदवार नलिन सोरेन के पक्ष में समर्थन मांगा था। इतना ही नहीं स्पीकर ने भाषण के दौरान जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा जैसा नारे भी लगाए। स्पीकर के इसी राजनीतिक मंच को साझा करने और एक पार्टी और प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी भाषण देने को भाजपा ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि नाला विधानसभा से ही रवींद्र नाथ महतो चुनाव जीते कर स्पीकर बने हैं।

## लोकसभा का चुनाव भाजपा बनाम त्रस्त जनता है : कल्पना सोरेन



**गोड्डा।** झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने कहा कि लोकसभा चुनाव एनडीए बनाम आईएनडीआईए नहीं, बल्कि भाजपा बनाम त्रस्त जनता है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत के आरक्षण को विधानसभा से पारित कराया लेकिन यह राजभवन में जाकर रूक जाता है। क्योंकि, बीजेपी वाले इसे झारखंड में लागू नहीं करना चाहते। कल्पना रविवार को गोड्डा से कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप यादव के पक्ष में आयोजित जनसभा में बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने इस क्षेत्र में 15 साल एक व्यक्ति को दिया है। अब समय आ गया है कि आपके लिए हमेशा आवाज उठाने वाले को चुनें। प्रदीप यादव की दमदार आवाज विधानसभा में गूंजती है। अब इनकी आवाज आप लोगों के आशीर्वाद से संसद में गूंजेगी। कल्पना ने कहा कि हिंदुस्तान में इंडी गठबंधन की लहर चल रही है। आपका वोट ही हेमंत सोरेन को जेल से निकलेगी। चार जून के बाद जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब हेमंत दादा आपके साथ होंगे। झारखंड में तीन चरण का चुनाव हो चुका है। इसमें जनता ने हमें आश्वस्त कर दिया है कि इंडी गठबंधन के सारे प्रत्याशी जीत रहे हैं। एक जून को तीन लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है। वहां भी गठबंधन के प्रत्याशियों को मजबूत कराना है। इंडी गठबंधन को दिल्ली पहुंचने से कोई ताकत नहीं रोक सकती है। साथ ही कहा कि दिल्ली का तख्त हिलने वाला है।

# अनाज की जगह ईंट-बालू का वजन कर पर्ची निकाल लेते हैं पीडीएस डीलर, फिर देते हैं कम राशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहाबाजार।** प्रखंड अंर्तगत ग्राम पंचायत तरीडीह के पीडीएस डीलर कुंज बिहारी के द्वारा पत्थर, बालू, ईंट को कांटा मशीन पर रख कर राशन कार्डधारियों का पर्ची निकाला जा रहा है। इसके बाद उन्हें राशान दिया जाता है। इससे लोगों मे असंतोष है। बता दें कि पीडीएस डीलर नियम को ताख पर रख अपनी मनमानी कर गरीबों का राशन देने के लिए पर्ची काट रहे हैं। इसके बाद आधा केजी अनाज कम देते हैं। जब ग्रामीण डीलर के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं, तो डीलर के द्वारा ग्रामीणों का राशन कार्ड से नाम हटाने की चेतावनी दी जाती है। इससे कार्डधारी डर जाते हैं। वे सभी विवश होकर कम राशन ले लेते हैं। सरकारी नियम के अनुसार लाभूकों के सामने मशीन के द्वारा सही वजन कर अनाज देना है। लेकिन यहां पहले पत्थर, बालू, ईंट को कांटा कर राशन रसीद काट लिए जाते हैं। उसके बाद राशन कार्ड में जुड़े प्रति व्यक्ति के नाम के आधार से आधा केजी अनाज लाभुक से काट कर डीलर देते हैं। इस संबंध में डीलर का कहना है कि उन सभी को दुकान में प्रति 50 केजी के बोरी में 2 से 3 केजी अनाज कम रहता है। इसलिए ऐसा करना पड़ता है। क्षेत्र की ग्रामीण जनता लाचार बेवश है। एमओ प्रमोद व अंचल अधिकारी सुभम बेला टोपनो ने बताया कि जांच की पुष्टि की जा रही है। जांच के दौरान दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाईकी जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने बताया कि अभी तक कोई जानकारी नहीं है। अगर कोई कार्डधारी शिकायत करता है तो प्रशासन जांच कराकर कार्रवाई करेगी।

# भाजपा ही आदिवासियों की हितैषी है : बाबूलाल



**भाजपा की सरकार में ही संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया**

**दुमका।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को दुमका लोकसभा के अंतर्गत सारठ विधानसभा के शहरजोरी, बुधनाडीह, पलमा, मोहनपुर के विभिन्न क्षेत्रों में दुमका लोकसभा की प्रत्याशी सीता सोरेन पक्ष में जनसंपर्क अभियान के तहत बैठकों को सम्बोधित किया। साथ ही, प्रदेश अध्यक्ष ने दुमका लोकसभा अंतर्गत जनसंपर्क कर माताओं-बहनों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार में ही संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। भाजपा आदिवासियों की हितैषी है। भाजपा ने ही द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति बनाया है। झारखंडवासियों के मान और सम्मान को भाजपा ने रखा। अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य बनाया। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह कई दशकों तक देश के शासन में रही। वह चाहती तो अलग झारखंड राज्य बना सकती थी, लेकिन ऐसा कांग्रेस नहीं किया। इसलिए कहता हूं कि ये लोग झारखंड के विरोधी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा उन्हीं लोगों के साथ रहती है। उन्होंने कहा कि पहले गांव तक सड़कें नहीं थी। नदी-नाला में पुल-पुलिया भी नहीं था। आने-जाने में लोगों को कितनी कठिनाईयां होती थी। और घर में बिजली भी नहीं हुआ करता था। लेकिन जब देश में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और झारखंड में भाजपा की सरकार बनी। उसके बाद गांव तक सड़के भी पहुंच गई। घरों तक बिजली भी पहुंच गया और नदी-नाला में पुल-पुलिया का भी निर्माण हुआ।

# दिल्ली के बेबी केयर सेंटर में लगी आग में 7 बच्चों की मौत, कई घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विवेक विहार सी ब्लॉक स्थित बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में शनिवार देर रात आग लगने से सात बच्चों की झुलसने से मौत हो गई थी, जबकि इस हादसे में झुलसे अन्य पांच नवजात शिशु अस्पताल में इलाजरत हैं। जानकारी के अनुसार, दमकल विभाग को रात करीब साढ़े 11 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके तुरंत बाद मौके पर दमकल विभाग की 9 गाड़ियां भेजी गई। जख्मी पांच बच्चों को ईस्ट दिल्ली एडवांस्ड केयर हॉस्पिटल में बच्चों को भर्ती करया गया है। इधर दिल्ली के विवेक विहार पुलिस स्टेशन ने बच्चों के अस्पताल में लगी आग मामले में अस्पताल मालिक डॉ. नवीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के बाद से ही डॉ. नवीन फरार है। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अस्पताल के भूतल पर ऑक्सीजन सिलेंडर की रिफिलिंग का काम किया जा रहा था। मौके पर दर्जनों आक्सीजन सिलेंडर बरामद किए गए हैं।

**प्रधानमंत्री ने की मुआवजे की घोषणा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में बच्चों के अस्पताल में लगी आग की घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। कहा, इस अविश्वसनीय कठिन समय में उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। वे प्रार्थना करते हैं कि जो घायल हुए हैं वे जल्द से जल्द ठीक हो जाएं।



**दिल्ली** के एक अस्पताल में आग लगने से अनेक बच्चों की मौत की घटना हृदय विदारक है। ईश्वर बच्चों के शोक-संतप्त माता-पिता को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मैं इस घटना में घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

**द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**



**शिशुओं** की मौत की घटना अत्यंत दुखद व हृदय विदारक है। ईश्वर से कामना है कि वो दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और दुख की इस घड़ी में बच्चों के माता-पिता को इस अपार कष्ट को सहने की क्षमता दें। घटना में घायल होने वालों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।"

**ओम बिड़ला, लोकसभा अध्यक्ष**



इस हादसे में जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खोया है, हम सब उनके साथ खड़े हैं। दिल्ली सरकार के अधिकारी घटना में घायल बच्चों को इलाज मुहैया कराने में लगे हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, जो भी इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री, दिल्ली**

# राजकोट गेम जोन हादसे में मृतकों की संख्या 28 हुई, संचालक समेत 10 गिरफ्तार

**राजकोट।** राजकोट शहर के कालावड रोड पर टीआरपी गेम जोन में आग की घटना ने राज्य भर में हड़कंप मचा दिया है। घटना में मृतकों की संख्या 28 पहुंच गई है। अभी कई लापता हैं, जिनकी खोजबीन जारी है। अब तक गेमिंग जोन के संचालक सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के आदेश पर राज्य के गृह राज्य मंत्री राजकोट के लिए रवाना हो गए हैं। वे रात्रि 2 बजे के करीब राजकोट पहुंचेंगे। यहां वे सबसे पहले घटनास्थल, सिविल हॉस्पिटल जाने के बाद अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। राज्य सरकार ने राज्य के सभी गेमजोन की जांच करने और बिना फायर सेफ्टी परमिशन वाले गेमजोन बंद करने का आदेश दिया है। राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने बताया कि शवों की पहचान के लिए इनका तत्काल डीएनए टेस्ट कराया जा रहा है। इसके बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। मालूम हो कि सूरत की तक्षशिला कोचिंग में करीब 5 साल पहले आग लगने से 22 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें सभी छात्र-छात्राएं थीं। मामले में 10 लोगों को आरोपित बनाया गया था, लेकिन अब सभी जमानत पर रिहा हो चुके हैं।

मैं राजकोट के गेमिंग जोन में आग लगने और इसमें कई लोगों की जान जाने की खबर पाकर बहुत दुखी हूं। मैं उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती हूं, जिन्होंने अपने बच्चे गंवाए हैं। जो लोग घायल हुए हैं, उनके जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना करती हूं।

**द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**



राजकोट में आग दुर्घटना से बेहद व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के लिए प्रार्थना। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है।

**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

राजकोट के गेम जोन में हुई दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैंने मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल से बात की है और इस दुर्घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की है।

**अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

गुजरात के राजकोट में एक मॉल के गेमिंग जोन में भीषण आग लगने से मासूम बच्चों समेत कई लोगों की मौत की खबर बेहद दर्दनाक है। सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं आशा करता हूं कि सभी घायल यथाशीघ्र ठीक हो जाएं।

**राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

## इंडिया

# सबसे सस्ते यातायात के साधन रेलवे की राह कठिन



**सुनील बादल**

*निजी कंपनियां और सरकार के बीच कमाई के बंटवारे का फॉमूर्ला बन गया, मगर कंपनियों ने भारत के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर यानी रेलवे में दिलचस्पी ही नहीं ली।*

दुनिया के सबसे बड़े नेटवर्क वाले रेलवे की आधुनिक सुविधाओं से हम खुश हैं पर निजीकरण की अफवाहों के बीच इसकी आगे की राह कठिन है ।आजादी के बाद भारत की निजी रेलवे पूरी तरह सरकारी हो गई। 2017 में रेलवे बजट आम बजट का हिस्सा बन गया। अब फिर भारतीय रेलवे के निजीकरण की चर्चा है । भारतीय रेल यात्री किराये की कमाई में पिछड़ गई है। रेलवे का पैसेंजर राजस्व बीते साल में उस गति से भी नहीं बढ़ा, जिस रफ्तार से भारत की जीडीपी (महंगाई सहित यानी नॉमिनल) बढ़ी है। वंदे भारत ट्रेनों को कामयाब बनाने के लिए बीते साल किराये भी घटाए गए थे, मगर रेलवे को महंगे टिकट लेने वाले यात्री नहीं मिल रहे। दिसंबर, 2021 में भारत सरकार ने निजी ट्रेनें चलाने की योजना रोक दी थी। 30,000 करोड़ का टेंडर लौट गया। यह भारत में रेलवे के निजीकरण की पहली सबसे महत्वाकांक्षी कोशिश थी, रूट तय हो गए थे। निजी कंपनियों और सरकार के बीच कमाई के बंटवारे का फॉमूर्ला बन गया, मगर कंपनियों ने भारत के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर यानी रेलवे में दिलचस्पी ही नहीं ली। वर्ष 2022 में सरकार ने रेलवे की संपत्तियां बेचने की कोशिश की। कोई ग्राहक नहीं आया। रेलवे के कुछ विभाग और प्रतिष्ठान बंद करने की तैयारी है, घाटा कम करने या नए संसाधन जुटाने की हर जुगत औंधे मुंह गिर पड़ी।बीते एक दशक में रेलवे बजट खत्म करने से लेकर निजीकरण तक, तमाम कोशिशों के बाद भी इस महाकाय गतिमान बुनियादी ढांचे की बैसाखियां हटती ही नहीं। रेलवे के घाटे का दुख दूर ही नहीं होता। अलबत्ता भारत अकेला नहीं है। पूरी दुनिया में रेल सरकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। निजी कंपनियों का संसार आकाश से पाताल तक फैल गया है। मगर सरकारें उन्हें रेलवे में निवेश के लिए राजी नहीं कर पातीं। रेलवे दुनिया की सबसे चमत्कारी औद्योगिक क्रांति थी, मगर यह आर्थिक तौर पर सबसे अभिशप्त कारोबार भी है। के किस्सों से महक रही है। निजी कंपनियां और बैंक रेलवे में निवेश का कोई मौका नहीं चूकना चाहते। रेलवे का घाटा पूरी दुनिया के लिए मुसीबत है। निजीकरण को लेकर दुनिया के तजुर्बे अच्छे नहीं हैं। 20वीं सदी में रेलवे का इतिहास दिवालियापन और निजी कंपनियों को नुकसान का है। यही वजह है कि 21वीं सदी का सूरज उगने तक दुनिया के सभी देशों में रेलवे का पूरी तरह या आंशिक राष्ट्रीयकरण हो गया था। रेल निजी कंपनियों को रास नहीं आती। यह अभिशाप बीते सौ बरस से रेलवे का पीछा नहीं छोड़ रहा। निजीकरण की कोशिशें बार-बार औंधे मुंह ढेर हो जाती हैं। अब टाइम मशीन दिल्ली के रेल भवन के सामने उतर रही है। अब तो अगली सरकार ही बताएगी कि रेलवे के घाटे का दुख कैसे दूर होगा। निजी बैंक, शिक्षा आईटी और चिकित्सा क्षेत्र में भारत में विश्वस्तरीय सुविधाएं देकर हमें बता रहे हैं कि जटिल सरकारी व्यवस्था की तुलना में हमें सुविधाएं चाहिए तो यूरोपीय मॉडल में जाना पड़ेगा जिसमें सेवाओं में चूक के लिए व्यक्ति या संस्थान को उत्तरदायी होना पड़ता है और नौकरी भी तभी बची रहती है जब वे सही काम करें। सरकारी क्षेत्र में काम करें न करें सेवाओं के बजाय परेशानी उत्पन्न करें तो भी उनकी नौकरी पर आंच नहीं आ सकती की अवधारणा है ।रेलवे में भी जहां भ्रष्टाचार था समाप्त नहीं हुआ अभी दैनिकभोगी कर्मचारियों के नाम पर फजीर्वाडा की चर्चा है। सच जो भी हो सामने आना चाहिए और प्राथमिकता जनता की सुविधाओं और रेलवे के विकास को देनी चाहिए न कि लाखों सरकारी कर्मचारियों की बहाली कर वोट प्राप्त करने को। नई सरकार कौन सी आएगी ये बातें उन्हें तय करनी हैं पर पूर्ववर्ती रेल मंत्रियों ने रेलवे को जागीर की तरह इस्तेमाल किया और भाड़ा नहीं बढ़ने देंगे से लेकर सारी ट्रेनें मेरे शहर से ही जाएंगी जैसे मनमाने फैसले किए जिससे रेलवे की स्थिति जर्जर हो गई थी।





# वैन-कंटेनर की टक्कर में तीन लोगों की मौत



**धनबाद।** धनबाद के बरवाअड्डा स्थित एनएच-2 हाईवे पर रविवार की दोपहर भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें धनबाद के ही महतो बस्ती लोदना के रहने वाले तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि वाहन पर सवार अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में रविवार की दोपहर भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। घटना में लोदना के एक ही परिवार के सात लोग और एक अन्य ड्राइवर मारुति वैन वाहन पर सवार होकर राजगंज शादी ठीक करने गए थे। वापस लोदना लौटने के दौरान कल्याणपुर के समीप विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर के साथ वैन की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। साथ ही वैन में बैठे तीन लोगों की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर बरवाअड्डा पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा है, जहां घायलों का इलाज चल रहा है। मृतकों में राजेंद्र महतो, महेंद्र महतो व एक अन्य शामिल है।

# पांडू पुलिस ने जावा महुआ व शराब को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** प्रखंड मुख्यालय के ग्राम कुटमू एवं ओरडीहा से पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ एवं पुलिस ने छापेमारी के दौरान अवैध जावा महुआ व शराब को किया नष्ट किया। वहीं पांडू थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिला था कि कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से शराब बनाया जाता है। छापामारी के दौरान लगभग पचास किलो जावा महुवा एवं शराब को नष्ट किया गया। वहीं बनाने का उपकरण को भी नष्ट किया गया।

# पड़वा मोड़-औरंगाबाद मुख्य पथ पर टेंपो को पिकअप ने मारी टक्कर, सभी सवार हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** एनएच 98 पड़वा मोड़-औरंगाबाद मुख्य पथ स्थित सिंजो गांव के समीप तीखी मोड़ पर पैसेंजर सवार टेंपो गाड़ी को पीछे से आ रही पिकअप गाड़ी में ठोकर मारी। जिसमें अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गई। गाड़ी में सवार सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार को दी। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बेहतर



इलाज को भेज दिया गया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त टेंपो गाड़ी को नावाबाजार पुलिस कब्जे में लेकर थाना ले गई है। जबकि ठोकर मारने वाली पिकअप गाड़ी फरार हो गई। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने कहा कि टेंपो गाड़ी सोहदाग खुर्द की बताई जाती है। सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया गया है। पुलिस अपने स्तर से घटना की जांच कर रही है। ठोकर मार कर भागने वाले पिकअप गाड़ी की शिनाख्त की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### हुसैनाबाद नगर पंचायत में कई जलमीनार खराब, पेयजल संकट गहराया, असंतोष



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ में छह माह से **जलमीनार** खराब पड़ा है। जिससे पीने के पानी के लिए वार्ड वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग आधा किलोमीटर दूर से दूसरे वार्ड से पानी भरने के लिए विवश हैं। वहीं देवरी सोन नदी से नियमित पेयजलापूर्ति नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई हैं। नगर पंचायत के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद सिटी के 16 वार्डों में जल मिशन योजना के तहत 35 जलमिनार लगाया गया था। परंतु विभागीय देखरेख के अभाव में आधे से अधिक खराब हो गया है। जबकि इसकी मरम्मती का कार्य संवेदक को ही देखना था। लेकिन **जलमीनार** लगाने के बाद ही खराब हो गये। जिसके कारण गर्मी में पेयजल संकट गहराने लगा है। यह **जलमीनार** छह माह से खराब पड़ा है। जबकि इससे वार्ड के अलावा राहगीर भी पानी पीते थे। उधर जेएमएम नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता नेहाल असगर ने बताया कि इससे 500 की आबादी प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शन्नी से कई बार जानकारी देकर इसकी मरम्मती कराने की बात कहीं गयी थी। बावजूद इसके अबतक इसकी मरम्मत कार्य नहीं हो सका है। उन्होंने चेतावनी दी है कि इसकी शीघ्र मरम्मत नहीं कराया गया तो वे पलामू डिसी से मिलकर शिकायत करेंगे।

### ई-केवाईसी सभी उपभोक्ताओं को करवाना अनिवार्य : प्रमोद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जय भवानी एचपी गैस एजेंसी के संचालक प्रमोद कुमार सिंह ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एचपी गैस के सभी नया तथा पुराना उपभोक्ता ई-केवाईसी जय भवानी एचपी गैस हरिहरगंज के कार्यालय में पहुंचकर अवश्य करवा लें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता ई-केवाईसी नहीं करवायेंगे उनका कनेक्शन स्वतः लॉक हो जाएगा और उपभोक्ता उस कनेक्शन नंबर से गैस नहीं ले पाएंगे। साथ ही कहा कि ई-केवाईसी नहीं है, तो करवाने के लिए गैस कनेक्शन का कार्ड नया या पुराना, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, साथ लेकर आना अनिवार्य है। उज्ज्वला योजना अंतर्गत कनेक्शन हो या जनरल कनेक्शन सभी को 31 मई 2024 तक ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है।

## एक नजर

### समाजसेवी जफर इकबाल के निधन पर विधायक ने जताया शोक

**हुसैनाबाद।** लाल कोठा, मुस्लिम नगर डाल्टनगंज के समाजसेवी जनाब जफर इकबाल सिद्दीकी (नन्हे भाई बक्सा वाले) का शनिवार को इन्तकाल हो गया। उनका पैतृक घर हैदरनगर के दूबा गांव में है। उनके निधन की खबर से गांव में मातम सा माहौल है। उनके निधन की खबर पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह, एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने गहरा दुःख का इजहार किया है। उन्होंने कहा कि नन्हे भाई से उनका पारिवारिक संबंध था। उनका निधन उनके लिए निजी क्षति है। इनके अलावा कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, अफरोज अहमद सिद्दीकी, अवध बिहारी सिंह, नदीम खान, मुखिया अबू नसर सिद्दीकी, पूर्व मुखिया पंचम खान, नवाजिश खान, सज्जू खान, डा. नादिर रिजवी, डा. अमीनुक हक अंसारी, जियाउद्दीन खान, गुड्डू सिंह, विनय पासवान, हाजी मो. अब्बास अंसारी, जिशान हसन, कलामुद्दीन खान, मन्नान खान, इबरार अहमद, सद्दाम अहमद खान, हाजी नुरुल्लाह समेत अन्य सामाजिक राजनीतिक नेताओं ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की है।

### एनसीसी कैडेट्स की ट्रेनिंग 31 तक

**मेदिनीनगर।** शहर के चियांकी स्थित एमके डीएवी स्कूल में शुरू 10 दिवसीयी एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण कैंप में 517 कैडेट ट्रेनिंग ले रहे हैं। प्रशिक्षण 22 मई से प्रारंभ हुआ है जो 31 मई तक चलेगा। शिविर में प्रशिक्षण ले रहे कुल 517 कैडेट विभिन्न आठ स्कूल एवं कॉलेजों यथा जीएलए कॉलेज, वाईएसएनएम कॉलेज, एमके डीएवी स्कूल, गिरिविर प्लस-2 हाई स्कूल, ब्राह्मण प्लस-2 हाई स्कूल, जिला स्कूल एवं इंटर कॉलेज बालूमाथ से संबंधित हैं। ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट का प्रशिक्षण प्राप्त कर कैडेट्स में 396 बालक एवं 121 बालिका हैं। एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी ने बताया कि एनसीसी भारतीय सेना की दूसरी लाइन है। इसमें प्रशिक्षित कैडेट्स सेना के तीनों अंगों में भर्ती के समय अधिभार प्राप्त करते हैं और सफल होते हैं।

## बोरिंग फेल, फिर भी लगा दिया गया जलमीनार

# बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे सुड़ीवासी

- जल जीवन मिशन योजना फेल
- घरों तक पानी पहुंचाने के नाम पर लाखों का लूट
- शो पीस बना पांकी के सुड़ी गांव का जलमीनार
- नहीं मिल रहा है लोगों को पानी



**संजीव कुमार प्रजापति**

**सगालीम।** जिले के पांकी प्रखंड के सुड़ी पंचायत में जल जीवन मिशन योजना के तहत लगाए गए जलमीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है। यहां बोरिंग करने में मनमानी किया गया है। बोरिंग फेल होने के बावजूद संवेदक के द्वारा जलमीनार लगा दिया गया है। बोरिंग में पानी नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग आज भी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन योजना के तहत पांकी प्रखंड के सुड़ी गांव में लाखों की योजना से लोगों के घरों तक पाइप बिछाकर पानी पहुंचाने को लेकर बोरिंग कर जल मिनार लगाया गया, ताकि सभी के घरों तक पानी पहुंच सके। लेकिन यह जलमीनार एक सिर्फ दिखावा बनकर रह गया। जब से बोरिंग कर जलमीनार लगाया गया है, तब से लेकर आज तक एक बूंद भी पानी यहां नल से नहीं गिरी। गांव में युवा समाजसेवी सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष चंद्रवंशी, मनोज पासवान, कलावती देवी, सीता कुंवर, घुनरी देवी आदि लोगों का कहना है कि बोरिंग फेल होने के बावजूद भी ठेकेदार के द्वारा जल मीनार बैठा दिया गया और कॉलम पूरा कर दिया गया। आलम यह है कि 6 माह से यह पानी टंकी का जल मीनार सरकारी शोभा बनकर रह गई है और लोग यहां पानी को तरस रहे हैं। गांव के लोगों ने पेयजल विभाग और संवेदक पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पानी की विकराल समस्या है। आसपास के सारे कुएं-तालाब सूख चुके हैं। यहां के लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बोरिंग और जल मीनार बैठाने में बड़े पैमाने पर धांधली बरती गई है। पंचायत के मुखिया पति लोकनाथ यादव, मुखिया पुत्र और उनके बिचौलियों के द्वारा काम कराया गया है। लोगों को घरों तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप बिछाकर उनके घर के पास नल का कनेक्शन दिया गया है। ताकि लोगों को उस नल कनेक्शन से पानी मिल सके। लेकिन पाइप बिछाने और नल कनेक्शन देने में काफी अनियमितता बरती गई है। गुणवत्ता पूर्ण तरीके से काम नहीं किया गया। जिसका कारण हैं कि नल कनेक्शन जहां-तहां बर्बाद हो गया। लोगों का कहना है कि उन्हें उनके घरों तक पानी पहुंचाने के नाम पर धोखाधड़ी किया गया है। यहां सिर्फ सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। बोरिंग और जल मीनार लगाने में बड़े पैमाने पर कमीशन वसूली हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने जल मीनार से घरों तक पानी पहुंचाने और दोषी संवेदक पर कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से किया है।

### नहीं मिला पानी, पहले ही खराब हो गई नल कनेक्शन

पांकी के सुड़ी गांव के लोगों का आरोप है कि उन्हें जल मीनार से नल कनेक्शन के द्वारा एक बूंद भी पानी नहीं मिला। पानी मिलने से पहले ही नल कनेक्शन खराब हो गया है। जहां-तहां नल कनेक्शन टूट फूट गया है। कई जगहों पर पाइप लाइन सही तरीके से नहीं बिछाया गया है। चारों ओर मनमानी किया गया है। गांव के युवा समाजसेवी सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष चंद्रवंशी ने खराब हुए नल कनेक्शन दिखाते हुए कहा कि यहां ठेकेदार की मिलीभगत से मुखिया पति लोकनाथ यादव, मुखिया पुत्र और उनके बिचौलियों के द्वारा बोरिंग और जल मीनार लगाने का काम किया गया है। निर्माण कार्य ने गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। नतीजा आज गांव में लगे नल कनेक्शन खराब पड़ा है। इसे देखने वाला कोई नहीं है। इस संबंध में सूडी मुखिया पति लोकनाथ यादव से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने के लिए कई बार कोशिश किया गया पर कॉल नहीं लग सका।

# नावा जयपुर के घोरीघाट पर बनी पुलिया जर्जर



### दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है यह पुलिया कभी भी बड़ी घटना घट सकती है

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के कई ऐसे नाला पर बने पुल की स्थिति जर्जर हालत में है। मेन रोड पंचकेड़िया से दोअम्बा जाने वाला मार्ग घोरीघाट नाला पर बनी पुलिया कि हालत एक दम जर्जर हो चुकी है। उक्त पुलिया का पिलर टूट चूका है। कभी भी घटना घट सकती है। पुलिया के ऊपर का भाग धस गया है। इस मार्ग पर प्रतिदिन दर्जनों वाहनों का परिचालन होता है। इस पुलिया से दर्जनों गांव का आवागमन होता है। इस पुलिया से क्षेत्र के बड़े-बड़े राजनीतिक वाला जनप्रतिनिधि भी पार होते हैं। इस पुलिया के निर्माण करने के लिए ग्रामीण ने कई बार जनप्रतिनिधि अधिकारी कि ओर ध्यान आकर्षित कराया है। फिर भी पुलिया का हालात जस के तस है। ग्रामीण क्षेत्र का अभी तक छोटा बड़ा रोड और पुलिया का हालत जर्जर स्थिति में है।

## संवेदक व विभागीय लापरवाही के कारण योजना नहीं हुई शुरू

# नल जल योजना से लोगों को नहीं मिल पा रहा पानी

- गांव में पेयजल के लिए मचा हाहाकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** बढ़ती गर्मी व गिरते जलस्तर लोगों का जीना दुभर कर दिया है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर पाइप-लाइन से पहुंचाई जाने वाली जल नल योजना गांव में केवल कहानी सुनाने को बन कर रह गया है। जनवरी 2023 में निविदा आमंत्रित कर संवेदक को स-समय कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन संवेदक के द्वारा कार्य में तेजी नहीं लाई गई। निविदा होने के लगभग 18 माह बाद भी आधा कार्य नहीं कराया जा सका। संवेदक की लापरवाही के कारण गांव में जैसे-तैसे बिछाई गई जल नल योजना केवल दिखावा मात्र बनकर रह गई है। इस पर ना तो विभाग गंभीर है और न ही संवेदक के द्वारा कार्य में रुचि दिखाई जा रही है। नतीजतन सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना स्वयं को मुंह चिढ़ा रही है। लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं।



नावाबाजार प्रखंड के बसना पंचायत स्थित चेचरिया गांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पाइपलाइन बिछाई जानी है। संवेदक के द्वारा कार्य में रुचि नहीं दिखाई जा रही। गांव में जैसे-तैसे पाइप बिछाई जा चुकी है। लेकिन सप्लाई के लिए कहीं भी ना तो मोटर लगाए गए हैं और ना हीं कहीं पानी टंकी। ऐसे में योजना संवेदक और विभागीय अधिकारी की लापरवाही के कारण धरातल पर नहीं उतर पाई। पानी सप्लाई के लिए संवेदक के द्वारा कहीं भी डीप बोर नहीं किया गया। केवल नाम मात्र का 150-200 फीट गहराई बोरिंग कर सरकारी राशि की बंदरबांट किया जा रहा है। लोगों के द्वारा आग्रह किए जाने के बाद भी पाइप लाइन का प्वाइंट संवेदक के द्वारा नहीं दिया गया। जबकि कई ऐसे जगहों पर प्वाइंट छोड़े गए हैं जहां कोई घर भी नहीं। मानों जैसे खेत की प्यास बुझाने के लिए नल जल योजना लगाई जा रही है। इसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों के द्वारा किया गया। लेकिन कोई कार्रवाई और न हीं संवेदक पर कार्य पूरा करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। मेदिनीनगर स्थित विभागीय कार्यालय में शिकायत किए जाने के बाद कार्यालय के कर्मी व पदाधिकारी संवेदक की पक्ष में खड़े हो जाते हैं। बरसात कभी भी दस्तक दे सकता है ऐसे भी कार्य योजना प्रभावित होगा। लेकिन इसकी परवाह संवेदक और विभागीय अधिकारी किसी को नहीं है।

**जानकारी की मांग की :** नावाबाजार प्रखंड के बसना पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पेयजल योजना से संबंधित कार्य की विस्तृत जानकारी को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी की मांग की गई थी। लेकिन विभाग के द्वारा समय पर सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया। माह जनवरी में मांगी गई सूचना के पांच माह बाद आधा अधुरा सूचना उपलब्ध कराया गया। योजना संबंधित समुचित जानकारी के लिए एक बार फिर से अपील किया गया है।

## आस्था

### विष्णु मंदिर तोलरा का वार्षिकोत्सव, भक्तों ने की पूजा-अर्चना

# जय विजय का प्राण प्रतिष्ठा पर सुंदरकांड का पाठ और भजन कीर्तन

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के तोलरा गांव स्थित विष्णु मंदिर का पहला वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दिन में भगवान विष्णु के द्वारपाल जय विजय की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भव्य भंडारा व 75+आयु वर्ग के बुजुर्ग को सम्मानित किया गया। रात्रि में मानस मंडली गढ़वा की टीम के द्वारा सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ। मानस मंडली में 45 लोग हनुमान भक्ति व श्रीराम भक्ति में लीन दिखे मधुर आवाज में तीन घंटा तक मानस मंडली गढ़वा की टीम ने सबका मन अपने ओर आकर्षित किया। तीन दिन तक चले इस आयोजन में विष्णु मंदिर संचालन कमेटी के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर खूब पसीना बहाया। इतनी तपती धूप में



कमेटी के सभी सदस्य शीतल पेयजल व फल लेकर सभी जरुरतमंद के लिए तत्पर दिखे। रात्रि सुंदरकांड में विश्रामपुर विधानसभा सह झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विकास दुबे, गंगा कंस्ट्रक्शन के सहायक प्रोपराइटर सह पलामू के प्रसिद्ध समाजसेवी बबलू पांडेय, राजद के झारखंड प्रदेश महासचिव सह एडवोकेट पप्पू सिंह, आईएफएस ऋत्विका पांडेय के चाचा सुनील पांडेय सेवानिवृत पुलिस सब इंस्पेक्टर देवनारायण तिवारी, ग्रामीण सह पुलिस उपाधीक्षक सुनील तिवारी, ग्रामीण सह अंचलाधिकारी शिवपुजन तिवारी, एडवोकेट कमल तिवारी, सिद्धनाथ तिवारी, तोलरा पंचायत के मुखिया रोहित कुमार तिवारी, भाजपा नेता अमरेश तिवारी सहित विष्णु मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, सचिव गोखूल तिवारी, कोषाध्यक्ष धनंजय तिवारी, संरक्षक विरेन्द्र तिवारी, सुमंत तिवारी, संजय तिवारी, प्रवक्ता राम निवास तिवारी, मुकेश तिवारी, अरुण त्रिवेदी, रविन्द्र तिवारी, धीरन तिवारी, राजेश तिवारी, अगस्त तिवारी, कौशल तिवारी, उपेन्द्र तिवारी, आलोक तिवारी, विष्णु मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष तुलसी तिवारी, सचिव रासबिहारी तिवारी सहित सभी ने मिलकर मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की सराहना करते हुए बधाई दी।

# नदी में प्रवाहित होती है नालियों का गंदा पानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जिले के हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय व बाजार क्षेत्र से सटे गुजरी सदाबह नदी में घरेलू नालियों का जलजमाव प्रतिदिन होता आया है। इस नदी आसपास के गुजरने से राहगीरों को भी दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। नदी का मुख्य केन्द्र बड़ा शिवालय के बगल में छठ घाट भी बाजार क्षेत्र का है। विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के सक्रिय कार्यकर्ताओं में जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र सोनी, अविराज गुप्ता, संतन चौधरी, नंदलाल प्रसाद, अरुण कुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, आलोक कुमार, अंकित कुमार, पवन कुमार सहित कई युवाओं ने कहा कि नदी क्षेत्र व हो रहे गंदगी से मुक्त कराने के लिये तीन वर्ष पूर्व ही क्षेत्रीय विधायक कमलेश सिंह के समक्ष स्थानीय धर्मप्रेमी व स्वयंसेवी संस्था विजेता क्लब के सदस्यों ने आवेदन दिया। जिस पर विधायक ने बभंडी की ओर से आने वाली



कच्चे नालियों को पक्का नाला बनाने को लेकर अपने कोटे से दो लाख रुपये तत्काल स्वीकृति भी दिलाई। इसके बाद नालियों के आसपास भी अतिक्रमण रहने व अंचलाधिकारी को अतिक्रमण मुक्त कराकर नाला बनाने के मार्ग प्रशास्त कराने का निर्देश भी दिया गया। बावजूद न तो अतिक्रमण हटा और न ही नाला बना। कार्य शुरू नहीं होने व विलंब होने से यह राशि वापस भी कर ली गई। गत वर्ष पुनः विधायक ने अपने स्तर इस नाला को बनवाने की पहल भी सफल नहीं हो सकी है। क्लब के सदस्यों के अलावे भाजपा नेता रविन्द्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, रणविजय सिंह, पंसस गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया कमल कुमार पासवान ने कहा कि आवर्ती रुप में यहां छठ व्रतियों व उनके परिजनों को काफी मानसिक तनाव भी झेलते आना पड़ा है। उन्होंने जिला प्रशासन से अविलंब इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नदी, नाले सहित संपूर्ण हैदरनगर बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने का आग्रह किया है।




# ट्रक ने पीछे से स्कूटी सवार को कुचला, मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बीचों-बीज स्थित कचहरी चौक पर एक ट्रक ने स्कूटी सवार को रौंद दिया। इस घटना में स्कूटी सवार की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए जाम लगा, लेकिन बाद में पुलिस द्वारा डेड बॉडी उठा कर ले गई। इसके बाद यातायात समान्य हो गया। मृतक की पहचान रेड़मा के छेछानी टोला निवासी मिथिलेश तिवारी (70) के रूप में हुई है। मिथिलेश तिवारी झामुमो नेता दीपक तिवारी के रिश्तेदार थे। पुलिस ने एमएमसीएच में पोस्टमार्टम करा कर डेड बॉडी परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 6:30 बजे मिथिलेश तिवारी अपनी स्कूटी से रेड़मा ओवरब्रिज से नीचे उतरे थे और डीसी बंगला के सामने कचहरी-शहीद चौक से होकर निकल रहे थे। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। सिर के हिस्से में ट्रक का चक्का चढ़ गया। इससे मौके पर ही मिथलेश तिवारी की मौत हो गई। शुरूआत में उनकी पहचान नहीं हुई थी, लेकिन बाद में रेडमा के कुछ लोगों के मौके पर पहुंचने पर शव की पहचान की गई। सूचना मिलने पर पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, झामुमो नेता दीपक तिवारी, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद समेत अन्य मौके पर पहुंचे। घटना पर दुख व्यक्त किया। पुलिस ने मौके से डेड बॉडी को कब्जे में लिया और फिर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच भेज दिया।





## यातायात नियम का नहीं होता है पालन

शहरी क्षेत्र में पुलिस बाईक सवार का हेलमेट चेक करने में पूरी ऊर्जा लगाती है। लेकिन तेज रफ्तार चलने वाले छोटे बड़े वाहनों पर कोई कंट्रोल नहीं है। बड़े वाहनों में हाईवा व माल वाहक ट्रक शहरी क्षेत्र में भी 60 की स्पीड में दौड़ते नजर आते हैं। लेकिन पुलिस का ध्यान इस ओर नहीं जाता है। यही कारण है कि शहरी क्षेत्र में पिछले एक माह में आधा दर्जन लोग रफ्तार की कहर का शिकार बन चुके हैं।

## ट्रैफिक प्रभारी ने नहीं लिया संज्ञान : रूचिर तिवारी



रूचिर तिवारी ने कहा कि कचहरी चौक के पास हमेशा सड़क दुर्घटना बड़ी वाहनों के लापरवाही के चलते होती है। जिस पर जिला प्रशासन एवं ट्रैफिक प्रभारी ने अभी तक कोई संज्ञान में नहीं लिया है। 1 वर्ष पहले भी उसी जगह पर एक बच्चा की दर्दनाक मौत हुई थी। लेकिन उसके बाद भी जिला प्रशासन एवं ट्रैफिक प्रभारी ने कोई संज्ञान नहीं लिया। आए दिन कचहरी चौक के पास लगातार सुबह के समय में बड़े वाहनों द्वारा सड़क दुर्घटना होती रहती है। प्रशासनिक पदाधिकारी को सुरक्षात्मक उपाय अविलंब करना चाहिए।

## न्यूज | बॉक्स

### आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रचिर कुमार तिवारी ने आज सुबह रेड़मा निवासी मिथिलेश तिवारी के सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मिथिलेश तिवारी काफी मृदु भाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे। सड़क दुर्घटना ने अचानक उनका मौत के आगोश में ले लिया। । सुबह पोस्टमार्टम के बाद गोरेहो घाट पर दाह संस्कार किया गया दाह संस्कार में त्रिपुरारी तिवारी, रितेश तिवारी ,शिव ध्यान तिवारी, युगल किशोर तिवारी, रोहित कुमार तिवारी, यशवंत तिवारी, बसंत तिवारी शाहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### महिला समूह ने जरूरतमंदों के बीच बांटे भोजन



**मेदिनीनगर।** शहर की एक महिला समूह ऐसी है, जिसकी तारीफ हर जगह सुनने को मिलती है। ये समूह जरूरतमंदों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। समूह की महिलाओं का मनना है कि ईश्वर की सच्ची पूजा मनाव सेवा में निहित है। वास्तव में उनके लिए कुछ भी अच्छा करना पूजा से कम नहीं। रविवार को मेदिनीनगर अंबेडकर पार्क के सामने दोना- पत्तल दातून बेचने वालों तथा शनि मंदिर के आसपास दिव्यांग रिक्शाचालक वृद्धों के बीच रोटी-सब्जी का वितरण महिला समूह की टोली ने की। जानकापरी के अनुसार दोना- पत्तल बनाने वाले बहुत ही श्रद्धा से भोजन लेते हैं। भोजन संग्रह से लेकर वितरण करने में समूह के सहयोगियों का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस समूह में अहिल्या गिरि, बैजंती गुप्ता, आशा शर्मा, वीणा गुप्ता व शिल्पी गोस्वामी सहित अन्य मौजूद थे।

### लिफ्ट खराब होने से लोगों में आक्रोश




**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का एक लिफ्ट खराब है। इससे लोगों में काफी आक्रोश है। उल्लेखनीय है कि मरीजों व उनके परिजनों के लिए लगी लिफ्ट खराब है। लिफ्ट खराब होने से यहां आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लिफ्ट खराब होने की वजह से सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों और ऑपरेशन के मरीजों को उठानी पड़ रही। अस्पताल में अपने मरीज से मिलने आए 50 वर्षीय शशि सिंह ने बताया कि मरीज को देखने के लिए दूसरे फ्लोर पर जाना था। लिफ्ट खराब होने की वजह से उनको सीढ़ियों के सहारे दूसरी मंजिल पर जाना पड़ा। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजनों ने बताया कि अस्पताल का लिफ्ट हमेशा खराब रहता है। जिसके वजह से मरीजो को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### ट्रासफार्मर को पानी टंकी से अलग हटाने की मांग



मेदिनीनगर। समाजसेवी व भाजपा नेता परशुराम ओझा ने बिजली समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि हमीदगंज, बीएन कॉलेज पानी टंकी के पास ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। ट्रांसफार्मर का स्पेंडल खराब है, जिसको खोलने के दौरान करंट आना शुरू हो गया। जिसके कारण पूरा नट नहीं खोला गया। अगर पूरा नट खोल दिया जाता तो 20 फीट ऊपर ट्रांसफार्मर पर पानी चला जाता। इससे बहुत बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने डीसी से आग्रह किया है कि ट्रांसफार्मर को टंकी के पास से हटाकर दूसरे जगह लगाने की व्यवस्था करवाया जाए ताकि किसी प्रकार की घटना ना घटे।

# अखिल झारखंड छात्र संघ ने हिमांशु रंजन को प्रभारी मनोनीत किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के पूर्व विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के निदेर्शानुसार हिमांशु रंजन को विश्वविद्यालय प्रभारी मनोनीत किया गया। हिमांशु रंजन विश्वविद्यालय में सदैव सक्रिय भूमिका में छात्र हित की लड़ाई लड़ते रहते है । छात्रों के बिच भी हिमांशु की सालो से लोकप्रिय है। पत्र जारी होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा समेत प्रदेश, जिला एवं प्रखंड के कई पदाधिकारियों ने हिमांशु को शुभकामनाएं दी।


# मानसिक तनाव में आकर युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी निवासी 16 वषीय एक युवती शनिवार की शाम अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में सदर थाना प्रभारी उतम कुमारी राय ने बताया कि उसके पिता बाहर में काम करते हैं। शनिवार की शाम उसकी मां भी घर पर नहीं थी। इसी बीच मानसिक तनाव में आकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। वही इस घटना के बाद पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

# गांव से लेकर शहर तक में लोड शेडिंग कर उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति



नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में पड़ रही उमस भरी भीषण गर्मी से बिजली पंखा, कूलर, एयर कंडिशनर, फ्रीज की जरूरत बढ़ गई है। इसके कारण बिजली की मांग हर एक घर में ज्यादा बढ़ गई हो जिसे पूरा करने में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों को पसीना छूट रहा है। पलामू जिले के मेदिनीनगर और छतरपुर आपूर्ति डिविजन को 100 मेगावाट बिजली मिल रही है। फिर भी गांव से लेकर शहर तक में लोड शेडिंग कर उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा रही है। मेदिनीनगर शहर में भी आठ से दस बार लोड शेडिंग करना पड़ रहा है। पलामू जिले में मेदिनीनगर और छतरपुर डिविजन को फिलवक्त करीब 150 मेगावाट बिजली की जरूरतछतरपुर क्षेत्र के दिनादाग निवासी व्यवसायी सनोज कुमार ने बताया कि एक तरफ गर्मी परेशान किया है तो दूसरी तरफ बिजली दुश्वारियां बढ़ा रखा है। हर दिन शाम को जब जरूरत होती है तब बिजली गुल हो जा रही है। पलामू जिला में सैकड़ों व्यवसाई ऐसे हैं जिनको बिजली के बिना काम रुक जाता है। बिजली नहीं रहने पर जर्नेटर का सहारा लेना पड़ रहा है। पंडवा क्षेत्र के किसान महेन्द्र महतो ने बताया कि बिजली बार-बार कटने के कारण गरमा फसलों की पटवन करने में परेशानी हो रही है। हरिहरगंज के व्यवसायी रॉबर्ट गुप्ता ने बताया कि लगातार लोड शेडिंग से कारोबारी से लेकर घरेलु उपभोक्ता तक खीझ गए हैं, चेतावनी के बाद भी निदान नहीं निकल रहा है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के मेदिनीनगर डिविजन के कार्यपालक अभियंता एसएन चौधरी ने बताया कि मेदिनीनगर डिविजन को 80 से 90 मेगावाट बिजली मिल रही है परंतु पीक आवर में लोड बढ़ जाने के कारण लोड सेडिंग करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में 20-21 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 15-16 घंटा बिजली मिल रहा है। छतरपुर डिविजन के छतरपुर सब-डिवीजन में कार्यरत कनीय अभियंता कुलवंत कुमार ने बताया कि छतरपुर को 30 मेगावाट बिजली की जरूरत है, लेकिन महज 10 मेगावाट बिजली मिल रही है। कम बिजली मिलने के कारण रोटेशन कर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली दी जा रही है। हुसैनाबाद में पदस्थापित कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की 27 मेगावाट की जगह पर शनिवार को महज नौ से 10 मेगावाट बिजली मिली।

### मेडिकल कॉलेज का यूपीएस 3 महीने बाद बना

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज का तीन यूपीएस 3 महीना बाद बना है। यूपीएस खराब हो जाने के कारण मेडिकल के छात्र-छात्राओं कई तरह के परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यूपीएस के खराब रहने से प्रोजेक्टर भी काम करना बंद कर दिया था। मेडिकल के छात्र छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही थी। अब तीन यूपीएस के ठीक हो जाने से वीडियो के माध्यम से भी पढ़ाई शुरू हो गई है। प्रोजेक्टर भी चालू हो गया है। यह जानकारी मेडिकल कॉलेज के कर्मी दीपक कुमार पांडे ने दी। उन्होंने बताया कि अब मेडिकल कॉलेज में मेदिनीनगर नगर निगम के पानी टैंकर से पानी नहीं लिया जा रहा है। नगर निगम यहां दो टैंकर पानी भेजा करता था, जो मेडिकल कॉलेज ने लेना बंद कर दिया है।

## सतर्कता

### मतगणना के लिए अधिकारी प्रतिनियुक्त, सीसीटीवी से होगी निगरानी

# मतगणना की तैयारियां पुख्ता... 28 मई से 1000 कर्मियों की शुरू होगी ट्रेनिंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 4 जून को मतगणना है। पलामू प्रशासन 4 जून के मतगणना के तैयारी में जुट गया है। 28 मई को 1000 मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण गिरवर स्कूल में दिया जाना है। 1000 मतगणना कर्मियों के प्रशिक्षण होना है। उनकी 40-40 की टोली बनाई गई है। यह जानकारी कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 1000 मतगणना कर्मियों की ट्रेनिंग सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम को 5 से 5:30 तक चलेगी। उन्होंने बताया कि मतगणना कर्मियों के टोली 40-40 की संख्या में ही होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मतगणना में पोस्टल बैलेट से प्राप्त मतों की गिनती कैसे कराई जाए। यह बताई जाएगी। जो मत प्राप्त हुए हैं, मत डाले गए हैं, उनके तौर तरीके और सावधानियां बताई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह उम्मीद की जा रही है कि मतगणना का काम से कम 19 चक्र होगी और ज्यादा से ज्यादा 23 चक्र। पलामू लोकसभा में 2427 मतदान केंद्र थे, जहां मतदान हुआ। अतः 4 जून के मतगणना में पोस्टल बैलेट के साथ-साथ 2427 मतदान केंद्रों के इवीएम में जो वोट किए थे, उनकी गिनती होगी। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने बताया कि एक मतगणना टीम में तीन अधिकारी होंगे। वह काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग सहायक और माइक्रो ऑफीसर वर्ग यह सारी काउंटिंग प्रतिक्रिया सीसीटीवी कैमरा केनिगरानी में की जाएगी। सबसे पहले मतगणना के दिन पोस्टल बैलेट की गिनती होती है और भारत के निर्वाचन आयोग क्रमशः एक मतगणना टीम ज्यादा से ज्यादा 500 पोस्टल बैलेट की गिनती कर सकते हैं। मतगणना की पूरी कार्रवाई वीडियोग्राफी से शुरू और संपन्न होती है। 4 जून के लिए जीएलए कॉलेज के स्थित बहुउद्देशीय परीक्षा हॉल को मतगणना का केंद्र बनाया गया है।



### डाल्टनगंज से नगर उटारी के बीच चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान

# लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में 234 बेटिकट यात्री धराये

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रेलवे धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन से नगर उटारी के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 234 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 90 हजार 585 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया। सीआईटी श्री पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊजार्वान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार की रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई । जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी । विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई बी गांगुली, कुमार अजय, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, एबी तिर्की, शशिकांत, बैकुंठ यादव, पीके नाथ के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

# 55 लाख से बन रहे उपस्वास्थ्य केंद्र में घटिया सामग्री का किया जा रहा प्रयोग

## ग्रामीणों ने कहा- सुधार नही होने पर करेंगे धरना-प्रदर्शन

■ राजी पंचायत भवन के समीप लगभग 55 लाख रुपये की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्र बनवाया जा रहा है संवेदक उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण में घटिया बालू, सीमेंट, ईट तथा छड़ लगा रहे है : मुखिया संतोष कुमार सिंह





**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के राजी उपस्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने पर ग्रामीणों में आक्रोश है। राजी मुखिया पति संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में अमर प्रताप मेहता, अशोक पटेल, लालू मेहता, बबलू पटेल, संजय सिंह, नारेंद्र सिंह, चितरंजन मेहता, दीनानाथ उरांव ने रविवार को उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर हंगामा भी किया। मुखिया पति संतोष कुमार सिंह तथा ग्रामीणों ने बताया राजी पंचायत भवन के समीप लगभग 55 लाख की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्र बनवाया जा रहा है। संवेदक उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण में घटिया बालू, सीमेंट, ईट तथा छड़ लगा रहे है। संवेदक रॉवाल्टी चुराने की उद्देश्य से बालू की जगह सस्ते रेट पर सोननदी से अवैध मिट्टी युक्त पाकी बालू मंगाकर उपयोग कर रहे है। साथ ही बताया संवेदक उपस्वास्थ्य केंद्र का दूसरे तले की छत की ढलाई कमजोर(सड़े गले) बांस के सेट्रिंग के सहारे करने वाले है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो जाने की संभावना है।

निर्माण कार्य में अनियमितता करने से रोकने पर संवेदक फर्जी केश में फंसा देने की धमकी देते है। इसी उद्देश्य से संवेदक बाहर से दो महिला को लाकर मुंशी बना रखे है। ताकि कोई कुछ बोल नहीं सके। एक माह पूर्व निर्माण कार्य में अनियमितता को देखते हुए गांव के ही अखिलेश उरांव रोकने आया था। संवेदक निर्माण कार्य में सुधार करने के बजाय खरौंधी पुलिस बुलाकर अखिलेश उरांव को 24 घंटा हाजत में बंद करा दिया था।

जिसके डर से कोई आज तक उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण स्थल पर नहीं आते है। जिससे संवेदक मनमानी करने पर उतारू हो गए है। अगर उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया तो हमलोग बाध्य होकर निर्माण स्थल के समीप धरना प्रदर्शन करेंगे। साथ ही ग्रामीणों ने गढ़वा सीएस से इसकी जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है।

इस संबंध में उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करवा रहे पियूष जायसवाल ने बताया पहले भी लोग इसी तरह का हल्ला किए थे। जांच के बाद सब ठीक हो गया था। लोगो का काम ही हल्ला करते रहना है।

## एक नजर

### मृतक के परिजनों को शिव शिष्य परिवार ने किया सहयोग



**चिनिया।** चिनिया प्रखंड मुख्यालय के सर्पदंश से मृतक अनिरुद्ध प्रसाद के परिजनों से शिव शिष्य परिवार गढ़वा के द्वारा परिजनों से मिलकर दुख के घड़ी में ढाढस बंधाया तथा मृतक अनिरुद्ध प्रसाद के पत्नी को 5100 का आर्थिक सहयोग किया। शिव शिष्य परिवार के लोगों ने कहा कि मृतक के आत्मा की शांति के लिए अच्छे तरीके से श्राद्ध कर्म करें। शिव शिष्य परिवार हमेशा इस दुख के घड़ी में परिजन के साथ है बताते चले कि लगभग 5 दिन पहले सीनियर प्रखंड मुख्यालय निवासी अनिरुद्ध प्रसाद 45 वर्ष की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। जिससे इस अचानक मौत से गांव में गम का माहौल हो गया था मौके पर डॉ राज किशोर प्रसाद, जमुना प्रसाद, रवि नंदू प्रसाद, रामाशीष कुमार, देव कुमार प्रसाद, गणेश प्रसाद, मनोज कुमार, सहित मृतक के परिजन मौजूद थे।

### श्री बंशीधर नगर में दो को सांप ने डसा

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल क्षेत्र के अलग अलग प्रखंडों में बीती रात सर्प दंश से दो लोग जख्मी हो गए। दोनो के परिजनों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया जहा चिकित्सक ने इलाज के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पहला घटना धुरकी थाना क्षेत्र में घटा जहा धुरकी निवासी 85 वर्षीय बलखौरी साव सर्प दंश से जख्मी हो गए। परिजनों ने बताया की घर के बाहर मच्छरदानी लगाकर सोए थे इसी दौरान मच्छरदानी में घुसकर विषैला साप काट दिया। जिसके बाद इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाए। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के अलकर गांव में घटा जहा स्व रतन घासी के 48 वर्षीय पुत्र राम सुंदर घासी सर्प दंश से जख्मी हो गई। घटना के बारे में परिजनों ने बताया की जंगल में बीड़ी पता का काम कर रहा था इसी दौरान विषैला साप ने दंश लिया। घटना के बाद परिजनों ने जख्मी राम सुंदर को पास के ही गांव में झाड़ फूंक कराया। इसके बाद स्थिति गंभीर होने पर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया जहा चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**चिनिया।** मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के क्रम में मौत हो गई परिजनों ने बताया कि 18 मई को चिनिया थाना क्षेत्र के बिलैतीखैर गांव निवासी दिलावर सिंह लगभग 40 वर्ष अपने ही गांव में मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गए थे। जिसे इलाज के लिए गढ़वा ले जाया गया था तथा वहां से चिकित्सकों ने रेफर कर दिया था जिनका इलाज डाल्टनगंज अस्पताल में चल रहा था । लगभग एक सप्ताह तक इलाज होने के बाद रविवार की उनकी अचानक तबियत बिगड़ी तथा मौत हो गई । वहीं इस मौत से गांव के लोग स्तब्ध हैं तथा परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है समाचार लिखे जाने तक शव घर नहीं पहुंचा था मृतक अत्यंत ही गरीब परिवार से था तथा घर का एकमात्र कमाउ सदस्य था। जिसके मृत्यु से अब परिवार वालों के सामने एक बड़ी विकट स्थितिउत्पन्न हो गई है।

## बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं मुकुंदपुर के ग्रामीण



**एजेंसी। केतार**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत संचालित केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना केतार प्रखंड में अनियमितता की भेंट चढ़ रही हैं। प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव के वार्ड नम्बर सात और वार्ड नम्बर 3 में लगी जलमीनार बेकार साबित हो रही है। ऐसे में गांव के ग्रामीणों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उक्त दोनों जलमीनार से 50 ग्रामीणों के घरों में नल से जल देना है। ग्रामीणों के घरों में नल लगाकर उनसे अधार कार्ड कि छायाप्रति दो माह पहले ही संवेदक द्वारा ले लिया गया है। लेकिन उनके घरों में पानी का एक बुंद भी नहीं पहुंचा है। ग्रामीण सतेश चौबे, हरिशंकर चौबे, राजनाथ साह, महेंद्र साह, चन्दन प्रसाद, राधिका देवी, अवध ठाकुर, सौरभ कुमार, भोलू ठाकुर, विवेक गुप्ता ने बताया की वार्ड नम्बर 7 में संवेदक द्वारा 50 फीट बोर कराया गया जो भरा गया है।जिस कारण जलमीनार के माध्यम से पानी घरों में नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने बताया की घरों में लगाया गया नल भी क्षतिग्रस्त होने लगा है।वहीं वार्ड नम्बर तीन मे तीन माह पहले राजा प्रसाद के घर के पास बोरिंग कर छोड़ दिया गया है, अब तक जलमीनार नहीं लगाया गया है। उक्त टोले में भी 20-25 घरों में पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने बताया की संवेदक और उनके मुंशी से इसका शिकायत करने पर आज कल कह कर टालमटोल किया जाता है। संवेदक जैसे तैसे कार्य कर सरकारी राशि बंदरबांट करने की फि राक में है। जबकि नल-जल योजना कार्य को देखने पीएचडी विभाग के अधिकारी कभी स्थल पर नहीं पहुंचे।इस सम्बन्ध में संवेदक के मुंशी गुडू खान ने कहा की बोरिंग वाहन नहीं मिलने के कारण बोर नहीं हो पा रहा है, प्रयास कर रहा हुं की जल्द बोरिंग कराकर ग्रामीणों के घरों में पेयजल पहुंच सकें।

## नागरिक सुविधाओं की आड़ में कमीशन वसूलने के लिए खरीदी गई मशीन हो रही कबाड़

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नपं में नागरिक सुविधाओं के लिये क्रय की गई महंगी मशीनों का लाभ नागरिकों को नहीं मिल रहा है। सारी मशीनें खड़ी खड़ी कबाड़ हो रही हैं। मशीनों का उपयोग नहीं होने से उनकी खरीद पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकार बताते हैं कि महंगे मशीनों का खरीद नागरिक सुविधाओं की आड़ में कमीशन वसूलने के लिये की गई है। नपं की ओर से शहर में लाईट लगाना हो, जलमीनार लगाना हो, वाहन या फिर मशीन की खरीददारी हो सबमें जबर्दस्त कमीशन खोरी हुई है। कमीशनखोरी के आगे शहरवासियों की सुविधाओं का तनिक भी ख्याल नहीं रखा गया।

कमीशनखोरी का आलम यह है कि नपं की ओर से लाखों रुपये की लागत से खरीदा गया सैप्टिक टैंक वाहन लावारिस की तरह ब्लॉक कैंपस में फेंका गया है। उक्त वाहन धूप, पानी और धूल फांककर खड़ा खड़ा कबाड़ा में तब्दील हो गया है। जबकि उक्त वाहन का एक दिन भी उपयोग नहीं किया गया है।

यहां बताते चले की नगर पंचायत की ओर से शहरवासियों की सुविधा के लिये एवं शौचालय टंकी की सफाई के लिये पांच वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से दो सैप्टिक टैंक वाहनों को खरीदा गया था। किंतु वाहनों के संचालन के लिये चालकों की नियुक्ति नहीं की गई। नतीजा शहरवासियों को उसका लाभ आज तक नहीं मिल सका। शहरवासी आज भी अपने शौचालय टंकी की सफाई के लिये गढ़वा, डाल्टनगंज या अन्य श्रोतों से अधिक पैसे देकर टंकी की सफाई कराने को विवश है। जबकि दोनों वाहन ब्लॉक कैंपस में लावारिस की हालत में फेंका हुआ है उसे देखने वाला कोई माई बाप नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि नगर पंचायत प्रशासन की ओर से उक्त वाहनों का क्रय जनहित के बजाय कमीशन के लिये किया गया है।



कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि शौचालय टंकी से निकले अपशिष्ट को डिस्पोज करने के लिये कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण शौचालय टंकी की सफाई नहीं हो पा रही है। जल्द ही प्लांट निर्माण के लिये टेंडर कर टंकी की सफाई शुरू किया जायेगा।

**कार्यपालक पदाधिकारी**

### अनमोल कॉम्प्लेक्स में मेगा मार्ट का हुआ शुभारंभ

**श्री बंशीधर नगर।** शहर के अनमोल कॉम्प्लेक्स में मेगा मार्ट का शुभारंभ किया गया। मार्ट का शुभारंभ विधायक भानू प्रताप शाही ने फीता काटकर किया। उस मौके पर विधायक ने कहा की मेगा मार्ट की शहर बहुत आवश्यकता थी। अब लोगों को एक छत के नीचे सभी आवश्यक समान मिलेंगे जो ग्राहकों के लिए अच्छा है।

## डीलर पीएन प्रसाद पर लगा खाद्यान्न कटौती का आरोप

**नवीन। डंडाई**

100 ग्राम प्रति किलो खाद्यान्न कटौती करने का आरोप लगा डीलर पारस नाथ प्रसाद के खिलाफ उनके लाभुकों ने एम ओ यशवंत नायक के पास लिखित सिकायत किया है। डीलर पर नियम संगत करवाई करने को लेकर एम ओ को दिए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि हम लोगों को जब से उनके द्वारा खाद्यान्न दिया जा रहा है तब से प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती कर ली जा रही है । काफी विरोध करने के बाद भी उनके द्वारा बिन कटौती किए हम लोगों को खाद्यान्न नहीं दिया जाता है। वहीं दिए आवेदन के माध्यम लाभुकों ने एम ओ को जानकारी दिया है कि एक नहीं दो तराजू के माध्यम वजन कर उनके द्वारा हम लोगों को खाद्यान्न देने का काम किया जाता है । साथ ही लिखा है कि हम सभी के आवंटन को उनके बजाय दूसरे डीलर के पास देकर वितरण कराया जाए ।लाभुकों ने तत्कालीक एम ओ चोनाराम हेंब्रम की रिपोर्ट का भी आवेदन में जिक्र कर वर्तमान एम ओ को जानकारी दिया है कि खाद्यान्न कटौती के आरोप में ही तात्कालिक एमओ के द्वारा उक्त डीलर की दुकान निलंबित करने की अनुसंस की गई थी ।उसके बाद दुकान निलंबन मुक्त होते ही उनके द्वारा फिर से हम लोगों को पूर्व की तरह 100 ग्राम प्रति किलो कटौती कर खाद्यान्न देना शुरू कर दिया गया है ।वहीं लाभुकों ने मामले की प्रतिलिपि डीएसओ रामगोपाल पांडेय को भी देने का काम किया है । आवेदन देने वालो में विजय प्रसाद,फुदनी देवी, सफीना खातून,प्रमिला देवी इत्यादि लाभुकों का नाम शामिल है। पूछने पर एम ओ जसवंत नायक ने बताया कि मामले को लेकर दुकानदार से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

## पाचाडुमर सरकारी बालू घाट पांच माह से बंद, बालू की किल्लत



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड क्षेत्र के पाचाडुमर गांव स्थित जेएसएमडीसी द्वारा संचालित एकलौते सरकारी बालू घाट पिछले चार-पांच माह से बंद पड़ा हुआ है। इस कारण प्रखंड क्षेत्र के लोगों को जहां बालू की किल्लत से जुझना पड़ रहा है। वहीं दुसरी तरफ अवैध बालू बेचने वाले लोगों की चांदी कट रही है।यहां सोन और पंडा जैसी नदियों के होने के वावजूद यहां के लोगों को निर्माण कार्य के लिए 30-40 किलोमीटर दूर खोखा बालू घाट से उच्ची कीमत पर बालू लाना पड़ रहा है। इधर पाचाडुमर बालू घाट पर चार-पांच महिनों से सन्नाटा पसरा हुआ है। यहां काम करने वाले कर्मचारियों के साथ दर्जनों मजदूरों भी बेरोजगार हो गये है। इधर 10 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी के कारण उत्खनन कार्य बंद हो जाता है। जबकि केतार प्रखंड के एकलौते बालू घाट पर अभी तक बालू उत्खनन और डंप का कार्य शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में यदि दस जून तक भरपूर मात्रा में बालू का स्टांक नही की जाती है तो उस अवधि के बाद 15 अक्टूबर तक पुनः बालू की किल्लत लोगों को झेलनी पड़ेगी। उल्लेखनीय है की पाचाडुमर सोन नदी में बालू का अकूत भंडार है। यदि यहां विभाग और संवेदक तत्परता दिखाते हुए 10 जून तक बालू का भण्डारण कर लिया जाता है तो प्रखंड के दर्जनों गांवों में बालू की किल्लत से निजात मिल सकेगी। साथ ही सरकार को लाखों रुपए राजस्व की प्राप्ति होती। फिलहाल प्रखंड के सात पंचायतों के अबुआ आवास योजना और सिंचाई कूप योजना के लाभुकों को बिचौलिए द्वारा महंगे दर पर बालू खरीदना पड़ रहा है।

## यूरिया नदी से बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू का किया जा रहा है खनन



**डंडाई।** थाना क्षेत्र के डंडाई यूरिया नदी से इनदिनों बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू का उत्खनन किया जा रहा है । वही उसे बाजारों में महंगे दरों पर ग्राहकों के हाथों बिक्री करने का काम किया जा रहा है । बालू का उत्खनन होने से एक तो नदी में फिट दो फीट से लेकर चार-पांच फीट तक की गहराई हो जा रहा है ।दूसरे में की उक्त नदी का अस्तित्व भी धीरे धीरे मिटते चला जा रहा है ।उसके अलावा स्थानीय माल मवेशियों के लिए भी वह गड्ढा बिल्कुल रूप से खतरा बन जा रहा है । जानकारी के अनुसार बालू माफियाओं के द्वारा दिन के उजाले में मजदूरों के माध्यम नदी से बालू छनवाने का काम करा लिया जाता है उसके बाद रात भर अपने-अपने ट्रैक्टरों के माध्यम बालू को उनके द्वारा ग्राहकों के घर तक पहुंचा दिया जाता है ।विदित हो कि इससे पूर्व बालू माफियाओं के द्वारा डंडाई के दानरो नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर बड़े पैमाने पर बिक्री करने का काम किया जा रहा था । लेकिन सीओ जसवंत नायक की बड़ी कार्रवाई के बाद वे सभी अब उक्त नदी के बजाय सीधे यूरिया नदी की और कुछ कर गए हैं । वहीं से उनके द्वारा अब प्रत्येक दिन बालू का उत्खनन करा रात्रि में उसे बेचने का काम किया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन



अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि,शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया इसके बाद सामूहिक रूप से नाम जप,सत्यानु शरण ग्रंथ,नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नन्दन सिन्हा ने कहा कि सभी मनुष्य के जीवन का आधार सत्संग ही है उन्होंने कहा कि प्रत्येक घरों में सत्संग होना चाहिये.सत्संग होने से घर की सभी दीवारें,छत एवं उसमे लगे सभी कण जागृत हो जाते हैं.उन सबों की आयु बढ़ जाती है।उन्होंने कहा कि सत्संग की महिमा का वर्णन नही किया जा सकता है ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि परिवार,परिवेश में सभी बालक बालिकाओं की शिक्षा, नारियों के बोध, वाक्य, चलन, चरित्र उनकी दक्षता से प्राप्त होती है इसलिये कहा जाता है कि नारी ही बच्चों की शिक्षा का आधार होती हैं उन्होंने कहा कि प्रत्येक नारी जितनी ही शिक्षित होंगी,उनके बच्चे उतनी ही शिक्षित होंगें। ऋत्विक डॉ कृति सुन्दर लाल ने कहा कि गुरु या सत में मन लगाने से ही आत्मा का उनय्यन होता है प्रत्येक आत्मा,परमात्मा का ही अंश होता है सभी प्राणियों में श्रेष्ठ मानव का शरीर पुनः प्राप्त करने के लिये वर्तमान पुरुषोत्तम का शरण ग्रहण करना चाहिये उनके सभी आदेशों का पालन करने से ही आत्मोन्नयन होता है.उन्होंने कहा कि हमे अपने गुरु व भगवान पर विश्वास करना चाहिये याजक राजकुमार दा ने कहा कि जीवन का आनन्द तभी प्राप्त होता है,जब जीवन मे श्री श्री ठाकुर जी गुरु के रूप में होते हैं। उनके आदेशों का पालन करने में जो आनन्द प्राप्त होता है,वह आनन्द किसी कार्यो में नही होता है सत्संग में प्रसाद की व्यवस्था शिक्षक जगनारायण सिंह के द्वारा किया गया था सत्संग में डॉ सोनम,अनिता देवी,सत्यवती देवी,कृतिका,वृंदा देवी,दीप माला,रीना जायसवाल, निर्मला जायसवाल, किरण देवी,आकांक्षा,पप्पू जायसवाल, जगनारायण सिंह,प्रकाश सिंह,शक्तिदास सिन्हा,धृतिदीप्त, विजय कुमार,सुजय कुमार,राहुल दा,संजय दा,भोला प्रसाद,श्रीकांत लाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### तीन माह से नहीं मिली पेंशन की राशि

**केतार।** केतार प्रखंड में वृद्धा पेंशन पिछले तीन माह से नहीं मिल रहा है। प्रखंड के विभिन्न गांवों के बुजुर्ग प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर बैंक व सीएसपी का चक्कर लगा रहे हैं। गौरी साह, चंद्रिका ठाकुर, चंद्रदेव ठाकुर, बैजनाथ साह, राम देव चौबे,देवपती कुंवर,बचीया कुंवर, यशोदा देवी ने बताया की प्रत्येक माह सरकार की ओर से 1000 रू प्रति माह मिलता है। जिससे दवा,इलाज और जरूरत के समान पर खर्च करते हैं। लेकिन पिछले तीन माह से पेंशन की राशि का भुगतान नहीं नहीं हुआ है। पेंशन की राशि निकालने के लिए प्रतिदिन केतार ग्रामीण बैंक में आते हैं लेकिन यहां बताया जाता है की राशि नहीं आई है।हर बार निराश होकर लौटना पड़ता है। विभाग से पेंशन मिलने से देरी होने से बुजुर्गों को परेशानी हो रही है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** गढवा मझिआँव सुंडीपुर मार्ग पर रविवार को खरसोता गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति पलामू जिले के ऊंटरी रोड थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी महेंद्र शर्मा का पुत्र दीपक शर्मा बताया गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया घटना के संबंध में घायल के पिता महेंद्र शर्मा ने बताया कि दीपक शर्मा का चाचा प्रसाद शर्मा काफी बीमार था। उसे खरसोता अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों द्वारा रेफर कर दिया गया था इसी दौरान प्रसाद शर्मा का रेफर पर्ची छूट गया था उसे एंबुलेंस में पहुंचने के लिए जा रहा था।इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल और नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे मझिआँव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### उपस्वास्थ्य केंद्रों पर विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंचे




**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में खुले उपस्वास्थ्य केंद्रों पर विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं। प्रखंड के अधिकांश केंद्रों पर ताले लगे रहते हैं। इसकी पोल रविवार को तब खुली जब राजी मुखिया पति संतोष कुमार सिंह के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्वास्थ्य केंद्र राजी पहुंचे। ग्रामीणों को उपस्वास्थ्य केंद्र राजी पर ताले लटके मिले। इन केंद्रों पर तैनात एएनएम, सीएचओ गायब मिले। जिससे ग्रामीणों तथा पंचायत प्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। अक्रोशित मुखिया पति संतोष कुमार सिंह ग्रामीण अमर प्रताप मेहता, अशोक पटेल, लालू मेहता, बबलू पटेल, संजय सिंह, नारेंद्र सिंह, चितरंजन मेहता, दीनानाथ उरांव ने बताया अस्पताल में कोई भी विभाग के कर्मचारी नहीं आते है। अक्सर यहां ताला लगा रहता है। जब से राजी उपस्वास्थ्य केंद्र पर सीएचओ अंजली पंडित का पदस्थापना हुआ है। तब से लेकर आज तक एक दिन भी सीएचओ केंद्र नही पहुंची है। जिसके चलते पंचायत के लोगो को इलाज के साथ आर्थिक दोहन हो रही है। पंचायत के दर्जनों ग्रामीण इलाज के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र आते है। लेकिन उन्हें यहां कोई नहीं मिलता जिससे मजबूरी में इलाज के लिए उन्हे खरौंधी जाना पड़ता है। इलाज के लिए खरौंधी या अन्य किसी जगह पर जाने से वहां उनका आर्थिक दोहन किया जाता है। जबकि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उपस्वास्थ्य केंदों के माध्यम से गरीब, असहाय, मजदूर, आदिवासी परिवारों को इलाज कराना था। लेकिन इन कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से सरकार के उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगो को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। अक्रोशित ग्रामीणों ने विभाग के पदाधिकारियों से इसे मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है। साथ ही कहा इनलोगों के कार्यशैली में सुधार नही हुआ तो बाध्य होकर ग्रामीण उपस्वास्थ्य केंद्र में ताला बंद करने का काम करेंगे।

# अतिक्रमणकारियों के कब्जे में महुआडांड़ मुख्य बाजार

## विभिन्न गांवों से आई हुईं आदिवासी सब्जी विक्रेता महिलाएं दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर

नवीन मेल संवाददाता।
महुआडांड़

प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य बाजार समेत मुख्य सड़कों पर दोनों ओर से अतिक्रमण कार्यों ने कब्जा कर रखा है। जिससे आए दिन शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसका खामियाजा राहगीरों एवं आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वही इस समस्या के निराकरण के लिए, स्थानीय प्रशासन के पास भी कोई इंतजाम नहीं है। प्रत्येक दिन दोपहर के बाद शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है जहां आवागमन में लोगों को भारी समस्या आती है इसका मुख्य कारण है दोनों तरफ से दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण। महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत कुल 106 गांव आते हैं। प्रखंड मुख्यालय होने की वजह से सभी गांव से ग्रामीण यहां के मुख्य बाजार पहुंचते हैं। कई वर्षों से प्रखंड प्रशासन एवं अधिकारियों के द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर कोई भी कार्रवाई नहीं किए जाने से अतिक्रमणकारियों का हौसला भी बुलंद है।





**मुख्य बाजार में बने सब्जी मंडी सेड पर भी अतिक्रमणकारियों का कब्जा**

महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष किसान जो की सब्जी की खेती कर बाजारों में बिक्री कर अपनी अर्थव्यवस्था चलाते आ रहे हैं। मुख्य रूप से प्रखंड की आदिवासी महिलाएं स्वरोजगार को अपना कर लंबे समय से अपने घर परिवार और बच्चों की पढ़ाई लिखाई में महत्वपूर्ण योगदान करती आ रही है। लेकिन इनका हौसला तब कमजोर होता है जब बाजारों में पहुंचने पर सब्जी बिक्री करने के लिए इन्हें जगह तक नहीं मिल पाती। बाजार पहुंचने के बाद ये डर-डर की ठोकर खाने को मजबूर होते हैं। मुख्य बाजार में 84 डिसमिल पर सेड बनाकर सरकार की तरफ से सब्जी मंडी के रूप में उपलब्ध कराया गया था। जिस पर कुछ दुकानदारों के द्वारा शेड के अंदर गुमटी अथवा सटरगेट लगाकर एवं अन्य तरीकों से अतिक्रमण कर लिया गया है।

**सरकारी सेड तोड़कर अवैध कब्जा करते हुए कर रहे हैं गुमटी का निर्माण**

मुख्य बाजार पर बने सरकारी सेड काफी जर्जर हो गए हैं जिसका लाभ उठाते हुए कई दुकानदार अवैध कब्जा करते हुए सेड को तोड़कर गुमटी अथवा शटर गेट लगाने का कार्य कर रहे हैं। जिस पर प्रखंड प्रशासन की पूरी तरह मौन है।

सब्जी विक्रेता संघ की आदिवासी महिलाओं ने तत्कालीन एसडीएम विपिन कुमार दुबे से बाजार में जगह दिलाने की मांग की थी। प्रखंड के विभिन्न गांवों से प्रतिदिन सैकड़ों आदिवासी पुरुष एवं महिलाएं सिर पर सब्जी की टोकरी लेकर बेचने पहुंचती हैं। जिन्हें सब्जी रखकर बचने के लिए स्थान तक नहीं मिल पाता। मुख्य बाजार पर 84 डिसमिल में बाजार शेड बना कर सरकार ने सब्जी मंडी उपलब्ध कराया था। जहां कुछ दुकानदारों के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। सब्जी मंडी नहीं होने की वजह से सब्जी विक्रेता सड़क पर बैठने को मजबूर होते हैं अपनी इसी परेशानी को देखते हुए शेड को अतिक्रमण मुक्त करते हुए जगह दिलाने की मांग इन्होंने तत्कालीन एसडीएम विपिन कुमार दुबे से की थी। जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने कृषकों को जल्दी बाजार में स्थान दिलाने का आश्वासन दिया था। साथ ही त्वरित कार्रवाई करते हुए अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा को निर्देशित करते हुए कहा कि बाजार में बने हुए शेड को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए अवैध तरीके से बाजार में रखे गुमटी अथवा अन्य तरीके से अतिक्रमण किए स्थान को अतिक्रमण मुक्त करते हुए सब्जी बिक्री करने के लिए बाजार दिलाए जाने का निर्देश दिया था।

## एक नजर

### हेरेनहोपा गांव में भूमि विवाद में मारपीट, दंपति घायल

**हेरहंज/लातेहार।** थाना सीमा क्षेत्र सटे बारियातु थाना क्षेत्र के हेरेनहोपा गांव भूमि विवाद को लेकर आज शनिवार को हुई मारपीट मे पति-पत्नी घायल हो गए ' घायलों में हेरेनहोपा गांव निवासी छठु यादव के पुत्र केदार यादव एवं केदार यादव की पत्नी लीला देवी शामिल है ' जिन्हे परिजनों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा इलाज किया गया। इस मारपीट की घटना में दोनों ही लोगों को सर और बदन में चोट लगी है।

### बहू को सास-ससुर ने पीट कर किया जख्मी

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मनसिंघा गांव में आज रविवार को घरेलू विवाद को लेकर सास ससुर ने पीट कर अपनी बहू को घायल कर दिया। उक्त बहू मनसिंघा गांव निवासी राजेश यादव की पत्नी सुनीता देवी है। जिसे पति द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा इलाज किया गया। मिली जानकारी के अनुसार घायल सुनीता देवी के पति घर पर नहीं थे कि ईसी बीच घरेलू विवाद को लेकर सास और ससुर ने उसके साथ मारपीट की। जिसमें सुनीता देवी के एक हाथ और बदन में चोट लगी है। वहीं पीड़िता ने बालूमाथ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है जिसके आधार पर बालूमाथ थाना पुलिस मामले की। नवीन कर रही है।

### मंत्री प्रतिनिधि ने की मुआवजा व आश्रितों को नौकरी देने की मांग

**कुंदा(चतरा)।** टीएसपीसी नक्सलियों द्वारा मारे गए, हिंदियाकला निवासी पंकज बिरहोर और उसके पिता की हत्या की निंदा मंत्री प्रतिनिधि व अन्य ने की है। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के प्रतिनिधि भोला प्रसाद व कांग्रेस नेता संजय साव ने सरकार व जिला प्रशासन से मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा व नौकरी दिलाने की मांग की है। बताया कि पांच वर्ष पूर्व पंकज बिरहोर की शादी हुई थी और दो छोटी बच्ची है। असमय पंकज के मौत से परिवार के भ्रणपोषण की समस्या उत्पन हो गई है। ऐसे में जीवन यापन के लिए नौकरी दिया जाए।

### हिंदियाकला में पुलिस पिकेट बनाने की मांग

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित हिंदियाकला में घटना के बाद मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने गांव में पुलिस पिकेट बनाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव में पूर्व से ही विभिन्न नक्सली संगठनों का वर्चस्व रहा है।

### कलश यात्रा के साथ पांडेयपुरा में महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ

**हंटरगंज(चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा में महारुद्र यज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकली गई। जिसमे आस-पास के गांव से हजारो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारम्भ हुआ और नगर भ्रमण करते हुए पाण्डेयपुरा छठ तालाब धरधरी पहुँचा, जहां पूरे विधि विधान से पूजनोपरांत कलश में जल भरकर कलशधारी पुनः यज्ञ मंडप पहुंचकर कलशों को स्थापित किया गया, इसके साथ ही 9 दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। वहीं भीषण गर्मी को देखते हुए कलश यात्रा भ्रमण के रास्ते में ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह शीतल पेयजल की व्यवस्था की गयी थी। बताते चले कि महारुद्र यज्ञ अगले नौ दिनों तक चलेगा।

### अज्ञात चोर घर में घुसकर 16000 नकद सहित अन्य सामान लेकर हुए फरार



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के जपुआ में बीते देर रात अज्ञात चोरों ने मिथिलेश दांगी के घर से फिल्मी अंदाज में घुसकर नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। बताया जाता है कि घर में मिथिलेश दांगी की पत्नी कंचन देवी अपने पुत्र के साथ थी। तभी देर रात पल्सर से नकाबपोश दो युवक घर के छत से हो कर घुस गए और घर में रखे सामान को बिखेरते हुए 16000 रुपया नगद व अन्य सामान लेकर फरार हो गए। साथ ही इस बीच चोरों ने मां-बेटे को हल्ला करने व चिलाने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इस बाबत कंचन देवी ने थाना में आवेदन देकर चोरी की प्राथमिक की दर्ज कराई है। इधर पुलिस मामले की जांच करते हुए चोरों के धर पकड़ को लेकर कार्रवाई करने की बात कही है।

### टीएसपीसी नक्सली की गिरफ्तारी, आवास निर्माण में लेवी नहीं देना पंकज को पड़ा भारी

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत अति नक्सल प्रभावित हिंदियाकला निवासी पंकज बिरहोर और उसके पिता को पुलिस का साथ देना और आवास निर्माण में लेवी नही देने की कीमत जान देकर चुकानी पड़ी। मृतक के भाई के अनुसार जिले के पूर्व उपायुक्त अबु इमरान गांव गए थे उसी दौरान उन्होंने गांव में जरूरत के मुताबिक, 10 बिरहोर परिवारों को बिरसा आवास दिया था। जिसकी देखरेख मृतक और उसका भाई कर रहे थे। इसी दौरान टीएसपीसी के नक्सलियों के छह सदस्यों का दस्ता गांव में पहुंचकर प्रत्येक आवास से दस हजार रुपए लेवी (रंगदारी) की मांग की थी। जिसका विरोध करते हुए पंकज और उसके भाई ने ग्रामीणों के सहयोग से दस्ते में शामिल हथियारबंद उग्रवादी मंटू गंझू को पकड़कर हथियार के साथ पुलिस के हवाले कर दिया था और उस समय से ही मंटू गंझू को पुलिस के हवाले किए जाने से नक्सली नाराज थे। वहीं पुलिस अधिकारी मुख्यालय के निर्देश पर सुरक्षा कारणों से घटनास्थल पर नहीं पहुंचने की बात कही है। हालांकि मामले में एसपी विकास कुमार पांडेय ने कहा है कि पिता-पुत्र की हत्या की घटना में संलिप्त नक्सलियों के धर-पकड़ को लेकर क्षेत्र में घेराबंदी की जा रही है।

### मंत्री प्रतिनिधि ने की मुआवजा व आश्रितों को नौकरी देने की मांग

**कुंदा(चतरा)।** टीएसपीसी नक्सलियों द्वारा मारे गए हिंदियाकला निवासी पंकज बिरहोर और उसके पिता की हत्या की निंदा मंत्री प्रतिनिधि व अन्य ने की है। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के प्रतिनिधि भोला प्रसाद व कांग्रेस नेता संजय साव ने सरकार व जिला प्रशासन से मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा व नौकरी दिलाने की मांग की है। बताया कि पांच वर्ष पूर्व पंकज बिरहोर की शादी हुई थी और दो छोटी बच्ची है। असमय पंकज के मौत से परिवार के भ्रणपोषण की समस्या उत्पन हो गई है। ऐसे में जीवन यापन के लिए नौकरी दिया जाए।

# पंचायत सहायक का सम्मान समारोह संपन्न, संगठन की मजबूती पर जोर

नवीन मेल संवाददाता।
लातेहार



लातेहार स्थित होटल बिलिस परिसर में रविवार को पंचायत सहायकों का जिला स्तरीय पंचायत सहायक मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव युगल किशोर प्रसाद, प्रदेश कोषाध्यक्ष बालगोविंद महतो ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि प्रखण्ड से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन को मजबूत करना है, इसी उद्देश्य के साथ सभी जिलों में पंचायत सहायकों को एकजुट करने का काम किया जा रहा है। वैसे पंचायत जो अथार्भाव में काम छोड़ चुके हैं, उन्हें भी जोड़ने जोड़ने का काम संगठन कर रहा है। वैसे पंचायत सहायक जो अब तक छूटे हुए हैं, वे अपने प्रखण्ड अध्यक्ष से मिलकर अपना नाम जुड़वाए। आगे कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद संगठन आगे की वार्ता के लिए सरकार के साथ बैठेगी व अपनी 7 सूत्री मांगो को रखने का काम करेगी। इस दौरान 252 दिनों की लंबी लड़ाई लड़ने के बाद पंचायत स्वयं सेवकों को पंचायत सहायक के रुप मे नया पहचान देने पर सरकार को साधुवाद भी दिया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम में सम्मिलित हुए अतिथियों का जिला कमेटी के द्वारा अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर गढ़वा जिलाध्यक्ष लव कुश प्रजापति, सचिव विवेकानंद चौबे, पलामू जिलाध्यक्ष राम निवास तिवारी, लातेहार जिला सचिव राजू कुमार, कोषाध्यक्ष राज कुमार, चंदवा प्रखण्ड अध्यक्ष राजन कुमार, राहुल कुमार, लातेहार प्रखण्ड अध्यक्ष राजदीप कुमार समेत पूरे जिले के सिकड़ो पंचायत सहायक मौजूद थे।

### नशा उन्मूलन को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**सिमरिया(चतरा)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देश पर रविवार को सिमरिया प्रखंड के जांगी में नशा उन्मूलन पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद एवं रंजन कुमार मिश्रा द्वारा नशापान से सामाजिक, आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक हानि से संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि अधिकांश अपराध नशा सेवन के बाद ही होते हैं। नशा की आदत से छुटकारा पाने के लिए पुनर्वास केंद्र एवं नशा मुक्ति केंद्र की व्यवस्था सरकार ने की है। नशा का सेवन करने वाले व्यक्ति के परिवार की स्थिति ठीक नहीं रहती है। युवाओं में नशे की लत एक गंभीर समस्या बन गई है। देश में नशीली दवाओं का खतरा बढ़ गया है जो चिंता का विषय है।

### दबंगों की सहमति लिए बिना बोरवेल कराना बुजुर्ग को पड़ा भारी, मारपीट कर काम कराया बंद



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के खेल्हा गांव में रविवार को बोरवेल करा रहे 55 वर्षीय बुजुर्ग व उनके परिजनों के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला वृंदा-सिसई कोल परियोजना क्षेत्र अंतर्गत खेल्हा का है। भीषण गर्मी के कारण पेयजल संकट से जूझ रहे जुगेश्वर राणा को बोरवेल कराना महंगा पड़ गया। इस मामले में भुक्तभोगी ने वृंदा निवासी उदय वर्मा पिता गोपाल वर्मा व खेल्हा निवासी जगदीश महतो पिता रुदन महतो के विरुद्ध स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की है। जिसमें बाजबरन कार्य को रुकवाने, दो लाख की लेवी मांगने, मारपीट कर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के आरोप लगाये गये हैं। आवेदन में कहा गया है कि आरोपियों ने पुलिस को सूचना नहीं देने तथा एक सप्ताह के अंदर दो लाख रुपए नहीं देने पर जान से मारने की चेतावनी दी है। जिसपर भुक्तभोगी ने पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करते हुये सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर के साथ चालक गिरफ्तार, मामला दर्ज

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत धमनाटांड़ जंगल से अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर के साथ चालक धुर्वा उरांव को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उपरोक्त कार्रवाई थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव को मिली गुप्त सूचना पर एसआइ उपेन्द्र सिंह द्वारा करते हुए अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर के साथ चालक को पकड़ा गया।

# ट्रैक्टर चालकों की मनमानी से परेशान हैं राहगीर

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। इसी कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। खास कर ट्रैक्टर चालकों की मनमानी के कारण दुर्घटनाओं की आशंका अधिक बढ़ गयी है। इनकी मनमानी के कारण राहगीर व वाहन चालक खासे परेशान हैं। हकीकत तो यह है कि अधिकांश ट्रैक्टर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है और बिना लाइसेंस के ही वे सड़क पर ट्रैक्टर को सरपट दौड़ाते हैं। हकीकत तो यह है कि ट्रैक्टर में काम करने वाले मजदूर ही बाद में चालक बन कर स्टीयरिंग थाम लेते हैं। इन ट्रैक्टरों में उच्चे स्वर में गीत बजते रहते हैं, जिस कारण चालकों को पीछे से चल रहे वाहनों का हार्न तक सुनायी नहीं पड़ता है। नाबालिगों को भी ट्रैक्टर चलाते देखा जा सकता है। ट्रैक्टर का निबंधन कृषि के लिए और कार्य व्यवसायिक जानकारी के अनुसार अधिकांश ट्रैक्टरों का निबंधन कृषि कार्य हेतु है, लेकिन उनका व्यवसायिक प्रयोग कर सरकार को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। अधिकांश ट्रैक्टरों के ट्राली का लाइसेंस नहीं है। बावजूद ट्रैक्टरों में ट्राली लगा कर धड़ल्ले से ईंट, बालू एवं अन्य सामग्रियां ढोयी जा रही है।



### झालसा के निर्देश पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**मयूरहंड(चतरा)।** झालसा रांची के निर्देशानुसार पीएलभी दयानंद शर्मा एवं मुजाहिर हुसैन के संयुक्त नेतृत्व में मयूरहंड प्रखंड के करमा बिरहोर टोला में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से लोगों को नशा उन्मूलन 2015 के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही परिवार व समाज में पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। इसके अलावे बच्चों को शिक्षा व वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं तथा 15100 टॉल फ्री नंबर पर विधिक सलाह हेतु प्रेरित किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय मामलों को समाप्त करने की भी सलाह दी गई।

### अंजुमन फरोग-ए-उर्दू का प्रतिभा सम्मान समारोह नौ जून को

**बालूमाथ।** बालूमाथ के प्रतिष्ठित मौलाना डॉ इकबाल नैयर कासमी की स्मृति में इस साल भी मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में सफल छात्रों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा. अंजुमन फरोग-ए-उर्दू आगामी नौ जून को शहर के होटल कजरिया में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को सम्मान देगी। इस समारोह में लातेहार जिला के वैसे छात्रों को सम्मानित किया जायेगा, जिसने मैट्रिक या इंटरमीडिएट में उर्दू विषय में 60 प्रतिशत या उससे अधिक नंबर प्राप्त किया हो। अंजुमन फरोग-ए-उर्दू बालूमाथ के इंचार्ज हाफिज अल्फताह इकबाल ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में राज्य के प्रतिष्ठित उर्दू अदब के विद्वान शामिल होकर छात्रों के समक्ष उर्दू विषय की खूबसूरती पर व्याख्यान देंगे।

## न्यूज बॉक्स

### स्वास्थ्य उपकेंद्र मकरा में किया गया मासिक टीकाकरण



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के स्वास्थ्य उप केंद्र मकरा में शनिवार को जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को टीका करण किया गया। टीकाकरण में एएनएम अर्चना हस्सा स्वास्थ्य सहिया किरन्ति देवी मुख्य भूमिका निभा रहे थे। टीका करण के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एएनएम अर्चना ने बताया की जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को कई गंभीर बीमारी से बचाव के लिए समय समय पर टीका लगाया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पोषक क्षेत्र के बच्चों व गर्भती महिलाओं को टीटी, पेंटा, बिसीजी, डीपीटी, खसरा, बुस्टर,पोलियो,विटामिन दवा सहित जरूरत के मुताबिक अन्य सुविधा दिया जाता है। आसपास के सभी ग्रामीणों से समय समय पर टीका लगवाने का भी आग्रह किया।उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुषों को स्वास्थ्य सम्बंधित कई जानकारी भी दिया गया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण महिला मौजूद थे।

### सिबला पंचायत के भाटचतरा गांव में स्वास्थ्य विभाग ने की पीएलए बैठक



**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा गांव में स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में सहिया साथी गौरी देवी की अध्यक्षता में पीएलए बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सहिया पूनम देवी ने उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को पोषण सम्बंधित जानकारी दिया। वहीं हरा सब्जी, दाल, हरे पति की साग सहित शारीरिक पोषण से सम्बंधित विस्तृत चर्चा किया। हरा शब्जी व फल खाने से फायदे, अंडा मछली व मांश फायदे के बारे में भी कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया।मौके पर अस्मिता देवी, गीता देवी, यशोदा देवी, सुनीता देवी, मालो देवी, रिंकी देवी, प्रीति कुमारी, रवीना कुमारी, सुमन देवी, कविता देवी, तुलसी माहतो, पपु यादव, मनीषा देवी, राजमनी मसोमात, अंशु कुमारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### मिनी ट्रक और टैंकर की आमने-सामने टक्कर में बाल-बाल बचे लोग



**मनिका (लातेहार)।** मनिका थाना क्षेत्र के नामुदाग में रांची - डाल्टनगंज मुख्य सड़क में दो वाहनों के बीच टक्कर हो गया। जिस तरह से दुर्घटना हुई उससे हर कोई हैरत में है। बताया जाता है कि घटना शनिवार रात्रि 1:00 बजे की है वाहन तेज रफ्तार में था और इसी क्रम में दोनों गाड़ियों की आमने-सामने टक्कर हो गई ट्रक टक्कर के साथ सड़क किनारे स्थित एक खपर पोस-मिट्टी के घर में घुस गया। घर पर कई लोग सोए हुए थे। घर का दीवार आदि टूट गया। घर का सामने का भाग पुरी तरह ध्वस्त हो गया। गनीमत रही कि दीवाल से टकराने के बाद मिनी ट्रक दीवाल में फस गई, अन्यथा जान माल का नुकसान हो सकता था। घटना के बाद मनिका थाना पुलिस घटना सर पर पहुंच अग्रसर कार्रवाई में जुट गई है। घटना को लेकर आप पास क्षेत्र में चर्चा है।

### रुद पहाड़ में फांसी से झूलता युवक का शव बरामद



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत रुद ग्राम स्थित बड़का पहाड़ में बरगद के पेड़ से फांसी में लटकते युवक का शव को पुलिस ने बरामद किया. शव की पहचान फूलसु ग्राम निवासी नागेश्वर प्रजापति के पुत्र अंगध प्रजापति (20) वर्ष के रूप में की गई। मिली जानकारी के मुताबिक रुद के बड़का पहाड़ में बरगद के पेंड़ में लाल रंग के छिट्टा साड़ी से फांसी लगाकर युवक को झुलता देखा गया इसकी जानकारी बारियातू थाना को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर ग्रामीणों के सहयोग से शव को पेंड़ से निचे उतारा गया। पुलिस शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। मृतक युवक कुछ दिन पूर्व से बचरा ग्राम में बहन के घर पर रह रहा था। अचनाक सुबह 4 भोर से गायब हो गया था। आत्म हत्या के कारणों को पुलिस जाँच कर रही है। इस तरह के अचनाक हुए घटना से परिजनों में मातम पसर गया है।

### बस-ट्रक की टक्कर में दर्जनों घायल


**चंदवा।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर रुद गांव स्थित होटल एंजेल के समीप रविवार की दोपहर बाद दीप ज्योति नामक यात्री बस और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गयी जिससे बस में सवार दर्जनो यात्री घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा कुमारी, डॉ मनोज कुमार ने सभी घायलों का इलाज किया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गयी। घायलों में दिलीप कुमार,महानंद सिंह,उज्जवल सिंह,अरुण कुमार, प्रियंका कुमारी,मंजू देवी,जीरा देवी,पंच देव,देव कुमार,अशोक कुमार,अजित कुमार,रीना देवी, बंधाई देवी समेत दर्जनाधिक लोग शामिल हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि चंदवा से डाल्टेनगंज की ओर जा रही दीप ज्योति नामक यात्री बस जैसे ही रुद गांव के समीप स्थित एजेंल होटल के समीप पहुँची ही थी कि विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गयी जिसमे दर्जनों यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सूचना पाकर चंदवा पुलिस घटनास्थल पहुंची और सड़क जाम को हटवाया जिसके बाद आवागमन बहाल हुई।

# दुर्घटनाओं और मौत की संख्या बढ़ी, अभिभावक चिंतित

- *जनवरी 24 में 29*
- *जनवरी 23 में 22*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला में इन दिनों, नशे में धुत्त होकर तेज रफ्तार बीना हेलमेट के वाहन चलाने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस साल जनवरी महीने में गुमला में सड़क दुर्घटना में 29 लोगों की मौत हुई जिसमें अधिकतर किशोर व युवा हैं। सवाल उठता है इसके लिए जिम्मेदार कौन है? वास्तव में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के कारण परिजन, अभिभावक और शुभचिंतक के साथ ही जिला प्रशासन भी इससे काफी चिंतित है। गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह समय-समय पर दुर्घटना कम करने व इससे बचाव संबंधि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं। बावजूद इसके कोई उत्साहजनक परिणाम नहीं मिल रहा है। पूरी जानकारी होने के बावजूद अभिभावक चाहे-अनचाहे नाबालिग और किशोरों के हाथ दो पहिया वाहन थमा रहे हैं और तेज रफ्तार के चक्कर में ये बच्चे दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना ये अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। वहीं एनएच पर चलने वाले बड़े वाहनों से भी रोज दुर्घटना की खबर मिलती रहती है।



### नशापान दुर्घटना का बड़ा कारण

*अधिकर* दुर्घटना के पीछे नशे में ड्राईविंग का एंगल निकल कर सामने आ रहा है। जिले के स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों के बीच चरस ,गांजा, भांग, अफीम, हेरोइन, ब्राउन शुगर आदि का चलन बढ़ता जा रहा है। नशा के सौदागर और तस्करों के गिरोह द्वारा सुनियोजित तरीके से युवाओं और किशोरों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें नशे का आदि बनाया जा रहा है। जब तक माता-पिता और अभिभावक इस ओर सचेत नहीं होंगे तो खतरा बढ़ता जाएगा।

### हाल के दिनों में हुई दुर्घटनाएं

*गुमला* जिला अंतर्गत अल्बर्ट एक्का जारी थाना स्थित चैनपुर रोड़ पर अचानक सड़क में कुत्ता दोड़ने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल, एक रांची रिम्स रेफर, गुमला सदर थाना स्थित करौंदी में सड़क पार करते वक्त एक व्यक्ति को बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर दोनों घायलों को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती करवाया गया हैं, गुमला जिला अंतर्गत पालकोट थाना स्थित बिलिंग बिरा रोड़ पर स्कूटी से गिरकर दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल, गुमला सदर अस्पताल में भर्ती, गुमला जिला अंतर्गत सिसई थाना स्थित मारा सिली के समक्ष सड़क में एकाएक कुत्ता के दौड़ने के कारण बाइक सवार युवक गिरकर हुआ गंभीर रूप से घायल, इस तरह की समाचार अब आम बात हो गई हैं और लोगों उक्त घटनाओं में परिवार और परिजनों को छोड़कर कोई ध्यान भी नहीं देता हैं।

**गुमला जिला अंतर्गत पालकोट बिलिंग बिरा रोड पर स्कूटी से गिरकर दो लोग हुए घायल**

## न्यूज बॉक्स

### मरीजों की समस्या पर उपाधीक्षक से गुमला चैंबर ने की मुलाकात



**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल गुमला सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर से मिलकर स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न समस्याओं को रखा। जिसमें प्रमुख रूप से डॉक्टरों की कमी के साथ-साथ रोगियों के समुचित इलाज हेतु बेड की संख्या बढ़ाने पर बात की गई। इसके साथ-साथ पेइंग वार्ड के कमरों की संख्या बढ़ाने पर भी चेम्बर के अधिकारीयों ने बातें रखी। इसपर उन्होंने जानकारी दिया कि यह सभी आपकी पुरानी मांगे हैं, इसलिए अविलंब बेड की संख्या को बढ़ाकर इसकी संख्या 11 कर दी गई है, एवं साधारण बेड की संख्या पर उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर के बगल में महिला कॉलेज परिसर खाली है। इस पर उपायुक्त महोदय से बातचीत के पश्चात कुछ ठोस निर्णय लिया जाएगा। डॉक्टर अनुपम किशोर ने स्वयं अस्पताल परिसर में चेंबर के पदाधिकारी को घुमाया एवं विभिन्न विषयों की जानकारी दी। साथ ही पाया गया कि मरीजों की समस्या पर डॉक्टर किशोर स्वयं एक्टिव होकर ज्वलंत समस्याओं का निदान करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल में राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, बबलू वर्मा, मुनीलाल साहू, प्रणय कुमार एवं इम्तियाज मिनी शामिल है।

### घाघरा में किशोरी ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र निवासी घाघरा बस्ती की रहने वाली एक 16 वर्षीय नाबालिक किशोरी ने रविवार की सुबह कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर होती स्थिति देख घरवाले उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार किशोरी सुबह 9:00 बजे ट्यूशन से घर लौटी। इसके बाद अपनी चाची की एक वर्षीय बच्ची के साथ खेल रही थी। तभी उसकी मां कुछ काम करने को बोली जिसे वह अनसुनी कर दी। इसके बाद मां ने काम नहीं करने को लेकर उसे डांट लगाई। तभी किशोरी ने घर में रखें दीमक मारने वाला पाउडर का सेवन कर लिया।

### हिंदू जागरण का कार्यकर्ता चिंतन शिविर हुआ संपन्न



**सिसई।** सिसई प्रखंड के पिलखी मोड़ में हिन्दू जागरण का कार्यकर्ता चिंतन शिविर संपन्न हुई। जिसमे प्रांत के संयोजक एवं मुख्य अतिथि ऋषिनाथ साहदेव ( पालकोट राजपरिवार) ने लोगों को जागरूक करते हुए धर्मांतरण,लव जिहाद, जमीन जिहाद, जैसे अनेक समस्याओं पर चर्चा किया एवं उससे निपटने के लिए मार्गदर्शन किया। जिला संयोजक उदय कुशवाहा ने प्रखंड समिति का विस्तार करते हुए 18 नए कार्यकर्ताओं को दायित्व देकर जिम्मेवारी दी। बैठक में प्रांत परावर्तन प्रमुख संजय कुमार वर्मा, वाणी कुमार राय, भीखा उरांव, अशोक वर्मा,मुकेश ताम्रकार, जिला सह संयोजक उदय कुशवाहा, विनोदानंद पाठक, एवं इंद्रपाल भगत, सोमेश्वर उरांव , रिचर्डसन एक्का , गंगोत्री कुमारी, दिनेश साहू, जस्सी मुंडा,कर्मपाल उरांव,संतोष सोनी, बिपिन सिंह,पूनम सोनी,दिनेश सोनी बीरेंद्र केवट, करण गोप, दीपक गोप, केशव गोप,विष्णु राम, कुलदीप सिंह,विश्वकर्मा गिरी,रामनारायण दास, रघुनंदन सिंह, राजेश देवघारिया,दिनेश उरांव, फगुआ उरांव, दिलीप पहान, मंगरा उरांव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्म समापन के पश्चात सभी लोगों ने समरसता भोज का आनंद लिया।

## एक नजर

### जहरीला सांप काटने से बच्चे की मौत

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के कसपुर नावाटोली निवासी मंगरा उरांव के 8 वर्षीय पुत्र अमन उरांव की मौत जहीरले सांप के काटने से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को मंदिर के समीप बच्चा अपने साथियों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान अचानक विषैले सांप ने काट लिया । बच्चा घर आया और उल्टी करने लगा। इशारे में परिजनों को बताया कि उसे सांप ने काट लिया। परिजनों द्वारा तत्काल भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहाँ इलाज के क्रम में बच्चे की मौत हो गई। इधर बच्चे के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत, बंधाया ढांढ़स

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के ग्राम गंगुपाड़ा के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता श्याम उरांव का भतीजा संतोष उरांव उम्र 24 वर्ष विगत रात्रि को सोते समय उसको सांप काट दिया था। परिजनों ने उसे लेकर सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया था। सदर अस्पताल ने बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर किया गया था जहां इलाजरत उसकी मृत्यु हो गया था। जानकारी मिलते ही लोहरदगा लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत गंगुपाड़ा गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किये तथा कहे की इस दुख के घड़ी में वे शोकाकुल परिवारों के साथ है। श्री भगत ने कहा कि आपदा विभाग से सांप काटने पर परिजनों को 4 लाख देने का प्रावधान है । उनके परिजनों को 4 लाख आपदा विभाग से दिलाया जाएगा। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू भी थे।

## भक्सो जतरा मैदान में ऐतिहासिक पड़हा जेठ जतरा का आयोजन

# जतरा मेला आदिवासी समाज का पारंपरिक त्यौहार है : डॉ रामेश्वर

- *हमें अपनी सभ्यता संस्कृति को संरक्षित रखना होगा : मंत्री रामेश्वर उरांव*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** रविवार को लोहरदगा प्रखंड के ग्राम भक्सो जतरा मैदान में ऐतिहासिक पड़हा जेठ जतरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। आयोजनकर्ता के द्वारा डॉ रामेश्वर उरांव का स्वागत किया गया एवं आदिवासी वेशभूषा देकर उन्हें सम्मानित किया गया। ऐतिहासिक पढ़हा जतरा भक्सों में आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। विभिन्न गांव से आए खोड़हा के द्वारा आदिवासी संस्कृति का प्रस्तुति की गई। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा जतरा मेला आदिवासी समाज का पारंपरिक त्यौहार है। जतरा प्रेम एवं सद्भाव का प्रतीक है। इस प्रकार के मेला से सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक,और भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। वर्तमान समय में हम सभी को मिल कर अपने संस्कृति,सभ्यता का रक्षा करनी एवं आने वाले समाज के युवा पीढ़ी को जागरुक करने की जरूरत है। हमे अपने संस्कृति में पूर्वजों का देन को संरक्षित रखना होगा। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सुखदेव उरांव, बिरेंदर उरांव, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, सत्यदेव भगत, ठाकुर प्रसाद, जुगल भगत,आयोजन समिति के अध्यक्ष बिहारी भगत, सचिव बिरेंदर उरांव, उपाध्यक्ष मनोज भगत, संदीप उरांव, कोषाध्यक्ष शुकरु उरांव, बालकुमार उरांव, गोसाई भगत, हरी भगत, शंकर उरांव, खादिया उरांव समेत अन्य मौजूद थे।




### मंत्री ने कहा, आदिवासी समाज के विकास के लिए कर रहे हर संभव प्रयास

**हमारी** पारंपरिक त्योहार को धूमधाम से आज मनाया जा रहा है इस त्योहार से हमारे समाज में प्रेम एवं सद्भाव बढ़ती जा रही है। जतरा मेला में आए विभिन्न गांव से खोड़हा दल के द्वारा किया जा रहा ढोल, नगाड़ा, गीत संगीत का प्रस्तुति मनमोहक दृश्य है। यही हमारी आदिवासी समाज की पहचान है। हमारे द्वारा अपने संस्कृति एवं सभ्यता को संरक्षण हेतु लोहरदगा विधानसभा अंतर्गत लगभग 170 अखड़ा का निर्माण किया गया है। साथ अन्य अखड़ा निर्माण कार्य प्रगति में है। आदिवासी संस्कृति का एक अंग वाद्ययंत्र है इससे बढ़ावा देने के लिए पूरे लोहरदगा विधानसभा में कुल 300 मांदर एवं नगाड़ा का वितरण किया गया है। इसके साथ ही हमारे समाज एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सामूहिक पड़हा भवन, धुमकुड़िया भवन, एवं कला संस्कृति भवन का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके निर्माण से हमारे समाज एकत्रित होकर कार्य कर सकेंगे।

### लरंगो बाजार के समीप दो बाइक की सीधी भिड़ंत में 3 लोग घायल, लाया गया सदर अस्पताल

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना क्षेत्र स्थित लरंगों बाजार के समीप दो बाइक की सीधी भिड़ंत में हलमाटी निवासी 30 वर्षीय सोमा उरांव, बारीडीह निवासी 16 वर्षीय जितेंद्र उरांव और सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़गांव चंदवा निवासी 21 वर्षीय विदेश उरांव घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत तीनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमा और जितेंद्र एक ही बाइक से लरंगो बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इधर विदेश अपने एक दोस्त को सहजाना गांव छोड़कर सेनहा लौट रहा था। तभी लरंगो बाजार के समीप दोनों बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। घटना में जितेंद्र और सोमा के पैर में काफी चोट लगी जबकि विदेश के चेहरा हाथ पैर सहित शरीर के कई हिस्से में चोट लगी। बताया जाता है कि विदेश उरांव शराब के नशे में था। सभी का सदर अस्पताल में चल रहा है।

## देवदरिया में स्कूल जाने वाली सड़क वर्षों से खराब



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड के देवदरिया पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवदरिया जाने वाली करीब दो किलोमीटर सड़क कच्ची होने के कारण स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानी हो रही है। स्थायी ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों यह सड़क कच्ची मिट्टी होने के कारण स्कूली बच्चों को स्कूल आने जाने में काफी परेशानी होती है। पंचायत समिति सदस्य सुनील टोपनो का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए जिला प्रशासन को कई बार आवेदन किया गया है परंतु अब तक कोई उचित पहल नही किया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि जंगलवर्ती क्षेत्र है और बरसात के दिनों में बच्चों को स्कूल आने जाने में अनेकों प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ता है ग्रामीण सड़क निर्माण का मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। चुनाव मे नेता आते है बड़े-बड़े आश्वासन देते है लेकिन फिर वही दुभर जीवन जीने को मजबूर हो जाते है।

## दो दिवसीय गुमला धर्मप्रांतीय कैथोलिक सभा की 28वीं वार्षिक आमसभा का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर के संत जोन चर्च परिसर में गुमला धर्मप्रांतीय काथलिक की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें गुमला धर्मप्रान्त के नौ भिखारिएट के लोग शामिल हुए कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चैनपुर पल्ली पुरोहित फॉ जेबेरियानुस किंडो ने बताया कि वार्षिक आमसभा की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। दो दिनी आमसभा में हजारों की संख्या में पल्लियों के सदस्य शामिल होंगे 25 मई को कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे किया गया जिसके बाद शाम 6 बजे कमेटी की बैठक के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सभी पल्लीयो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इसमें गुमला धर्मप्रांत के सभी भिखारिएट की नेत्रियों द्वारा भिखारिएट के झंडा के साथ मुख्य अतिथि गुमला धर्मप्रांत के बिशप लीनुस पिंगल एक्का समेत अन्य अतिथियों को स्टेज तक लाया गया, जहां बिशप लीनुस पिंगल एक्का संत पापा का झंडोत्तोलन किए। इस दौरान सामूहिक रूप से संत पापा का गीत गाया। इस बीच चैनपुर पल्ली पुरोहितों के द्वारा बाइबल पाठ व प्रार्थना की किया गया। इसके बाद सेत कुमार एक्का द्वारा स्वागत भाषण के बाद गुमला धर्मप्रांत के सभी आठ भिखारिएट मांझाटोली, चैनपुर, नवाडीह, बनारी, करौंदाबेड़ा, ममरला, कोनबीर नवाटोली व गुमला द्वारा भिखारिएट रिपोर्ट प्रस्तुत की गया वहीं कार्यक्रम में बाहर से आए सभी नौ भिखारिएट के लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था चैनपुर पल्ली के द्वारा की गई थी वहीं कार्यक्रम का समापन 26 मई की सुबह मिस्सा पूजा कर की गई कार्यक्रम में चैनपुर क्षेत्र के हजारों की संख्या में ख्रीस्तविश्वासी उपस्थित थे।

## सेवा भारती ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, 51 ने कराई जांच

- *लगातार 102 सप्ताह से सेवा भारती लगा रहा है चिकित्सा शिविर*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 102 वां सप्ताह के रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 51 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। लोगों ने शुगर, बीपी, ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए व डॉक्टर से परामर्श भी लिए। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को कम से काम प्रतिदिन तीन से चार लीटर पानी का सेवन करना चाहिए और सुबह उठने के साथ ही दो से तीन गिलास पानी पिए। इससे कई प्रकार की बीमारियों से आप बच सकते हैं। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए। बाहर की चीज खाने के पूर्व उनके गुणवत्ता को समझबूझकर ही खाएं। कहा की जरूरतमंदों एवं असहायों का सेवा करना ही हम सभी का पहला धर्म है। समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने अपनी ओर से 50 पीस शुगर स्टिक भेंट करते हुए कहा कि सेवा भारती के द्वारा निरंतर जरूरतमंदों की सेवा करते रहने से मैं काफी प्रभावित हूं। मौके पर उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सह सचिव संजय चौधरी, अतुल सर्राफ, सुबोध महतो, अशोक घोष, राजेश अग्रवाल, अंजलि सर्राफ, मनीष अग्रवाल, अजय अग्रवाल, उषा देवी, बिंदेश्वरी देवी, सुनील अग्रवाल, शिमला देवी, प्रमिला देवी, अशोक अग्रवाल, गीता देवी, महावीर सिंह, दुर्गा प्रसाद, अंजली कुमारी, केशव महतो, सचिन कुमार, यशोदा देवी, परमेश्वरी देवी, तपेश्वर अग्रवाल, उदय कास्यंकार, कृष्ण प्रसाद, अजय कुमार अग्रवाल, अभिजीत घोष, अशोक शाह, अनीता देवी, देवनारायण गुप्ता, रेखा कुमारी, सधन देवी आदि उपस्थित थे।




**विभाग उदासीन** / करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल

# शुद्ध पेयजलापूर्ति के लिए तरस रहे हैं कैरो के लोग

**शकील अहमद**

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो में सरकारी योजनाओं पर करोड़ो रुपये खर्च किये गए, लेकिन आज भी गर्मी आते ही आम जनता को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। कैरो में करोड़ो रुपये के खर्च पर शुद्ध पेयजल के लिए लगी जलमीनार अपने उद्देश्य से भटक गया है। जो मात्र शोपीस बनकर प्रखंड की शोभा बढ़ाने की काम कर रही है। जलापूर्ति विगत वर्ष से बंद है । चिलचिलाती धूप में ग्रामीणों के समक्ष खाने की फिक्र से ज्यादा पानी की चिंता लगी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा पानी की व्यवस्था तो हर घर कर दिया गया है लेकिन जलापूर्ति ठप रहती है। अगल बगल का चापानल खराब रहने कारण हमलोगों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर कहें तो जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित कर्मियों की गैरजिम्मेदारी और लापरवाही का परिणाम है बाधित जलापूर्ति। ऐसा इसलिए भी कहा जा रहा है क्योंकि ग्रामीण जनता को पानी के लिए पैसा चुकाने के बाद भी एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाया जा रहा है। अब ग्रामीणों के समक्ष पानी के ये परेशानी लंबे समय तक बने रहने की संभावना दिख रही है।पूर्व में भी कैरो पंचायत के मुखिया विरेन्द्र महली से जब इस संबंध में बात की गई थी तो उन्होंने कहा था कि पंचायत के वार्ड सदस्यों को पेयजल के लिए शुल्क वसूली के लिए अधिकृत किया गया था। वार्ड सदस्यों ने जनता से पैसा लिया भी लेकिन पैसा लेकर खुद रख लेना बताया था। उन्होने उस समय ही कहा था कि दो दिनों के अंदर संबंधित अधिकारी व गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर वार्ड सदस्यों से पैसों की वापसी किया जाएगा जिसके बाद जलापूर्ति बहाल हो जाएगी।

लेकिन न तो बैठक हुआ न ही वार्ड सदस्यों से पैसा लिया गया और न ही जलापूर्ति बहाल हुई, अब एक वर्ष बीत गई है। अब देखना है कि कबतक जलापूर्ति व्यवस्था शुरू होती है या फिर जनता पेयजल संकट से जूझते रहेंगे। सरकारी अधिकारी व कर्मचारी इस मामले पर अपनी चुप्पी साधे हुए हैं। कोई भी पेयजलापूर्ति के मामले पर कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। यहाँ के सांसद व स्थानीय विधायक सह मंत्री भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।





## गर्मी की तपिश के साथ सूखने लगे किस्को पेशरार क्षेत्र के जलस्रोत

- भीषण गर्मी के साथ गहराने लगा किस्को पेशरार में जल संकट

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड एवं किस्को प्रखंड क्षेत्र में गर्मी की तपिश शुरू हो गया है और क्षेत्र के अत्यधिक जलस्रोत जवाब देने लगा है। लोगों को पेयजल की उपलब्धता के लिए अभी से ही काफी भागदौड़ करना पड़ रहा है। ऐसे में इस बार के गर्मी में पेशरार एवं किस्को प्रखंड क्षेत्र के जनता को मुकम्मल पेयजल की समस्या से कौन निजात दिलाया यह सवाल जनता विधायक सांसद एवं मंत्री और सरकारी अमला से पूछ रही है। इधर किस्को एवं पेशरार प्रखंड क्षेत्र के लोगों का कहना है कि हर बार नेताओं के आश्वासन का शिकार क्षेत्र के भोली-भाली जनता को ही होना पड़ता है। बता दें कि किस्को प्रखंड में कुल 9 पंचायत है जिसमें लगभग 60 हजार से ज्यादा की आबादी है जिन्हें इस बार की तपिश भरी गर्मी में पेयजल की बड़ी चुनौती से गुजरना कठिन भरा डगर है। वहीं जिले के अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड में कुल 5 पंचायत है जिसकी आबादी लगभग 40 हजार से ज्यादा है। ऐसे में दोनों प्रखंड लोगों को इस बार के गर्मी से निजात पाने के लिए पीने की पानी की उपलब्धता को लेकर संकट है। किस्को एवं पेशरार प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर तालाब, कुआं, नदी, डांडी, चुआं, चापानल, जलमीनार जैसे जलस्त्रोत जवाब देने लगा है। जिससे लोगों को अभी से ही पीने की पानी की जुगत को लेकर चिंतित कर डाला है। लोग पानी के लिए भटक रहे हैं और दूर दराज से पानी को ला रहे हैं। वहीं आम जनता के अलावा इस बार की गर्मी से पशु पक्षियों को अन्य प्रकार के सभी जीव जंतुओं को पेयजल की बड़ी संकट से निजात पाने में काफी मशक्कत उठाना पड़ रहा है। सभी जलस्त्रोत खुद प्यासा साबित होने लगा है।



## एक नजर

### सरस्वती विद्या मंदिर जैनामोड़ की समिति का पुनर्गठन



**बोकारो।** जैनामोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को बैठक कर विद्यालय की समिति का पुनर्गठन किया गया. नई समिति का गठन धनबाद के विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडेय के मार्गदर्शन में हुआ। समिति में प्रसाद देव संरक्षक, विरंची नाथ मिश्र अध्यक्ष, रमापति पाण्डेय व सतीश चंद्र जैन उपाध्यक्ष, नवीन गर्ग सचिव, नीलकंठ मंडल सहसचिव, कन्हैया लाल स्वर्णकार कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। अभिभावक प्रतिनिधि ललिता देवी, सृष्टिधर महतो, रंजीत कुमार, धनंजय कुमार, आनंद महतो, हरिमती देवी, अरविंद ठाकुर, सिद्धेश नारायण दास, विवेक नयन पांडेय, माधव चंद्र झा को सदस्य एवं पदेन सह प्रधानाचार्य आनंद कुमार गोस्वामी को बनाया गया है। आमंत्रित सदस्यों में मोती सिंह, टीका प्रसाद व रंजीत महतो शामिल हैं।

### छपरा में मतदान के दौरान हुई हिंसा की जांच हो : साधु शरण

**बोकारो।** गोप महासंघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष साधु शरण गोप ने बिहार के छपरा में शनिवार को मतदान के दौरान हुई हिंसा की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने बिहार के डीजीपी को पत्र लिखकर पूरी घटना की बिंदुवार जांच कराने की मांग की। कहा कि राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी व क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य पर हमला सिर्फ अपराधिक नहीं है, बल्कि सामाजिक अपराध भी है। हमलावरों ने घटना के समय जिन शब्दों का प्रयोग किया है, उससे मानव समाज को ठेस पहुंची है। यह सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। उन्होंने पूरे मामले की अपराधिक के साथ-साथ सामाजिक दृष्टिकोण से भी जांच कराने का आग्रह किया है। कहा कि ऐसे राजनीतिक दलों पर भी नकेल कसने की जरूरत है, ताकि उनके कार्यकर्ता भविष्य में ऐसी हरकतों से परहेज करें।

### गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की सभी 2160 ईवीएम पहुंचीं स्ट्रांग रूम

**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में शनिवार को हुए मतदान के बाद लोकसभा के अंतर्गत आने वाली छह विधानसभाओं गोमिया, बेरमो, डुमरी, बाघमारा, टुंडी व गिरिडीह की सभी 2160 ईवीएम कड़ी सुरक्षा के बीच बोकारो के चास स्थित कृषि बाजार समिति में बने स्ट्रांग रूम में रख दी गई हैं। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की मतगणना कृषि बाजार समिति, चास में ही होगी। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में 94 पी प्लस वन श्रेणी के मतदान केंद्र थे, जहां की ईवीएम शनिवार को मतदान के बाद उसी क्षेत्र में बनाये गए क्लस्टर सेंटर में सुरक्षित रखी गई थीं। उन्हें रविवार को स्ट्रांग रूम पहुंचाया गया। मौके पर डीसी विजया जाधव खुद निगरानी कर रही थीं। क्षेत्र के प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी स्ट्रांग रूम के बाहर मौजूद थे। गिरिडीह लोकसभा में कुल 1864660 मतदाता हैं। क्षेत्र में कुल 1207367 वोट पड़े हैं, यानी 64.75 प्रतिशत मतदान हुआ है। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

# अवैध माइका खदान में वन विभाग ने मारा छापा

## विस्फोटक बरामद, माइका और खनन उपकरण भी जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह के गावां वन विभाग की टीम ने अवैध माइका उत्खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत धरवे जंगल में आधा दर्जन से अधिक खदानों में छापेमारी की गई है। जिसमें भारी मात्रा में जिलेटिन, डेटोनेटर, माइका और खनन में इस्तेमाल होने वाला कई उपकरण को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई रेंजर अनिल कुमार के निर्देश पर हुआ है।

वनपाल पवन चौधरी ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि धरवे जंगल में अवैध रूप से माइका उत्खनन किया जा रहा है। सूचना पर रेंजर के निर्देश पर एक टीम गठन कर धरवे जंगल में छापेमारी की गई। इस छापेमारी में 45 पीस जिलेटिन, 1 पीस डेटोनेटर, 3 पीस हथौड़ी और सबल सहित कई खनन करने वाला उपकरण को जब्त किया गया है। कहा कि मामले में खदान संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। वहीं इस मामले में जब्त जिलेटिन एवं डेटोनेटर के संबंध में गावां थाना में भी खदान संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। किसी भी सूरत पर अवैध खनन नहीं होने दिया जायेगा।

मौके पर अभियान में प्रभारी वनपाल पवन चौधरी, वनरक्षी हीरालाल पंडित, पविन्द्र गुप्ता, बम शंकर वर्मा, सुनील हेम्ब्रम, राजेन्द्र प्रसाद, जिलाजित कुमार आदि थे।

### मुंडा पर जानलेवा हमला करने के विरोध में ग्रामीणों ने ढाई घंटे एनएच किया जाम

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के उलीडीह के ग्रामीण मुंडा दीपक बोदरा को गोली मारकर घायल करने के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों व मानकी-मुंडाओं ने रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच-75 जाम कर दिया. जिसकी वजह से इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। सड़क जाम की सूचना पर पुलिस-प्रशासन घटनास्थल पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वो समझने को तैयार नहीं थे। काफी समझाने-बुझाने के बाद करीब ढाई घंटे बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया।जानकारी के अनुसार, दीपक बोदरा शनिवार की दोपहर उलीडीह सड़क किनारे अपने दुकान में पत्तल पोडा मीट बेच रहे थे।

## उसरी फॉल में डूबने से दो युवकों की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के उसरी फाल में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई है। दोनो बारहवीं के छात्र थे। मृतकों की पहचान देवघर राम मंदिर दौसा गढ़ी, निवासी 20 वर्षीय पवन गुप्ता एवं 18 वर्षीय दीपक कुमार वर्मा के रूप में की गई है। बताया जाता है दोनो अपने कुछ अन्य दोस्तो के साथ देवघर से पिकनिक मनाने गिरिडीह के पर्यटन स्थल उसरी फॉल आए थे। इस बीच दोनों नहाने के लिए पानी के बीच गए. तभी एक दोस्त गहरे पानी मे डूबने लगा जिसे बचाने दूसरा भी पानी मे उतर गया और दोनो डूब गए। इधर घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुँची और स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को निकाला गया।

### बंदगांव प्रखंड की टेबो घाटी में चार करोड़ का पोस्तो दाना जब्त



**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्रों में इन दिनों अफीम व पोस्तो का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है. पश्चिमी सिंहभूम जिला के रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग बंदगांव प्रखंड के टेबो घाटी जंगल से टेबो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ट्रक पर लदा भारी मात्रा में पोस्तो दाना जब्त किया है। बताया जाता है कि पोस्तो को राजस्थान ले जाया जा रहा था। वहीं ट्रक का नम्बर भी राजस्थान का है। ट्रक पर लदे पोस्तो की कीमत लगभग तीन से चार करोड़ रुपये बतायी जा रही है। इधर इस संबंध में टेबो थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्तो लदे ट्रक को पकड़ा गया है और इस संबंध में टेबो थाना में ही मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कसमार में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

जिले के कसमार प्रखंड के सिंहपुर गांव निवासी लालमोहन महतो के घर में रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई. इसमें घर में रखी हजारों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई. आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट बताया जा रहा है. घटना के समय परिवार के लोग किसी काम से दूसरे टोले में गए थे. घर में धुआं उठते देख ग्रामीणों ने शोर मचाया. गृहस्वामी लालमोहन महतो को फोन कर घटना जानकारी दी. लालमोहन दौड़े हुए आए और ग्रामीणों की सहायता से बाल्टी, मग व डेगची के सहारे कुएं से पानी लाकर आग बुझाने में जुट गए. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि एक घंटा के अंदर ही घर में रखा चावल, धान, दाल, सब्जी, बिस्तर, बक्सा, कपड़ा, चांदी के जेवर आदि जल गए. करीब 70 हजार रुपए की संपत्ति जलने अनुमान है. पंचायत समिति सदस्य विनोद कुमार महतो समेत अन्य प्रतिनिधि पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी. वहीं, घटना की सूचना तत्काल कसमार अंचल कार्यालय को देकर मुआवजा देने की मांग की।

## रेल सेवा की अंतिम ड्यूटी पर चालक विपिन कुमार को दी गई भव्य विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

गोमो रेलवे के चालक विपिन कुमार ने रविवार को अपनी सेवा की अंतिम ड्यूटी की. वह 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। अपनी अंतिम ड्यूटी के तहत वह जनशताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12365 ) को पटना से लेकर गोमो स्टेशन पहुंचे। स्टेशन पर रेल चालक दल के सदस्यों और उनके परिजनों ने बैंड बाजे के साथ फूल-माला पहना कर उनका भव्य स्वागत किया। जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के गोमो स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर रुकते ही सबसे पहले पत्नी सीता देवी इंजन पर चढ़ गईं और पति विपिन कुमार को माला पहना कर इंजन से नीचे उतारा और स्वागत किया। इसके बाद ईसीआरकेयू यूनियन के पदाधिकारियों व चालक दल के सदस्यों व उनके परिजनों ने विपिन कुमार को गुलदस्ता भेंट कर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। रेल चालक विपिन कुमार ने कहा कि उन्होंने रेलवे में 36 वर्षों की अपनी सेवा यात्रा में स्टीम इंजन से लेकर डीजल व एलेक्ट्रिक इंजन को सफलता पूर्वक चलाया। आज रिटायरमेंट के वक्त गर्व महसुस कर रहा हूं। इसके बाद वह रेल चालकों के ड्यूटी कार्यालय क्रू-लॉबी गए और कर्मचारियों से गले मिले। रेल कर्मचारियो ने उन्हें आगे की कुशल जीवन यात्रा की शुभकामनाएं दीं। मौके पर रेलवे मेंस कर्मचारी यूनियन के शाखा सचिव पीके सिन्हा, सीटीएफआर एससी पाण्डेय, यू के सिंह, आर कच्छप, रूपेश कुमार, संजीव मिश्रा, गुप्तेश्वर प्रसाद, प्रफुल्ल कुमार, संजय यादव, सहायक चालक पीके मेहता, मिथुन कुमार आदि उपस्तिथ थे।

## डीपीएस बोकारो के छात्र हार्दिक को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में देशभर में पहला स्थान



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

लकीरें खींचकर उसे डिजाइन का स्वरूप देने की प्रतिभा एक बार फिर दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के छात्र रह चुके हार्दिक श्री के लिए काम आई. 19 वर्षीय हार्दिक ने देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय डिजाइनिंग संस्थान (एनआईडी) की परीक्षा में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है. डिजाइन में दाखिले के लिए आयोजित परीक्षा में उसे ओपन और ओबीसी एनसीएल, दोनों ही कैटेगरी में आल इंडिया रैंक वन मिली है।

खास बात यह है कि पिछले साल भी उसने एनआईडी में सफलता पाई थी, लेकिन रैंक 48 थी। इस बार उसने दोगुनी मेहनत की और पूरे भारत में पहला स्थान पाया। हार्दिक का मानना है कि नाकामी की बजाय उससे सबक लेकर और मेहनत करनी चाहिए। पढ़ाई-लिखाई या करियर संबंधी कोई परीक्षा जीवन की आखिरी परीक्षा नहीं होती। फेल होने पर हताश होने की बजाय अपनी रुचि को देखते हुए खुद को एक्सप्लोर करें, अपनी प्रतिभा को विस्तार दें, अवसर और सुखद परिणाम जरूर मिलेंगे। हार्दिक ने बताया कि उसकी दिली ख्वाहिश एनआईडी अहमदाबाद से डिजाइनिंग में चार-वर्षीय स्नातक करने की थी, जो पिछले वर्ष पूरी नहीं हो पाई थी। इसलिए उसने इस बार जी-तोड़ मेहनत की। एक जुलाई से वहां उसका सत्र शुरू हो रहा है। उसकी इस कामयाबी पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ। ए एस गंगवार ने उसे बधाई देते हुए इसे विद्यालय सहित पूरे राज्य के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताई है। ज्ञात हो कि हार्दिक ने पिछले ही साल डीपीएस बोकारो से 90 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। 10वीं में भी उसे 95 प्रतिशत अंक मिले थे।

# रायपुर में कोयला कारोबारी की हत्या करने पहुंचे अमन साहू गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कोयला कारोबारी की हत्या करने पहुंचे लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के चार शूटर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार आरोपियों में झारखंड के बोकारो जिले के चास थाना क्षेत्र निवासी रोहित स्वर्णकार, राजस्थान के पाली जिला के सियारी थाना क्षेत्र के सारन निवासी मुकेश कुमार, देवेन्द्र सिंह और पप्पू सिंह उर्फ पप्पू का नाम शामिल है।

बोकारो पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ के अलावा झारखंड में भी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना थी। गिरफ्तार शूटर किसी कारोबारी को जान से मारने की सुपारी मिली थी। पुलिस ने रविवार को बताया कि योजना के मुताबिक अमन साहू गैंग को संचालित करने वाले मयंक सिंह ने बोकारो निवासी रोहित स्वर्णकार को इंदौर के सेंधवा से गैंग से जुड़े लोगों के माध्यम से एक पिस्टल और एक मैग्जीन उपलब्ध कराया।

मयंक सिंह ने पप्पू सिंह को वारदात को अंजाम देने के लिये एक बाइक राइडर की व्यवस्था करने के लिए कहा। इसके बाद मुकेश कुमार भाट और देवेंद्र सिंह को वारदात के वक्त बाइक राइड़िंग के लिए रायपुर रवाना किया गया। रोहित स्वर्णकार इंदौर के सेंधवा से पिस्टल लेकर उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर ट्रेन के माध्यम से रायपुर पहुंचा। मुकेश और देवेंद्र बस के माध्यम से रायपुर पहुंचे। रायपुर पुलिस के जवान इन्हें चिह्नित करने के लिए सादे लिबास में शहर के संभावित स्थलों पर तैनात किए गए थे। करीब 72 घंटे के गोपनीय ऑपरेशन में रोहित स्वर्णकार को एक पिस्टल और एक मैगजीन के साथ पकड़ा गया। इसकी निशानदेही पर अन्य आरोपी को पकड़ा गया।

आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पूरी योजना को मयंक सिंह के कहने पर पप्पू सिंह के साथ मिलकर बनाई गई थी। शूटर और राइडर को एक-दूसरे से अपनी पहचान छिपाने तथा किसी तकनीकी संपर्क में न रहने और अपने-अपने माध्यमों से एप के माध्यम से नेट कॉलिंग से ही संपर्क में रहने की हिदायत थी। पुलिस से बचने के लिए मयंक ने रोहित को 29-29 कोड यूज करने और पप्पू ने मुकेश को राम-राम और जय माता दी कोड यूज करने निर्देशित किया गया था। टॉरगेट रायपुर पहुंचने पर ही उपर से बताया जाता। वर्तमान में अमन साहू के गैंग को मयंक सिंह मलेशिया में बैठकर ऑपरेट कर रहा है। पकड़े गए शूटर्स अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई के कहने पर टारगेट को अंजाम देते थे। रोहित स्वर्णकार पर बोकारो के चास और पेटरवार थाना में तीन मामले दर्ज हैं। मुकेश कुमार, पप्पू सिंह और देवेंद्र सिंह के भी आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी पुलिस को मिली है।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क किनारे वन भूमि पर झोपड़ी बनाकर बेची जा रही थी शराब, वन विभाग ने कराया मुक्त

**गिरिडीह।** गावां वन विभाग की टीम ने रविवार को पटना-डोरंडा रोड़ पर हैठली कन्हाय मौजा जंगल के पास सड़क किनारे बने आधा दर्जन से अधिक झोपड़ीनुमा दुकान को ध्वस्त करते हुए अवैध कब्जा मुक्त कराया है। बताया जाता है इन झोपड़ीनुमा दुकान में अवैध रूप से महुआ शराब बेचा जाता था। जहां आसपास के लोग शराब पीने आते थे। जिससे दिनभर यहां सड़क किनारे वाहन और लोगों का जमावड़ा लगा हुआ रहता था। जिसकी सूचना लगातार वन विभाग को ग्रामीणों के द्वारा मिल रही थी। इस सूचना के आधार पर एक टीम गठन कर वहां बने झोपड़ीनुमा दुकान को वन विभाग ने रविवार को ध्वस्त कर दिया है। वनपाल पवन चौधरी ने कहा कि झोपड़ी ध्वस्त करते हुए सभी को कड़ी चेतावनी दी गई है कि वन भूमि पर किसी तरह के अवैध गतिविधि का संचालन नहीं करना है। कहा कि वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रैफ ने जरूरतमंदों के बीच बांटे बर्तन किताब और कपड़े




**जमशेदपुर।** सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) की 106वीं बटालियन ने अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस को सफल बनाने के लिए मेरी लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया. इसके तहत पांच दिवसीय डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। रैफ की 106वीं बटालियन के जवानों और उनके परिवार के सदस्यों डोनेशन ड्राइव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभियान के दौरान आसपास के समुदायों से पुरानी किताबें, बर्तन और कपड़े एकत्र किए गए। इसके बाद इन किताबों, बर्तन और कपड़े जरूरतमंद लोगों में वितरित किया गया।इस पहल का मुख्य उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाना था, बल्कि सामुदायिक कल्याण के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता को भी दर्शाना था। प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग और पुनर्चक्रण के माध्यम से हम अपने पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं। यह कार्यक्रम इस दिशा में हमारे प्रयासों को और भी सुदृढ़ बनाता है।स्थानीय समुदायों ने भी इस ड्राइव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुरानी किताबें, बर्तन और कपड़े दान किए। इस पहल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई और सतत उपयोग को प्रोत्साहित किया। 106 रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडिंग ऑफिसर डॉ निशीत कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल पर्यावरण की सुरक्षा करना है, बल्कि सामुदायिक कल्याण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाना है। छोटे-छोटे कदम मिलकर बड़े परिवर्तन लाते हैं और इसी सोच के साथ हम सभी को इस मुहिम में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

### वामनगुटू गांव में घर में सोयी बच्ची की सर्पदंश से मौत



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के वामनगुटू गांव में सर्पदंश से 12 वर्षीय बच्ची लवली बिरुवा की मौत हो गई। बताया जाता है कि चाईबासा निवासी लवली बिरुवा वामनगुटू स्थित अपने चाचा के घर में रहती थी। लवली बिरुवा वामनगुटू प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार में पढ़ती थी। शनिवार की रात वह अपने चाचा के घर में जमीन पर सोयी हुई थी।इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। इसके बाद रविवार सुबह परिवार वाले बच्ची को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। इधर चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि अगर बच्ची को अस्पताल जल्दी लाया जाता तो संभवतः उसकी जान बचायी जा सकती थी।

### हुड़ंगदा गांव में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, जांच में जुटी पुलिस



**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड की कराईकेला थाना क्षेत्र के हुड़ंगदा पंचायत के हुड़ंगदा गांव के बीच टोली में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान फूलमनी नायकी (60 वर्षीय) के रूप में हुई है। ग्रामीणों की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कराईकेला थाना प्रभारी अंकित कुमार भी अनुमंडल अस्पताल पहुंचे हैं। इधर पुलिस मृतिका की पुत्रवधु के बयान पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। सुबह कमरे में फंदे से झूलता मिला फूलमनी नायकी का शव घटना के संबंध में बताया जाता है कि फूलमनी नायकी हमेशा की तरह रविवार रात को भी अपने घर के कमरे में सोने चली गयी थी। सुबह जब फूलमनी नायकी की पुत्रवधु संतोषी नायकी कमरे में गयी तो देखा कि सास का शव घर के छज्जे में कपड़ा के सहारे फांसी के फंदे पर झूल रहा है। इसके बाद उसने गांव वालों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी।

### पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की जमकर की पिटाई

**धनबाद।** घाटशिला थाना क्षेत्र के पावड़ा गांव में रविवार को प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने पति की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में पति मानिक सीट को गंभीर चोट लगी है। आसपास के लोगों ने मिलकर किसी तरह मामले को शांत कराया। घटना की सूचना पर पहुंची मुखिया पार्वती मुर्मू ने थाना को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति मानिक सीट को उठाकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया और पत्नी सुनीता सीट एवं उसके प्रेमी ऋषिकेश तंतुबाई को थाना ले गई। घटना के संबंध में मानिक सीट ने बताया कि बेटी की मौत के बाद से कविराज ऋषिकेश का अक्सर घर में आना-जाना लगा रहता है। इसी बीच पत्नी के साथ प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। मैं टेलर दुकान में काम करता हूं।

# कोरोना पीड़ित अभी भी परेशान

***वैश्विक*** स्तर पर जारी कोरोना महामारी को चार साल से अधिक का समय बीत गया है। इस दौरान कोरोना के वैरिएंट्स में कई बार म्यूटेशन हुआ और संक्रमितों में हल्के से लेकर गंभीर स्तर के लक्षण रिपोर्ट किए गए। कोरोना का खतरा अभी भी थमा नहीं है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वायरस में एक बार फिर से म्यूटेशन हुआ है, जिससे उत्पन्न नया सब-वैरिएंट कई देशों में संक्रमण बढ़ाता हुआ देखा जा रहा है। सिंगापुर की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां पर दो सप्ताह में ही कोरोना के मामलों में 90 फीसदी से अधिक की वृद्धि रिपोर्ट की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों ने सभी लोगों को कोरोना से बचाव को लेकर लगातार सावधानी बरतते रहने की अपील की है। कोरोना के जोखिमों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बड़ी जानकारी भी साझा की है। रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा कोविड-19 के कारण वैश्विक जीवन प्रत्याशा में लगभग दो साल की कमी आ गई है। जीवन प्रत्याशा या लाइफ एक्सपेक्टेंसी उन अतिरिक्त वर्षों की औसत संख्या का अनुमान है जो एक निश्चित आयु का व्यक्ति जीने की उम्मीद कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा, पिछले एक दशक में लाइफ एक्सपेक्टेंसी में बेहतर सुधार देखा जा रहा था। हालांकि कोविड-19 के कारण इसमें गिरावट आ गई है। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कोविड-19 महामारी ने संपूर्ण स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, संक्रमण के कारण लोगों में कई प्रकार की बीमारियां भी विकसित होती देखी गई हैं। इन परिस्थितियों ने लाइफ एक्सपेक्टेंसी को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। कोविड-19 के कारण वैश्विक जीवन प्रत्याशा 1.8 वर्ष गिरकर अब 71.4 वर्ष रह गई है। साल 2012 में भी जीवन प्रत्याशा इसी के आसपास थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के शोधकर्ताओं ने बताया कि पिछली आधी सदी में किसी भी अन्य घटना की तुलना में कोविड-19 ने संपूर्ण स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा पर सबसे गहरा प्रभाव डाला है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेबियस ने कहा कि ये आंकड़े वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालते हैं। स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कोविड के शुरूआती दौर में ही साल 2020-2021 के दौरान 15.9 मिलियन (1.59 करोड़) से अधिक लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा महामारी के दौरान कोविड-19 मृत्यु का प्रमुख कारण रहा है। 2020 में विश्व स्तर पर यह मृत्यु का तीसरा सबसे बड़ा कारण और 2021 में दूसरा प्रमुख कारण रहा। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट इस बात पर भी प्रकाश डालती है कि नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) जैसे कि इस्केमिक हृदय रोग और स्ट्रोक, कैंसर, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, अल्जाइमर रोग-डिमेंशिया और मधुमेह के कारण भी बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएचओ विशेषज्ञों ने बताया, कोरोना ने सीधे तौर पर सेहत को गंभीर नुकसान तो पहुंचाया ही है साथ ही कोविड-19 के कारण उपजी परिस्थितियों ने दुनियाभर में कुपोषण के बोझ को भी बढ़ा दिया है। इसके अतिरिक्त साल 2022 में, पांच साल और उससे अधिक उम्र के एक अरब से अधिक लोग मोटापे के साथ जी रहे थे, जबकि आधे अरब से अधिक लोग कम वजन वाले थे। बच्चों में कुपोषण भी गंभीर स्वास्थ्य समस्या के रूप में देखा जा रहा है। ये सभी स्थितियां संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ समय से पहले मृत्यु के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

> **विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों ने सभी लोगों को कोरोना से बचाव को लेकर लगातार सावधानी बरतते रहने की अपील की है। कोरोना के जोखिमों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बड़ी जानकारी भी साझा की है। रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा कोविड-19 के कारण वैश्विक जीवन प्रत्याशा में लगभग दो साल की कमी आ गई है।**

जल ही जीवन है

# तपती गर्मी में मुफीद है मटके का पानी



डॉ. रमेश ठाकुर



***आधुनिक*** चकाचौंध में टेक्नोलॉजी से लबरेज युग में देसी मटकों का क्रेज आज भी बरकरार है। दूषित पानी के इस्तेमाल से बढ़ते मरीजों को जबसे चिकित्सकों ने मटके का पानी पीने की सलाह दी है, लोगों का रुझान अनायास घड़ों की ओर दौड़ा है। मिट्टी का ये आइटम न सिर्फ मन को भाता है, बल्कि चिलचिलाती गर्मी में सूखे गलों को भी तरबतर कर देता है। घड़े का पानी पीने में तरावट आती है। गले में अलौकिक ठंड़क पड़ती है, क्योंकि घड़े के पानी में मिट्टी की सोंधी-सोंधी सुगंध जो आती है। घड़े का पानी जमीन से तुरंत निकले ताजे पानी जैसा अहसास करवाता है। गर्मियों में जब घड़ों की डिमांड बढ़ती है तो कुम्हारों का व्यवसाय भी खूब फलने-फूलने लगता है। इस सीजन में उनकी आमदनी में अचानक से उछाल आता है। इस समय मटकों की कीमत दो सौ से लेकर हजार रुपए तक पहुंची हुई है। मटको की बढ़ती डिमांड को देखकर अब ऑनलाइन सेल्स कंपनियां भी कूद पड़ी हैं। वो कुम्हारों को ऑर्डर देकर मटके बनवाते हैं, फिर उच्च दामों में ऑनलाइन बेचती हैं। मटके का पानी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है, शरीर का बैड कोलेस्ट्रॉल कम करता है और ब्लड सकुर्लेशन नियंत्रित रखने में मदद करता है। मई-जून में गर्मी का सितम जब नॉनस्टॉप होता है तो लोगों को देसी मटके की याद अचानक से आनी शुरू हो जाती है। आधुनिक युग में शायद ही कोई घर ऐसा हो, जिनके यहां फ्रिज न हो। बावजूद इसके देसी मटको का क्रेज अपने जगह बरकरार है। एक प्रचलित कहावत है कि ह्यसोने की खोज में, हीरे को भूल गए। कुछ ऐसा ही हुआ, जब जमाने ने बदलाव के लिए करवट ली, तो जनमानस ने देसी परंपराओं के साथ प्राचीन धरोहर कही जाने वाली वस्तुओं से भी तौबा कर लिया पर, वक्त का पहिया फिर बदला है। इसलिए लोग पुराने जमाने की ओर फिर से मुड़ने लगे हैं। मई आधी से ज्यादा बीत चुकी है, पिछले सप्ताह से समूचे हिंदुस्तान में चिलचिलाती गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। फ्रिज का पानी आनंद नहीं दे रहा, इसलिए लोग मटको को पसंद कर रहे हैं। मटकों का पानी आज भी फ्रिज के मुकाबले ठंडा और स्वादिष्ट लगता है। चंगे शरीर के लिए ताजा पानी लाभदायक होता है। इसलिए, देसी घड़े का पानी न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए बल्कि हजामा दुरुस्त के लिए भी गुणकारी होता है। चिकित्सीय सर्वेक्षण बताते हैं कि सर्दियों के मुकाबले गर्मियों में मटके का ठंडा पानी शरीर के लिए बहुत उपयोगी होता है। क्योंकि मटके की दीवारें से पानी धीरे-धीरे रिसता है और बर्तन की सतह से वाष्पित होता है। इसका भीतरी वातावरण वाष्पीकरण ऊष्मा ठंड़क का उतार्जन करता है जिससे अंदर जमा पानी चंद मिनटों में ठंडा हो जाता है। दरअसल, वाष्पीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पानी की तरलता से गैसीय अवस्था में बदलती है। जब पानी वाष्पित होता है, तो यह अपने आसपास की गर्मी को अवशोषित कर लेता है। बढ़ता तापमान मटके में मौजूद पानी को गर्मी से बचाता है। मटका मिट्टी से निर्मित होता है जिसमें सूक्ष्म छिद्र होते हैं, जो पानी को वाष्पित होने में मदद करते हैं। घड़े की मिट्टी पानी को इन्सुलेटर करती है जिसके इस्तेमाल से शरीर हाइड्रेट रहता है और पाचन प्रक्रिया हमेशा दुरुस्त रहती है। बीते एक सप्ताह से गर्मी रिकॉर्ड तोड़ रही है। पहाड़ी क्षेत्रो में तापमान चालीस पार है, मैदानी क्षेत्रों में तो कहीं-कहीं पचास तक जा चुका है। ऐसे में पेट की ठंड़क मटकों पर निर्भर हो गई है। प्रत्येक चौथा व्यक्ति मटका खरीद रहा है। दरअसल, मटका एक प्राकृतिक कटोरा है जो मानव द्वारा निर्मित मात्र है जिसकी अंदरुनी दीवारें पानी को ठंडा बनाती हैं। मटके के धातु और मिट्टी के भीतर रखे गए पानी के संपर्क से पानी की ठंडक सूखने की प्रक्रिया धीरे-धीरे होती है जिसमें पानी लंबे वक्त तक ठंडा रहता है। शायद ये भी एक कुदरती प्रक्रिया ही है कि जितनी गर्मी बढ़ेगी, मटके का पानी भी उतना ही ठंडा होगा। फ्रिज और आरओ पानी की आदत इंसान को कई बीमारियों से घेर रही है। जबकि, घड़े का पानी कई बीमारियों से लड़ने की ताकत रखता है। तभी तो घरों के बुजुर्ग अभी भी मिट्टी के बर्तनों का पानी पीने को कहते हैं। हालांकि, आधुनिक जमाने में बुजुर्गों के अनुभव कोई लेता कहां? मटके का पानी सिर्फ ठंडा-ठंडा, कूल-कूल ही नहीं करता, बल्कि कई बीमारियों से बचाव भी करता है। मटके की सबसे बड़ी खासियत को भी हमें जानना चाहिए। मटका आरओ द्वारा प्यूरीफायर किए पानी से मर चुके मिनरल्स को भी दोबारा जिंदा कर देता है। अगर आरओ से पानी निकालकर घड़े में सिर्फ पंद्रह मिनट तक रखा जाए, तो उसके मरे हुए मिनरल्स वापस पनप जाते हैं। क्योंकि मिट्टी के घड़े में कैल्शियम की मात्रा बहुतायत रूप में रहती है। शहरों में अक्सर लोग अब यही करने लगे हैं, पानी को पहले प्यूरीफायर कर लेते हैं, फिर उसे घडे में उलट देते हैं जिससे पानी दोबारा से पहले से हो जाता है। चिकित्सक शुरू से कहते आए हैं कि आरओ के पानी में मिनरल्स बिल्कुल भी नहीं बचते, मर जाते हैं। आरओ द्वारा प्यूरीफायर पानी से सारे मिनरल्स निकल जाते है, जिस कारण उसका टीडीएस लेवल बहुत कम हो जाता है जिसके सेवन से लोगों की पाचन प्रक्रिया दिनोंदिन प्रभावित हो रही है। तमाम अन्य बीमारियां भी लग रही हैं। चिकित्सकों की माने तो आरओ पानी में बैक्टीरियल इन्फेक्शन और फंगल इन्फेक्शन की संभावना सबसे ज्यादा रहती हैं। इसके अलावा पेट से संबंधित अधिकांश बीमारी भी दूषित पानी के इस्तेमाल से पनपती हैं। आरओ पानी को पीने की कोई भी सलाह नहीं देता, विशेषकर बच्चों को उनके लिए सबसे घातक होता है ये पानी। आरओ पानी का मतलब है टोटल डिसोल्वड सालिबिलिटी? मतलब उस पानी में साधारण पानी की अपेक्षाकृत कम खनिज लवणों का होना, जिसमें हानिकारक तत्व बेहताशा घुले होते हैं। पानी को दो-तीन मर्तबा छानने या फिल्टर करने का मतलब होता है पानी की आत्मा को अंदर खींचकर शरीर से अलग कर देना। यही कारण है कि चिकित्सक मरीजों को मटके का ही पानी पीने की सलाह देते हैं। लोग भी अब समझ गए हैं, इसलिए गर्मी शुरू होते ही मटकों की खरीदारी करनी आरंभ कर देते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## काव्य कोना

### आदमी की बिसात

आदमी की बिसात तो देखिये
यथार्थ से दूरी बनाने का अंदाजा तो
देखिये सोचिये अहम के भ्रम का,
हाव-भाव से बनाते तीक्ष्ण और
आडंबर के खेल की कहानियों का
क्या कहें? रास्ते में तोला भर के
पत्थर की ठोकर गिरा वर्तमान से
भूतपूर्व हो गया आदमी की बिसात
तो देखिये। व्यथा के कलम से
लिखी जिन्दगी की कहानी कफन
में लिपटा भी नहीं दुविधा बड़ी है
अर्थी पर डाले कि वारिस पहले
बनाये चिता तक ले जाये कि
वसूले कर्ज पहले कर्ज उसका जो
भी है सब पर स्वाहा हो जायेगा यूँ
भी अपने-अपने की रट लगाते
आदमी की बिसात तो देखिए।

– नाग मणि

## आपकी बात

### लुंज कानून पंगु व्यवस्था- अपराध की ओर उन्मुख होते किशोर!



मनोज कुमार अग्रवाल

***हाल*** ही में किशोर अपचारियो द्वारा किए गए अपराध और उनके संदर्भ में अदालत द्वारा दिए गए आदेश परस्पर विसंगति दर्शा रहे हैं। आपको बता दें कि हाल ही में उत्तराखंड के एक स्कूल में 14 साल की गर्ल क्लासमेट का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले छात्र को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया। इस वीडियो से हुई बदनामी के भय की वजह से पीड़ित बच्ची ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। मिली रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी को जमानत न देने वाले अदालत के इस फैसले से एक नजीर पेश हुई है कि कानून तोड़ने वाले बच्चों को अपराध गंभीर होने के बाद भी जमनात मिलनी चाहिए, ये अपवाद है। उत्तराखंड मामले में अदालत के फैसले के बाद पुणे के उस केस की चर्चा तेज हो गई है, जिसमें पोर्शे कार से दो लोगों की जान लेने वाले नाबालिग आरोपी को महज 300 शब्दों का निबंध लिखवाकर और अन्य शर्तों के साथ जुबेनाइल कोर्ट से जमानत मिल गई। हालांकि इस मामले में पुलिस आरोपी के लिए सख्त सजा की मांग कर रही है। उत्तराखंड का मामला पुणे केस में भी एक नजीर साबित हो सकता है। इन दोनों मामलों में दोनों अदालतों के नजरिए में साफ विसंगति नजर आ रही है एक ओर सर्वोच्च न्यायालय की पीठ उस किशोर अपचारी की जमानत याचिका खारिज करने के हाइकोर्ट के निर्णय को सही ठहराती है जिस किशोर की कथित करतूत के कारण एक नाबालिग छात्रा ने सुसाइड कर अपनी जान गंवा दी दूसरी ओर निचली अदालत ने 17 साल के उस उद्दंडी नाबालिग को हाथों हाथ जमानत देदी थी जिसने शराब पीकर रश ड्राइविंग कर दो युवा आइटी इंजिनियरो को पुणे में सड़क पर कुचल कर मार दिया।

> **कानून में नाबालिग को संरक्षण**
> जब किसी बच्चे द्वारा कानून या समाज के खिलाफ कोई कार्य किया जाता है, तब उसे बाल अपराध की संज्ञा दी जाती है जिसे किशोर अपराध अथवा बाल अपचारिता भी कहा जाता हैकिशोर न्याय कानूनों में अपराध शब्द की जगह अपचारिता शब्द का प्रयोग किया गया है, क्योंकि समाज का मानना है कि बच्चे कभी अपराध नहीं करते, उनके कृत्य अभद्र, अशिष्ट या निन्दनीय हो। सकते हैं।

चुनावी नोक झोंक

# रैलियों के कोलाहल में ढक गए ज्वलंत मुद्दे



डॉ. रमेश शर्मा

***हिमाचल*** प्रदेश के चुनाव तक पहुंचते-पहुंचते रैलियों और महारैलियों का दौर अपने चरम पर है। मुश्किल से सप्ताह भर का समय शेष है। राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, संविधान, कानून व्यवस्था, जाति और क्षेत्रीय समीकरण आदि महत्वपूर्ण विषय रहे हैं जिन का जिक्र दलों ने अपने-अपने हिसाब से परिस्थिति के अनुसार किया है अथवा कर रहे हैं। कौन कितना सफल रहा है यह परिणाम तय करेंगे। लोकसभा चुनाव में विदेश नीति, आर्थिक स्थिति, आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण जैसे पक्ष व्यापक बहस या अपेक्षित चिंता से लगभग अछूते रहे। ये मुद्दे आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़े हुए हैं। सत्तारूढ़ दल ने इन्हें अपने ढंग से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में छुआ है लेकिन अन्य दलों से इन पर चर्चा से परहेज किया गया है इनका महत्व केवल अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की मेजबानी और औपचारिक वक्तव्य तक सीमित हो कर रह गया है। इस का एक अर्थ यह भी निकाल सकते हैं कि इन विषयों से विपक्षी नेताओं को लाभ होने वाला नहीं है या रुचि नहीं है अथवा वे अपने विरोधियों को संवेदनशील और जल्दी उकसाने या भड़काने वाले गाली-गलौज, व्यक्तिगत आक्षेप तक सीमित करें। अनेक सामाजिक समूहों को मानसिक उत्तेजना में बहाते हुए मुख्य तथ्यों से चुनाव तक भ्रमित रखा जाए और जिस उद्देश्य के लिए चुनाव करवाए जा रहे हैं यानि कि राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर केंद्रित न होने दिया जाए। चुनावी विज्ञान और तकनीक है। हिमाचल प्रदेश में भी यही देखा गया है। प्रदेश की आर्थिकी को सुधारने के रोडमैप पर चर्चा नहीं है। सामाजिक विकास बाधित हो रहा है चिंता नहीं है। जंगल धू-धू कर जल उठे हैं परवाह नहीं है। हजारों पेड़ विकास के नाम पर या अवैध कटान के नाम पर ध्वस्त हो रहे हैं। पेयजल का संकट है। न सरकारी नौकरी है न प्राइवेट अवसर हैं। नई शिक्षा नीति नहीं है। स्वास्थ्य सेवाऐं पर्याप्त नहीं हैं। नशे जैसी बुराई फैल चुकी है आदि। इस प्रकार के अनेक जनता के कल्याण के विषयों का नदारद रहना हमें स्वस्थ लोकतंत्र की ओर ले जाएगा इसमें संदेह है। सोशल मीडिया, टीवी चैनलों पर ऊबाऊ संवाद इसमें अपना योगदान कर रहे हैं। आक्षेप और चरित्र हनन के मुकदमों से कोर्ट परेशान है। **(ये लेखक के निजी विचार)**

> **लोकसभा चुनाव में विदेश नीति, आर्थिक स्थिति, आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण जैसे पक्ष व्यापक बहस या अपेक्षित चिंता से लगभग अछूते रहे।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से

Rahul Gandhi
@RahulGandhi
Follow

देशवासियों!

पहले पांच चरणों के मतदान में आपने झूठ, नफ़रत और दुष्प्रचार को नकार कर अपने जीवन से जुड़े ज़मीनी मुद्दों को प्राथमिकता दी है।

आज छठे चरण का मतदान है और आपका हर वोट सुनिश्चित करेगा कि:

- युवाओं के लिए 30 लाख खाली सरकारी पदों पर भर्ती और 1 लाख रुपए साल की पहली नौकरी पक्की योजना शुरू हो जाए।

- गरीब परिवार की महिलाओं के खातों में 8,500 रुपए महीना आने लगे।

- किसान कर्ज़ मुक्त हों और उन्हें फसल पर सही MSP मिले।

- मजदूरों को 400 रुपए का दैनिक मेहनताना मिले।

आपका वोट आपके जीवन को बेहतर बनाने के साथ-साथ लोकतंत्र और संविधान की रक्षा भी करेगा।

मां और मैंने लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट डाल कर अपना

Post your reply

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# पाकिस्तान में अल्पसंख्यक होना गुनाह



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***किसी*** देश में अल्पसंख्यक होना गुनाह हो सकता है तो दुनिया के कुछ गिने-चुने देशों में पाकिस्तान इस श्रेणी के तीन शीर्ष देशों में से एक होगा। पाकिस्तान में हिंदू, सिख और ईसाइयों को इस तरह से इस्लाम खतरे में है के नाम पर निशाने पर लिया जा रहा है। यदि इसी तरह कुछ वर्ष और चला तो यहां अल्पसंख्यक नाम का एक प्राणी भी मिलना दूभर हो जाएगा। ताजा घटनाक्रम इस दिशा में दुनिया के सामने एक बार फिर चिंता की लकीरें खींच रहा है। यहां एक मौलवी के उकसावे पर इस्लामिक कट्टरपंथियों की भीड़ ने पाकिस्तान के पंजाब सूबे के सरगोधा की मुजाहिद कॉलोनी में ईसाइयों पर हमला कर दिया। इस दौरान कट्टरपंथियों ने एक 70 साल के बुजुर्ग ईसाई की पीट-पीटकर हत्या भी कर दी और उसके लकड़ी के कारखाने में आग भी लगा दी। घटना में कई अन्य ईसाई भी घायल हुए हैं। इसमें दुखद यह है कि जिस पुलिस पर इस तरह की वारदातों को रोकने की जिम्मेदारी है, वह हमले के आए कई वीडियो में स्पष्ट रूप से मूक दर्शक के रूप में साइट पर मौजूद दिखाई दे रही है, जो हमले में शामिल आतंकियों को उनकी मौन स्वीकृति और सुविधा प्रदान करने की ओर इशारा करता है। पिछले साल इसे लेकर एक रिपोर्ट भी आई, जिसमें बताया गया है क कैसे खतरों और उत्पीड़न की एक श्रृंखला से यहां रह रहे हिन्दू गुजर रहे हैं, क्योंकि हत्या, अपहरण और अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों पर हमले देश में एक आम मामला बन गया है। 1947 में पाकिस्तान में हिंदू आबादी 20.5% थी, जो 1998 के आते 1.6% रह गई, दो दशकों में यह संख्या और कम हो गई है। मूवमेंट फॉर सॉलिडैरिटी ऐंड पीस इन पाकिस्तान की एक रिपोर्ट जोकि पिछले माह ही सामने आई, उसमें आंकड़ों के साथ यहां अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के ताजा उदाहरणों के साथ अवगत कराया गया है। जांच से पता चलता है कि जबरन विवाह और मतान्तरण (धर्मांतरण) के मामले एक विशिष्ट पैटर्न का पालन करते हैं, आमतौर पर 12 से 25 वर्ष की आयु के बीच की लड़कियों का अपहरण कर लिया जाता है, उन्हें इस्लाम में परिवर्तित कर दिया जाता है, और अपहरणकर्ता या तीसरे पक्ष से शादी कर दी जाती है। पीड़ित का परिवार जब स्थानीय पुलिस स्टेशन में अपहरण या बलात्कार की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराता है। तभी अपहरणकर्ता जोकि मुसलमान है, वह उल्टे अपहरण की गई लड़की की ओर से, एक जवाबी प्राथमिकी दर्ज करता है, जिसमें जानबूझकर धर्म परिवर्तन और विवाहित लड़की को परेशान करने और लड़की को वापस उसके मूल धर्म में परिवर्तित करने की साजिश रचने का आरोप उक्त लड़की के परिवार वालों पर लगाता है। इस बीच लड़की को इतना अधिक डरा दिया जाता है कि जब उसे अदालतों में या मजिस्ट्रेट के सामने पेश भी किया जाता है तो वह पीड़ित लड़की अपनी गवाही देते वक्त ज्यादातर मामलों में यही बोलती दिखती है कि उसने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन किया और शादी की है, जहां अपहरण की मूल घटना जोकि वास्तविक है, वह तो गायब ही हो जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बोधि वृक्ष

# स्वर्ण मंदिर अमृतसर का इतिहास और अन्य जानकारी

**2. स्वर्ण मंदिर जाने के लिए कौन सा समय है अच्छा–** स्वर्ण मंदिर जाने के लिए कौन सा समय है अगर आप गर्मियों की छुट्टियों में स्वर्ण मंदिर घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो इस समय यहां आने के बारे में सोचिए भी मत। क्योंकि इस समय यहां बहुत गर्मी होती है, इसलिए ये समय यहां घूमने के लिहाज से अच्छा नहीं है। आप मानसून सीजन में जुलाई से अगस्त के बीच यहां आ सकते हैं। वरना अक्टूबर से मार्च तक का समय यहां घूमने के लिए बेस्ट है।

**3. गुरूद्वारा में कहां होता है 'लंगर'**

स्वर्ण मंदिर के गुरूद्वारे में होने वाले लंगर में हर कोई शामिल हो सकता है। सुनकर भले ही आपको हैरत हो लेकिन स्वर्ण मंदिर की किचन में हर रोज 40 हजार लोगों को निःशुल्क लंगर खिलाया जाता है। छुट्टी और वीकेंड्स में हर दिन 4 लाख लोग यहां लंगर खाते हैं।



यहां ज्यादातर रोटी परोसी जाती है, जिसके लिए 12 हजार किलो आटा हर रोज लगाया जाता है। वैकेशंस में यहां की रोटी मशीन से ही रोटियां तैयार होती हैं, जिसमें एक बार में 25 हजार रोटियां बनकर निकलती हैं। यहां की एक खास बात है कि लंगर में खाने के लिए बैठने से पहले आपको अपने जूते उतारने होंगे और सिर को ढंकना होगा। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# गूगल ने किया बड़ा अपडेट

Google पासवर्ड मैनेजर, Chrome पर निःशुल्क उपयोग करने योग्य पासवर्ड मैनेजर को हाल ही में एक नई सुविधा मिली है जो उपयोगकताओं को अपने पासवर्ड अपने परिवार समूह के सदस्यों के साथ साझा करने की सुविधा देती है।

Google पासवर्ड मैनेजर, फ्री-टू-यूज पासवर्ड मैनेजर सेवा को एक नया अपडेट मिल रहा है जो उपयोगकर्ताओं के लिए अपने परिवार समूह के सदस्यों के साथ पासवर्ड साझा करना संभव बना देगा। टेक दिग्गज ने इस साल की शुरूआत में फरवरी में घोषणा की थी और कहा था कि कार्यक्षमता को मई 2024 Google Play सेवाओं ५24.20 अपडेट के हिस्से के रूप में पेश किया जा रहा है।

**फैमिली ग्रुप के साथ ही पासवर्ड शेयर कर पाएंगे**

सुविधा का उपयोग करने के लिए, यदि उपयोगकताओं के पास कोई पारिवारिक समूह नहीं है तो उन्हें एक पारिवारिक समूह बनाना होगा और उन सदस्यों को



जोड़ना होगा जिनके साथ वे पासवर्ड साझा करना चाहते हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि आप केवल उन लोगों के साथ पासवर्ड साझा कर पाएंगे जो आपके परिवार समूह में हैं, न कि उन सभी लोगों के साथ जिनके पास Google खाता है। जैसा कि आप देख सकते हैं, एक नया शेयर बटन है जो Google पासवर्ड मैनेजर में लॉगिन जानकारी देखने पर दिखाई देता है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कान्स में पुरस्कार जीतने पर पायल कपाड़िया को पीएम ने दी बधाई



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पायल कपाड़िया को कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। अपनी फिल्म "ऑल वी इमेजिन एज लाइट" के लिए कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार जीतने वाली पायल पहली भारतीय फिल्म निमार्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि "ऑल वी इमेजिन एज लाइट" के लिए 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रैंड प्रिक्स जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारत को पायल कपाड़िया पर गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि एफटीआईआई की पूर्व छात्रा, उनकी उल्लेखनीय प्रतिभा के साथ वैश्विक मंच पर लगातार चमक रही है। वे भारत में समृद्ध रचनात्मकता की झलक देती है। यह प्रतिष्ठित सम्मान न केवल उनके असाधारण कौशल का सम्मान करता है बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित करता है। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान, महोत्सव का दूसरा सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार, उनकी फिल्म को दिया गया, जबकि प्रतिष्ठित पाल्मे डी ओर अमेरिकी निर्देशक सीन बेकर को उनके काम अनोरा के लिए प्रदान किया गया।

# चारधाम तीर्थयात्रियों से स्वास्थ्य का ध्यान रखने का आग्रह

## अब तक 56 की मौत

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने चारधाम तीर्थयात्रियों को उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्वास्थ्य को लेकर एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। चारधाम यात्रा में इस वर्ष अब तक 16 दिन में 56 यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है। इनमें 27 लोग ऐसे हैं, जिनकी केदारनाथ यात्रा मार्ग पर जान गई। इनमें से अधिकतर की आयु 50 साल से अधिक है। राज्य आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार शनिवार को शाम तक चार तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। बदरीनाथ में 14, यमुनोत्री में 12 और गंगोत्री में तीन तीर्थयात्रियों की मौत के साथ यह आंकड़ा 56 पहुंच गया है। स्वास्थ्य सचिव ने सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को हेल्थ एडवाइजरी जारी कर उसी के आधार पर लोगों को चारधाम यात्रा में भेजने का अनुरोध किया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में पैदल चढ़ते समय एक से दो घंटे के बाद कुछ समय विश्राम जरूरी है। इसके बाद दोबारा यात्रा के लिए आगे बढ़े। इस दौरान सीने में दर्द, सांस की तकलीफ, चक्कर और उल्टी आने पर नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या मेडिकल रिलीफ सेंटर में प्राथमिक उपचार लें।

# केंद्र सरकार ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल 30 जून तक बढ़ाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का मौजूदा कार्यकाल 30 जून तक बढ़ा दिया है। जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे थे, लेकिन कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने रविवार को उनका कार्यकाल एक महीने बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल पांडे ने 30 अप्रैल, 2022 को भारतीय सेना की बागडोर संभाली थी। उन्हें दिसंबर, 1982 में कोर ऑफ इंजीनियर्स (बॉम्बे सैपर्स) में कमीशन मिला था। सीओएएस का पद संभालने से पहले वे वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के पद पर थे। उन्हें 31 मई को सेवानिवृत्त होना था, लेकिन कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने आज उनकी सेवा में एक महीने के विस्तार को मंजूरी दे दी है।



# आज का राशिफल

**मेष:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृषभ:** आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**मिथुन:** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कर्क:** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आत्मचिंतन करें। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी।

**सिंह:** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या:** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला:** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। ह्यआगे-आगे गौरख जागेह्न वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा परिणाम सुखद रहेगा।

**वृश्चिक:** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी।

**धनु:** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मकर:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**कुम्भ:** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन:** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**कार्यक्रम** | पीएम ने 22 से 25 उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया

# आपदा प्रभावित हिमाचल प्रदेश की मोदी सरकार ने की अनदेखी : राहुल गांधी




एजेंसी

शिमला । कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। राहुल ने प्रधानमंत्री पर सीधा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने पिछले एक दशक में 22 से 25 उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है, लेकिन आपदा प्रभावित हिमाचल प्रदेश को कोई आर्थिक मदद नहीं की।

शिमला लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में नाहन में रविवार को आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आपदा ने हिमाचल में भारी तबाही मचाई। 22 हजार परिवार प्रभावित हुए। हमारी कांग्रेस सरकार ने मोदी सरकार से 9 हजार करोड़ रुपये मांगे, लेकिन उन्होंने यह राशि नहीं दी। राहुल ने आरोप लगाया कि आपदा के बाद नरेन्द्र मोदी ने पूरा दम लगाकर हिमाचल की सरकार को अस्थिर करने की कोशश की।

हिमाचल के सेब बागवानों का जिक्र कर राहुल गांधी ने कहा कि अडानी ग्रुप हिमाचल में सेब के दामों को कंट्रोल कर रहा है। इससे बागवानों को उनके सेब की उचित कीमत नहीं मिल रही है। हिमाचल के सेब से लेकर देशभर के एयरपोर्ट तक मोदी ने अडानी के हवाले कर दिया है। मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में जो भी काम किया है, वो सिर्फ देश के 20-25 लोगों के लिए हुआ है और इसे विकास का नाम दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि आईएनडीआईए के सत्ता में आने के बाद किसानों का ऋण माफ किया जाएगा। किसानों की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया जाएगा।

### खटा खट, खटा खट पैसे डाले जाएंगे

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अपने शासन में 22 अरबपति बनाए हैं। कांग्रेस के सतारूढ़ होने पर हम करोड़ों लखपति बनाएंगे। देश के सारे गरीब लोगों की लिस्ट बनेगी और लोगों के खातों में खटा खट, खटा खट पैसे डाले जाएंगे। कांग्रेस सत्ता में आने के साथ ही केंद्र के विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े 30 लाख पदों को भरेगी। राहुल ने युवाओं और महिलाओं के लिए कांग्रेस की ओर से किए गए चुनावी वादों का उल्लेख कर कहा कि सरकार बनते ही इन्हें पूरा किया जाएगा।

# भगवान महाकाल का सूर्य स्वरूप में हुआ विशेष श्रृंगार

एजेंसी

**उज्जैन।** उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में रविवार को ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि के अवसर पर भगवान महाकाल का सूर्य रूपी विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह भस्म आरती के पूजन के बाद भगवान महाकाल को शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल, रुद्राक्ष की माला के साथ सुगंधित पुष्प से बनी फूलों की माला धारण कराई गई और फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया। भगवान के इस दिव्य स्वरूप के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। परम्परा के मुताबिक रविवार तड़के चार बजे महाकालेश्वर मंदिर के पट खुलते ही पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का दूध, दही, घी, शक्कर से बने पंचामृत और फलों के रस से जलाभिषेक किया गया।



# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 300 पहुंची

**सिडनी।** बीते दिन उत्तरी पापुआ न्यू गिनी में आए खौफनाक भारी भूस्खलन में अब मरने वालों की संख?या 300 के पार पहुंच गई है। एंगा प्रांत के एक संसद सदस्य ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में मैप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इस खौफनाक भारी भूस्खलन में 1,182 घर मलवे में दब गए हैं। शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 3.00 बजे एक बड़े भूस्खलन ने पीएनजी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से 600 किमी उत्तर पश्चिम में स्थित एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में तबाही मचा दी। जिसमें लगभग 100 लोगों के मारे जाने की खबर आ रही थी, लेकिन अब ये आंकड़ा बढ़कर 300 हो गया है।

# विदेश से भी पंजाब में आ रही इंडस्ट्री, प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर बेहतर : अरविंद केजरीवाल

**एजेंसी। फिरोजपुर**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पंजाब के फिरोजपुर में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्रेडर्स के साथ एक सभा की। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि पहले के मुकाबले पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिती में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि पंजाब में हमारी सरकार को बने दो साल हुए हैं। हमारी सरकार बनने के पहले यहां इंडस्ट्री और व्यापार की इतनी बुरी हालत थी कि यहां से इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान जैसे दूसरे राज्यों में शिफ्ट हो रहीं थीं। लेकिन, दो साल में पंजाब से इंडस्ट्रीज का बाहर जाने का सिलसिला खत्म हुआ, अब बाहर से पंजाब में इंडस्ट्रीज के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पिछले दो साल में देश भर में घूम-घूमकर इंडस्ट्री मालिकों से मुलाकात की। उनसे बात की और आज इंडस्ट्री मालिकों ने पंजाब में 56 हजार करोड़ रुपये का निवेश शुरू कर दिया है। जमशेदपुर के बाद टाटा स्टील का सबसे बड़ा प्लांट पंजाब में लग रहा है। उन्होंने कहा कि जर्मनी, नीदरलैंड समेत अन्य विदेशी देश पंजाब में इन्वेस्टमेंट करने जा रहे हैं। इसके पीछे की वजह लॉ एंड ऑर्डर है। जब भी कोई बड़ी इंडस्ट्री कहीं निवेश करने की सोचती है, तो सबसे पहले वह देखती है कि वहां लॉ एंड ऑर्डर की क्या स्थिति है। पंजाब की पूर्व सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार से पहले यहां का लॉ एंड ऑर्डर बहुत खराब था। आज पंजाब में अमन शांति है, लॉ एंड ऑर्डर में काफी सुधार है। मैं ये नहीं कहता हूं कि सब कुछ 100 प्रतिशत ठीक हो गया है, काफी कुछ करने की जरूरत है और करेंगे, लेकिन अगर यहां इतनी बड़ी संख्या में इंडस्ट्री आ रही है, तो काफी कुछ ठीक हो गया है।

**गौरवपूर्ण उपलब्धि** / भारतीय नौसेना अकादमी में 'स्प्रिंग टर्म' पास आउट समारोह

# 34 महिला, 10 विदेशी प्रशिक्षु सहित 216 हुए पास आउट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केरल के एझिमाला में भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) से स्प्रिंग टर्म में 216 प्रशिक्षु पास आउट हुए हैं। इनमें 34 महिला और मित्र देशों के 10 प्रशिक्षु हैं। मिड शिपमैन पिनिंटला प्रदीप कुमार रेड्डी को मेरिट के सभी क्रम में प्रथम स्थान हासिल करने लिए 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक' मिला। पासिंग आउट परेड में सफल प्रशिक्षुओं ने चमचमाती तलवारों और राइफलों के साथ पारंपरिक और मार्मिक विदाई धुन पर अंतिम चरण की सलामी देते हुए धीमी गति से मार्च किया।

**परेड का निरीक्षण वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने किया**



### वायु सेना प्रमुख ने प्रशिक्षुओं को दी बधाई

वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट प्रशिक्षुओं, पदक विजेताओं और चैंपियन स्क्वाड्रन को उनकी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने देश की रक्षा के लिए इस पेशे को चुनने और प्रोत्साहित करने के लिए उनके माता-पिता के निर्णय की सराहना की। परेड के बाद पासिंग आउट प्रशिक्षुओं को पट्टियां प्रदान की गईं, जो नौसेना में उनके कमीशनिंग का प्रतीक है।

भारतीय नौसेना अकादमी में शनिवार को 106वें भारतीय नौसेना अकादमी पाठ्यक्रम, 36 और 37 नौसेना विशेष स्तरीय प्रशिक्षण (विस्तारित), 38 नौसेना विशेष स्तरीय प्रशिक्षण (नियमित) और 39 नौसेना विशेष स्तरीय प्रशिक्षण (तटरक्षक एवं विदेशी) के पासिंग आउट परेड (पीओपी) का आयोजन किया गया। परेड का निरीक्षण वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने किया। इन पाठ्यक्रमों को 34 महिला प्रशिक्षुओं और मित्र देशों के 10 प्रशिक्षुओं सहित 216 प्रशिक्षुओं ने अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया। पासिंग आउट परेड में मिडशिपमैन पिनिंटला प्रदीप कुमार रेड्डी को मेरिट के सभी क्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

इसी तरह बीटेक कोर्स के लिए रजत पदक मिड शिपमैन मोहम्मद समीर को, बीटेक कोर्स के लिए एफओसी-इन-सी दक्षिण कांस्य पदक मिडशिपमैन राहुल दर्शन सिंह शोरन को, एनओसी (विस्तारित) के लिए स्वर्ण पदक कैडेट संधिता पटनायक को एनओसी (विस्तारित) के लिए एफओसी-इन-सी दक्षिण रजत पदक कैडेट शौर्य जामवाल को दिया गया। इसी तरह कमांडेंट, एनओसी (विस्तारित) के लिए आईएनए कांस्य पदक कैडेट सलोनी के सिंह को, एनओसी (पंजीकृत) के लिए सीएनएस द्वारा स्थापित स्वर्ण पदक और सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर महिला कैडेट कैडेट जाह्नवी सिंह को, एनओसी (पंजीकृत) के लिए कमांडेंट रजत पदक कैडेट सहाना एमके को, महानिदेशक तटरक्षक सर्वश्रेष्ठ सहायक कमांडेंट सहायक कमांडेंट आदित्य ओझा को दिया गया। फाइटर स्क्वाड्रन ने प्रतिष्ठित चैंपियन स्क्वाड्रन बैनर प्राप्त किया।

स्वाति ने यूट्यूबर ध्रुव राठी को घेरा, कहा-

# उनके वीडियो से बढ़ गई रेप व हत्या की धमकियां

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल मुख्यमंत्री आवास पर हुई मारपीट को लेकर लगातार अपनी पार्टी पर चरित्र हनन, पीड़ित को परेशान करने और उनके खिलाफ भवनायें भड़काने का आरोप लगा रही हैं।

इस बार उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी पर पार्टी के कहने पर उनके खिलाफ मुहिम चलाने का आरोप लगाया है जिसके चलते उन्हें पहले ज्यादा परेशान करने वाल कॉल और मेसेज प्राप्त हो रहे हैं। स्वाति ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्हें इसके चलते रेप और हत्या की धमकी मिल रही हैं। यूट्यूबर ध्रुव राठी के उनके खिलाफ एकतरफा वीडियो पोस्ट करने के बाद उन्हें ज्यादा धमकियां मिल रही हैं।







# खेलो झारखंड 2024-25 में बढ़ी खेलों की संख्या

- 32 विभिन्न खेल स्पधाएँ और बैंड प्रतियोगिता शामिल
- खेलो झारखंड प्रतियोगिता 21 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक
- 20 जून से विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं शुरू होंगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और राज्य शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में इस वर्ष खेलो झारखंड प्रतियोगिता में अंडर 11-14-17-19 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को विभिन्न खेल स्पधाओं में शामिल होने का मौका मिलेगा। सभी सरकारी विद्यालयों (मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, आदर्श विद्यालय, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय सहित) तथा सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थी इन प्रतियोगिताओ में शामिल होंगे। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि 20 जून से विद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का सिलसिला शुरू हो जाएगा। विद्यालय स्तर पर विजयी खिलाड़ियों को प्रखंड, जिला फिर राज्यस्तर पर खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इस वर्ष 11 आयु वर्ग तक के बच्चो के लिए स्केटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए जिला और राज्यस्तर पर बैंड प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।खेलो झारखंड 2024-25 अंतर्गत अंडर 14-17-19 आयु वर्ग तक के विद्यार्थियों के लिए एथलेटिक्स, आर्चरी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, हॉकी, योगासन, चेस, कराटे, ताइक्वांडो, जुडो, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, साइकिलिंग, मलखम्ब, जिमनास्टिक्स, हैंडबॉल, स्विमिंग, बास्केटबॉल, शूटिंग, स्केटिंग, स्क्वाश, टेबल टेनिस, टेनिस, नेटबॉल, फेंसिंग, रेसलिंग (बालिका) प्रतियोगिता का आयोजन होगा। अंडर 17-19 बालक, बालिका वर्ग के विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट, रेसलिंग, वुशु, गटका, वेटलिफ्टिंग का आयोजन होगा।इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता में बच्चे दिखाएंगे प्रतिभाखेलो झारखंड 2024-25 के तहत इस वर्ष राज्यस्तरीय बैंड प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें कक्षा 8-12 तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रत्येक बैंड दल में न्यूनतम 25 और अधिकतम 33 सदस्य भाग ले सकेंगे। बैंड प्रतियोगिता का आयोजन जिला एवं राज्यस्तर पर होगा। इस वर्ष जिलों के बीच इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूनामेंट भी होगा। प्रत्येक टीम में 15 प्रतिभागी होंगे। जिलास्तर पर एक दिवसीय ट्रायल आयोजित कर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीमों का चयन होगा। प्रतियोगिता 20-20 ओवर की या नॉक आउट टूनामेंट पर आधारित होगी। इस प्रतियोगिता में पावर प्ले (30 यार्ड सर्कल) के नियम का पालन नहीं होगा।दो सितंबर से शुरू होंगी राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएंइस वर्ष खेलो झारखंड 2024-25 की राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएं दो सितंबर से शुरू होंगी। यह प्रतियोगिताएं पांच नवंबर तक चलेंगी। दो सितंबर से पांच सितंबर तक फुटबॉल, 10 से 13 सितंबर तक खो-खो, 19 से 21 सितंबर तक क्रिकेट और रेसलिंग, 24 से 27 सितंबर तक कबड्डी, 30 सितंबर से दो अक्टूबर तक हॉकी और वुशु, पांच से आठ अक्टूबर तक वॉलीबॉल, 15 से 16 अक्टूबर तक आर्चरी, योगा और चेस, 24 से 27 अक्टूबर तक एथलेटिक्स, चार और पांच नवंबर को राज्यस्तरीय बैंड प्रतियोगिता होगी। 18 और 19 अक्टूबर को ताइक्वांडो, जुडो, बैडमिंटन, साइकिलिंग, बास्केटबॉल, टेबलटेनिस, 20 अक्टूबर को गटका, हैंडबॉल, वेटलिफ्टिंग, स्केटिंग, स्क्वाश, फेंसिंग, स्पीक टकराव प्रतियोगिता होगी। 20 और 21 अक्टूबर को कराटे, 21 अक्टूबर को बॉक्सिंग, टेनिस, नेटबॉल, मलखम्ब, जिमनास्टिक्स, शूटिंग, स्विमिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इन प्रतियोगिताओ में 47,508 खिलाड़ी शामिल होंगे।प्रमाण पत्रों की होगी विस्तृत जांच, त्रुटि पाए जाने पर होगी कार्रवाईआयु वर्ग 14-17-19 के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं के आयु प्रमाण पत्रों की विस्तृत जांच की जायेगी। इसमें त्रुटि पाए जाने पर संबंधित खिलाड़ी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शारीरिक शिक्षा के शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अन्यथा की स्थिति में अभिभावक की सहमति को आधार बनाकर अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# केकेआर तीसरी बार बना आईपीएल चैंपियन

## सन राईजर्स हैदराबाद 8 विकेट से फाइनल में हारी



**एजेंसी। चेन्नई**
आखिरकार गौतम गंभीर के मेंटोर बनते ही कोलकाता नाइट राइडर्स के पुराने दिन वापस आ गए और उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए आईपीएल इतिहास का अपना तीसरा खिताब जीत लिया। चेपॉक के मैदान पर पहले खेलने उतरी सनराइजर्स हैदराबद को कोलकाता के गेंदबाजों ने 113 रन पर ही रोक दिया। यह आईपीएल फाइनल इतिहास में बना सबसे न्यूनतम स्कोर भी रहा। जवाब में खेलने उतरी कोलकाता ने 11वें ओवर में ही जीत हासिल कर ली। बल्लेबाजी करते हुए गुरबाज ने 43 तो वेंकटेश अय्यर ने 51 रनों का योगदान दिया। यह कोलकाता नाइट राइडर्स की तीसरी खिताब जीत है। 2012 में कोलकाता ने चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से तो 2014 में पंजाब को 3 विकेट से हराकर खिताब जीते थे। अब 10 साल बाद कोलकाता इतिहास दोहराने में सफल रही।

**सनराइजर्स हैदराबाद : 113-10 (18.3 ओवर)**
हैदराबाद ने 2 ओवर में ही गंवाए ओपनर्स : हैदराबाद के लिए सीजन में सबसे मजबूत पक्ष ओपनिंग जोड़ी रही है। लेकिन फाइनल मुकाबले में कोलकाता के आगे यह जोड़ी फेल हो गई। अभिषेक शर्मा को पहले ही ओवर में मिचेल स्टार्क ने पवेलियन की राह दिखाई तो वहीं, दूसरी ओवर फेंकने आए वैभव अरोड़ा ने ओवर की आखिरी गेंद पर ट्रेविस हेड को गुरबाज के हाथों कैच आऊट करा दिया। ट्रेविस एक बार फिर से गोल्डन डक हुए। इससे पहले क्वालिफायर में हेड स्टार्क की गेंद पर शून्य पर आऊट हो गए थे। स्कोरबोर्ड पर तब 6 ही रन थे।

**कोलकाता नाइट राइडर्स : 114-2 (10.3 ओवर)**
पावरप्ले में जोरदार शुरूआत : कोलकाता के सामने 114 रन का लक्ष्य था लेकिन उनकी शुरूआत अच्छी नहीं रही।

सुनील नरेन पहली गेंद पर छक्का लगाने के बाद अगली गेंद पर आऊट हो गए लेकिन ओपनर गुरबाज के साथ वेंकटेश अय्यर ने इसकी कमी कोलकाता को खलनी नहीं दी। दोनों ने पावरप्ले के दौरान आतिशी बल्लेबाजों की। वेंकटेश तो अलग ही रंग में नजर आए। उन्होंने नटराजन को आड़े हाथों लिया। जिससे पावरप्ले में कोलकाता की टीम 72 रन तक पहुंच गई।

वेंकटेश अय्यर की मैच विजेता फिफ्टी : 9वें ओवर में जब कोलकाता का स्कोर 102 हो चुका था तब ओपनर गुरबाज 32 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर आऊट हो गए। लेकिन वेंकटेश ने बल्ला नहीं रोका और 24 गेंदों पर सीजन का अपना चौथा अर्धशतक भी पूरा किया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी संक्षिप्त पारी खेलकर अपनी टीम का जीत दिलाई।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**
**सनराइजर्स हैदराबाद :** ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्कराम, नितीश रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन
**कोलकाता नाइट राइडर्स :** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, श्रेयस अय्यर (कप्तान), रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

# मलेशिया मास्टर्स का खिताब जीतने से चूकी पीवी सिंधु




**एजेंसी। कुआलालंपुर**
भारत की स्टार शटलर एवं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूनार्मेंट का खिताब जीतने से चूक गईं। उन्हें रविवार को महिला एकल के फाइनल मैच में चीनी खिलाड़ी वांग झीयी से 21-16, 5-21 और 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

पीवी सिंधु ने फाइनल मैच में शुरूआत अच्छी की। उन्होंने पहला गेम 21-16 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे गेम में सिंधु लय बरकरार नहीं रख सकीं। चीनी खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी करते हुए दूसरे गेम को अपने 21-5 से अपने नाम किया। तीसरे और अंतिम गेम में भी झियी ने सिंधु को हराकर जीत हासिल की। इस तरह सिंधु चीनी खिलाड़ी से 21-16, 5-21 और 16-21 से हार गईं।

शनिवार को खेले गए महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में सिंधु ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 13-21, 21-16, 21-12 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई थी। सिंधु ने एक साल से अधिक समय बाद अपने पहले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में जगह बनाई थी। उनकी आखिरी उपस्थिति अप्रैल में 2023 स्पेन मास्टर्स में थी, जहां उन्हें ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजंग ने हराया था।

# पांच दिवसीय कराटे एवं किकबॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन


**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
26 मई 2024 से 30 मई 2024 तक हनुमान नगर छठ घाट सहिजना में कराटे प्रशिक्षण केंद्र में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन की शुरूआत की गई। इस शिविर के उद्घटनकर्ता सह मुख्य अतिथि सुबोध वर्मा अधिवक्ता सह गढ़वा जिला कराटे संघ वरीय उपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शिविर का उद्घाटन किए। वही नगर परिषद प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा सह गढ़वा जिला कराटे संघ अध्यक्ष व खेलकूद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता सह किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में किक बॉक्सिंग खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किए। इस निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर को मुख्य रूप से संचालित करेंगे मुख्य कोच सह प्रशिक्षक मनोज संसाइ । पहले दिन 30 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया जिनके नाम निम्न प्रकार से हैं सविता कुमारी, झूलन कुमारी, प्रकृति आनंद देव, ओम आनंद देव ,कृष्णानंद देव, रूपा कुमारी, काजल तूफान ,श्रेया कुमारी, सुप्रिया कुमारी, समीर कुमार चौबे देवराज सिंह, साइन



प्रवीण, अनमोल कुमार, अनन्या कुमारी, अदिति पांडे ,अनुराज पांडे, नंदनी कुमारी, हर्ष कुमार, सक्षम कुमार सुरुचि कुमारी, अमर कुमार, राजकुमार, आरूषी कुमारी, स्नेहा कुमारी, अभिजीत चौबे, एंजेल सचिन किस्पोटा ,अनन्या कुमारी, अराधना कुमारी, अक्षय कुमार श्रुति कुमारी। मौके पर उपस्थित रामनाथ रावत गुड्डु सोनी कमलेश साहू दीपक कुमार

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# सैमसंग का लेदर डिजाइन वाला फोन हुआ लांच



**एजेंसी। नई दिल्ली**
सैमसंग नया स्मार्टफोन Galaxy F55 5G, 27 मई 2024 को लॉन्च होगा। फोन में क्लासी वीगन लेदर यूज किया गया है। अगर सैमसंग के फोन की बात करें, तो चाइनीज ब्रांड ने डिजाइन के मामले में काफी इंप्रूवमेंट किया है। चाइनीज ब्रांड ने 20 से 30 हजार रुपये के प्राइस प्वाइंट में वीगन लेदर डिजाइन पेश करके इंडियन स्मार्टफोन मार्केट में नया ट्रेंड सेट कर दिया था। ऐसे में सैमसंग भी 30 हजार रुपये से कम कीमत में नया स्मार्टफोन ला रहा है, जो वीगन लेदर डिजाइन में आएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या Galaxy F55 5G स्मार्टफोन चाइनीज स्मार्टफोन ब्रांड को टक्कर दे पाएगा।

सैमसंग गैलेक्सी एफ55 5G, दोपहर 12 बजे लॉन्च किया जाएगा। फोन दो कलर ऑप्शन ब्लैक और ऑरेंज में आएगा। फोन के किनारे की तरफ गोल्डन टच दिया गया है। कंपनी का मानना है कि यह फोन गेमचेंजर साबित हो सकता है। कंपनी का दावा है कि Galaxy F55 5G सेगमेंट का सबसे पतला वीगन लेदर वाला स्मार्टफोन होगा, जिसे 2024 में लॉन्च किया जाएगा। फोन को 29,999 रुपये के प्राइस में लॉन्च किया जा सकता है। हालांकि कंपनी ने कीमत का ऑफिशियल ऐलान नहीं किया है।

स्पेसिफिकेशन्सफोन में 12 जीबी रैम के साथ स्नैपड्रैगन 7 जेन 1 चिपसेट दिया जाएगा। फोन 120Hz सुपर एमोलेड डिस्प्ले के साथ आएगा। फोन 45w फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आएगा। फोन चाल साल एंड्रॉइड अपडेट और 5 साल सिक्योरिटी अपडेट के साथ आएगा। फोन में इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर सपोर्ट दिया जाएगा। फोन में 50MP का मेन कैमरा, 5MP और 2MP के तीन कैमरे बैक में दिए जाएंगे, जबकि फ्रंट में 50टढ सेल्फी कैमरा दिया जाएगा। फोन में ड्यूल रिकॉर्डिंग कैमरा मिलेगा।

## खूब बिक रहे महंगे फ्लैट

**नई दिल्ली।** देश में अब लोग महंगे फ्लैट ज्यादा खरीद रहे हैं। यही वजह है कि अब बिल्डर भी लग्जरी यानी महंगे फ्लैट्स बनाने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। दरअसल देश में बीते जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान सस्ते मकानों की बिक्री में गिरावट आई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश के आठ प्रमुख शहरों में 60 लाख रुपये तक कीमत वाले सस्ते घरों की नई आपूर्ति 38 फीसदी तक घट गई है। यह घटकर 33,420 यूनिट रह गई है। अब बिल्डर भी लग्जरी फ्लैट ज्यादा बनाने लगे हैं। रियल एस्टेट के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

# भारत में तेजी से बढ़ रही है ऑफ-रोडिंग कारों की मांग

**नई दिल्ली।** हमारा देश अपनी विविध भौगोलिक विशेषताओं के साथ ही ऑफ-रोडिंग के शौकीनों के लिए स्वर्ग से कम नहीं है। ऊंचे पहाड़ों से लेकर घने जंगलों और रेतीले टीलों तक, यहां हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। ऑफ-रोडिंग कारें रोमांच और चुनौती का मिश्रण पेश करती हैं, जो उन्हें उन लोगों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती हैं जो प्रकृति के करीब जाना चाहते हैं और अपनी ड्राइविंग क्षमताओं को टेस्ट करना चाहते हैं। ऑफ-रोडिंग कारों को मुख्य रूप से दो कैटिगरी में बांटा जाता है। जहां एसयूवी सबसे सामान्य ऑफ-रोडिंग कार है। वहीं, ऑफ-रोड ट्रक एसयूवी से बड़े और ज्यादा पावरफुल होते हैं। आइए, आपको टॉप 10 ऑफ-रोड गाड़ियों के बारे में बताते हैं।



### महिंद्रा थार
**यह ऑफ-रोडिंग के शौकीनों के बीच सबसे पॉपुलर गाड़ी है। थार अपने पावरफुल इंजन, मजबूत चेसिस और किफायती दाम के लिए जानी जाती है।**

### मारुति सुजुकी जिम्नी
**यह छोटी एसयूवी अपनी कॉम्पैक्ट साइज और शानदार ऑफ-रोड क्षमताओं के लिए लोकप्रिय है। जिम्नी उन लोगों के लिए एकदम सही है।**





### जीप रैंगलर
**अमेरिकी कंपनी जीप ऑफ-रोडिंग दिग्गज रैंगलर अपनी अद्भुत क्षमताओं और स्टाइलिश लुक के लिए दुनियाभर में पॉपुलर है।**

### फोर्स गुरखा
**भारत में बनी यह ऑफ-रोड एसयूवी अपनी पावर और अग्रेसिव डिजाइन के लिए जानी जाती है। गुरखा उन लोगों के लिए एकदम सही है, जो चुनौतीपूर्ण इलाकों में जाना चाहते है।**





### टाटा सफारी
**टाटा की यह धांसू एसयूवी अपने पावरफुल इंजन, कंफर्टेबल इंटीरियर और किफायती दाम के लिए जानी जाती है। सफारी उन लोगों के लिए एकदम सही है, जो परिवार के साथ ऑफ-रोड यात्रा करना चाहते हैं।**

# भीषण गर्मी में जमकर ट्रैवल कर रहे लोग, खूब हो रही बुकिंग



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत में चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए इस साल ग्रीष्मकालीन यात्रा में सालाना आधार पर 40 फीसदी का उछाल आया है। इस दौरान आतिथ्य और यात्रा सेवाओं की जोरदार मांग देखने को मिल रही है। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि आम चुनावों का कॉरपोरेट बैठक, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी (एमआईसीई) व्यवसाय पर मामूली प्रभाव पड़ा है। होटल के रिटेल कारोबार में इजाफा हो रहा है। लोग पसंदीदा अवकाश स्थल के लिए समुद्र तट के गंतव्य, पर्वतीय गंतव्यों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और रेडिसन होटल समूह के चेयरमैन (दक्षिण एशिया) के बी काचरू ने पीटीआई-भाषा को बताया, ह्यद्देश के उत्तरी हिस्से में रहने वाले लोग गर्मी से बचने के लिए पहाड़ों की ओर जाते हैं। शहरों से नजदीकी पर्यटन या अवकाश स्थलों की ओर भी आवाजाही होती है। उद्योग सूत्रों का अनुमान है कि इस साल गर्मियों की यात्रा में सालाना आधार पर 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि होगी। **पिछले साल के मुकाबले आया उछाल**
मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और समूह सीईओ राजेश मागो ने कहा कि यात्रा की योजना के लिहाज से गर्मी हमेशा साल की बड़ी तिमाही होती है और इस साल भी इस क्षेत्र में उछाल जारी है। मेकमाईट्रिप के ग्रीष्मकालीन यात्रा रुझानों के मुताबिक, 2023 की गर्मियों की तुलना में इस साल पारिवारिक यात्रा खंड में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि एकल यात्रा में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस गर्मी में सबसे अधिक बुक किए गए अवकाश गंतव्यों के मामले में हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, गोवा, केरल और पूर्वोत्तर जैसे पर्वतीय स्थल सबसे आगे हैं।
इन जगहों की खूब हो रही बुकिंग
रॉयल ऑर्किड होटल्स लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक चंदर के बालजी ने कहा कि चुनावों का कॉरपोरेट और एमआईसीई व्यवसाय पर मामूली प्रभाव पड़ सकता है, लेकिन समूह स्तर पर खुदरा कारोबार में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय स्थलों के होटल, रिजॉर्ट और अन्य अवकाश स्थलों में अधिक मांग देखी जा रही है। ओयो के एक प्रवक्ता ने कहा कि कुल अवकाश बुकिंग में समुद्र तटों की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत है, जो गर्मी के महीनों के दौरान भी तटीय स्थलों के प्रति एक मजबूत झुकाव को दशार्ता है।




# अंतिम चरण के लिए पार्टियों ने संताल में झोंकी ताकत

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

**झारखंड में तीसरे चरण का मतदान खत्म हो होने के बाद अब सभी एनडीए और इंडी दोनों गठबंधन ने संताल परगना के तीनों सीट पर 1 जून को होने वाले मतदान को लेकर अपनी ताकत झोंक दी है । संताल परगना की तीनों सीट राजमहल, दुमका और गोड्डा पर सबकी नजरें हैं, इसमें दो सीट आदिवासी आरक्षित सीट है तो एक सामान्य सीट है। 2019 में दुमका और गोड्डा पर भाजपा का कब्जा था और राजमहल पर झामुमो ने कब्जा जमाया था।**

**इस बार दोनों गठबंधन की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इसलिए दोनों गठबंधन के कई बड़े नेता संताल में कैंप कर जोर आजमाइश में जुटे हैं।**

## सोरेन परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर



सोरेन परिवार की विरासत वाली सीट दुमका पर पिछली बार की तरह मुकाबला भाजपा और झामुमो के बीच ही सीधा मुकाबला है। लेकिन इस बार परिस्थिति बिल्कुल अलग है। सोरेन परिवार का की भी सदस्य झामुमो के टिकट पर मैदान में नहीं है, क्योंकि शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन भाजपा में शामिल होकर सोरेन परिवार को ही चुमौती दे रही है। तो दूसरी तरफ गुरुजी के सबसे वफादार और पुराने दिग्गज सात बार के विधायक नलिन सोरेन सोरेन परिवार की विरासत बचाने में जुटे हैं। 2019 में भाजपा के सुनील सोरेन ने शिबू सोरेन को हरा कर भाजपा को जीत दिलायी थी, लेकिन इस बार भाजपा ने शिबू सोरेन परिवार में सेंधमारी कर सोरेन परिवार की बहू को अपने पाले में कर संताल से पूरी तरह झामुमो का सफाया करना चाहती है। भाजपा के इसी उद्धेश्य को पूरा करने के लिए भाजपा के सभी बड़े दिग्गज दुमका में कैंप कर धुंआधार जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं। इसमें आजसू ने भी अपनी ताकत झोंक दी है। दूसरी तरफ इंडी गठबंधन भी इस बार शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के बिना चुनाव मैदान में है और उनकी कमान शिबू सोरेन के छोटे बेटे बसंत सोरेन और हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन संभाल रही है।

## गोड्डा में अभिषेक झा से मुकाबला बना दिलचस्प



संताल परगना की एक मात्र सामान्य सीट गोड्डा पर राज्य की ही नहीं देश भर की नजरें टिकी है, भाजपा के तेजतर्रार नेता और शिबू परिवार पर तीखे हमले के लिए चर्चित भाजपा सांसद निशिकांत दुबे जीत का चौका लगाने के लिए मेहनत कर रहे हैं, वहीं उनका मुकाबला उनके चिरप्रतिद्वंदी कांग्रेस के प्रदीप यादव से है। निशिकांत दुबे को गोड्डा में विकास के सहारे चुनाव जीतने को लेकर आश्वस्त हैं। वहीं पांच बार के विधायक और एक बार सांसद रह चुके प्रदीप यादव भी इस बार भाजपा प्रत्याशी को पटकनी देने के लिए जी-जान से जुटे हैं। सीधा मुकाबला इन दोनों के बीच ही होने के आसार हैं। लेकिन इसे त्रिकोणीय बनाने में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री विनोदानंद झा के प्रपौत्र अभिषेक आनंद झा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। उनकी उम्मीदवारी से मुकाबले दिलचस्प हो गया है। अभिषेक झा के नामांकन में सैकड़ों वाहनों का काफिला और जुटी भीड़ को देख कर लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि अगर मुकाबला त्रिकोणीय हुआ तो परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं। जिसकी संभावना बन रही है। अभिषेक झा किसका नुकसान करेंगे।

## लोबिन की उम्मीदवारी से झामुमो की राह कठिन



संताल परगना की राजमहल लोकसभा सीट झामुमो की प्रतिष्ठा वाली सीट मानी जाती है। 2014 और 2019 में प्रचंड मोदी लहर में भी राजमहल की सीट से भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा था। झामुमो के सीटिंग सांसद विजय हांसदा मोदी लहर में भी लगातार दोनों बार जीत दर्ज की और झामुमो के इकलौते सांसद बनकर झारखंड से विपक्ष की आवाज बनते रहे। इसलिए झामुमो ने फिर से विजय हांसदा पर ही भरोसा दिखाते हुए चुनावी मैदान में उतारा है। जबकि भाजपा ने पूर्व विधायक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को मैदान में उतारा है। ताला मरांडी पर भाजपा को इस सीट से जीत दिलाने ना सिर्फ बड़ी जिम्मेवारी है,बल्कि उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर भी काफी महत्वपूर्ण है। ताला मरांडी पहले भाजपा में ही थे, लेकिन अपने बेटे की नाबालिग लड़की से शादी मामले में विवाद में आने के कारण इन्हें प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी गंवानी पड़ी थी। फिर पार्टी विरोधी बयान के कारण भी पार्टी छोड़नी पड़ी। इसके बाद ये कई दलों में गए, आजसू के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाबूलाल के अध्यक्ष बनने पर उनकी वापसी हुई है और सीधे लोकसभा का टिकट मिल गए।

### जामताड़ा में विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आयोजित

# तुष्टिकरण झामुमो-कांग्रेस की राजनीति का आधार, विकास से मतलब नहीं : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जामताड़ा के यज्ञ मैदान में आयोजित जामताड़ा विधानसभा स्तरीय ग्राम प्राभारी सम्मेलन में शिरकत की । दुमका से एनडीए प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रही। सुदेश महतो ने कार्यकताओं को उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए साथ ही उन्होंने सीता सोरेन की ऐतिहासिक जीत के लिए लोगों से आह्वान किया। इस दौरान जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी और विधानसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया। मौके पर जामताड़ा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन बर्मन ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आजसू सुप्रिमो ने कार्यकताओं को संबोधित करते




हुए कहा कि कांग्रेस के तुष्टीकरण की राजनीति के कारण समाज का एक वर्ग राष्ट्रीय विचारधारा से दूर है। झामुमो और कांग्रेस अपने राजनीतिक दायित्व से अलग होकर तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं। विकास से इनका कोई वास्ता नहीं है। इन दोनों ने समाज के एक-एक वर्ग को अपने राजनीतिक लाभ के लिए अपना शिकार बना रखा है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने संथाल परगना के विकास को अवरोध किया है। साथ ही सबसे ज्यादा आदिवासी समाज को गुमराह किया है। यही वजह है कि लोकसभा चुनावों में राज्य की जनता ने इंडी गठबंधन को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि सातवें और अंतिम चरण में संथालपरगना की तीनों सीटों पर एनडीए की जीत होगी। पहले के चरणों में जिन 11 सीटों पर चुनाव हुए हैं, वहां इंडी गठबंधन की हार तय है। सुदेश महतो ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों का हित सरकार का कर्तव्य है लेकिन मौजूदा सरकार ने राजनीति की परिभाषा ही बदल कर रख दी है। जिस सरकार को जनता ने विकास के लिए चुना था आज उसी सरकार के भीतर कौन अधिक भ्रष्टाचार करेगा इस बात की प्रतिस्पर्धा चल रही है।

# हासा-भाषा को खत्म करने पर तुली है कांग्रेस-झामुमो : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को काठीकुंड प्रखंड क्षेत्र के दलदली मैदान में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने राज्य सरकार पर जबरदस्त प्रहार करते हुए दुमका लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अर्जुन मुंडा ने कहा कि लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनाज, शौचालय, शुद्ध पेयजल, आवास मुहैया कराने का काम किया। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हासा-भाषा को खत्म करने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने खनिज संपदा को लूटा, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया।साथ ही अपनी तिजोरी भरने का काम किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग का पैसा बड़ी-बड़ी बिल्डिंग में मिल रही है।यह पैसा किसका है, इसका हिसाब तो देना पड़ेगा। झारखंड सरकार के मंत्री लूट का साधन बना लिए है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है, हर गरीबों को राशन मिले,हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचे, हर घर का चूल्हा जलना चाहिए,सभी का पक्का मकान होना चाहिए, शिक्षित युवाओं को नौकरी मिलना चाहिए। उन्होंने एक जून को बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील जनता से की। मुंडा ने कहा कि आपके मतदान के ताकत से पाक अधिकृत कश्मीर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वापस लेकर रहेंगे।




### बिष्णु दत्त ने दुमका में बूथ अध्यक्षों के साथ की बैठक

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के रानेश्वर स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को रानेश्वर मंडल के नौ पंचायत अध्यक्षों एवं 50 बूथ अध्यक्षों की विशेष बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह सांसद बिष्णु दत्त शर्मा उपस्थित थे। बिष्णु दत्त ने बूथ अध्यक्षों को बूथ जीतने की रणनीति बताते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष ही संगठन का असली चाणक्य है। उन्हीं की बदौलत संगठन प्रदेश से लेकर केंद्र में सरकार बनाते हैं। उन्होंने हर बूथ में 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का निर्देश दिया। शर्मा ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि केंद्र में हम तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं।

# झामुमो प्रत्याशी 35 साल से विधायक पर क्षेत्र का नहीं किया विकास : मधु

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा अपनी सांसद पत्नी गीता कोडा के साथ संताल परगना में भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। रविवार को दुमका लोकसभा सीट के शिकारीपाड़ा के सीतासाल, बोराडंगाल, सिरुआडीह, लांगों पहाड़ी गांव पहुंचे और जनसंपर्क अभियान चलाया। भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के लिए जीताने की अपील की । पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने कहा कि जिस तरह पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है, उसी तरह संताल में भी भाजपा के पक्ष में लहर है, दुमका में भी भाजपा के पक्ष में काफी रुझान है। ऐसे में यहां से सीता सोरेन की जीत पक्की है। दुमका के लोग यह समझ चुके हैं कि क्षेत्र का विकास भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। पूर्व सीएम ने झामुमो प्रत्याशी स्थानीय विधायक विधायक नलिन सोरेन पर भी जमकर निशाना साधा। शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से नलिन सोरेन पिछले 35 वर्षों से विधायक हैं पर इस इलाके में किसी भी तरह का विकास कार्य नहीं हुआ। लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा है। जनता उनसे ऊब चुकी है, उनकी सच्चाई जान चुकी है कि इनसे कुछ नहीं होने वाला है। जनता अब उनको मौका देने वाली नहीं है।मधु कोड़ा ने कहा कि उनको जीताकर कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है।



झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन रविवार को इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में भाग लेने गोड्डा पहुंचीं। गोड्डा में हेलीकॉप्टर से उतरते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा व कांग्रेस पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

### मतदान

## राज्य के तीसरे चरण में 65.40 फीसदी वोटिंग

# रांची व जमशेदपुर में पुरुषों ने मारी बाजी : के. रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि देश के छठे चरण और राज्य के तीसरे चरण में मतदान का प्रतिशत 65. 40 रहा है। मतगणना के दिन पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद इस आंकड़ें में थोड़ी बढ़ोतरी होगी।

उन्होंने कहा कि सभी इवीएम स्क्रूटनी के बाद स्ट्रांग रूम में सील किये जा चुके हैं। स्ट्रांगरूम त्रिस्तरीय सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरे की निगहबानी में है। उन्होंने कहा कि राज्य में तीसरे चरण में भी मतदान शांतिपूर्ण रहा। वे रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।



### जमशेदपुर में 67.49 व रांची में 65.20 महिलाओं ने किया वोट

उन्होंने बताया कि जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सर्वाधिक 67.68 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाता 67.87 और महिला मतदाताओं ने 67.49 फीसदी मतदान किया है। इस तरह महिलाओं से पुरुष मतदाताओं से 0.38 फीसदी अधिक मतदान किया है। उसी तरह रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 65.36 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाता 65.53 और महिला मतदाताओं ने 65.20 फीसदी मतदान किया है। इस तरह महिलाओं से पुरुष मतदाताओं ने 0.33 फीसदी अधिक मतदान किया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 129 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।

### गिरिडीह में 69.60 और धनबाद में 62.33 फीसदी महिलाओं ने किया मतदान

उन्होंने बताया कि गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 67.23 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने अधिक मतदान किया है। यहां पुरुष मतदाता 65.00 और महिला मतदाताओं ने 69.60 फीसदी मतदान किया है। इस तरह पुरुष मतदाताओं से 4.60 फीसदी अधिक मतदान महिलाओं ने किया है। धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 62.06 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां भी पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने अधिक मतदान किया है। यहां पुरुष मतदाता 61.82 और महिला मतदाताओं ने 62.33 फीसदी मतदान किया है। इस तरह पुरुष मतदाताओं से 0.51 फीसदी अधिक मतदान महिलाओं ने किया है।

## देश की जनता इंडी गठबंधन को पूर्ण बहुमत देगी : कैलाश

**रांची ।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि देश में प्रमुख मुद्दा बेरोजगारी, महंगाई,संविधान, आरक्षण, महिला सुरक्षा, अग्निवीर,ओल्ड पेंशन स्कीम किसान मजदूर जैसे अन्य ज्वलंत जनता के मुद्दों पर सवाल उठाकर विपक्ष मोदी सरकार को घेर रहा है । यही कारण है कि देश की जनता इंडिया गठबंधन को समर्थन कर स्पष्ट बहुमत देने का काम करेगी और देश में अहंकारी मोदी सरकार को हटाने के पक्ष में लगातार हर चरण में वोटिंग कर रही है । यादव ने कहा कि राजद के युवा नेता तेजस्वी यादव का युवाओं महिलाओं और आम लोगों में काफी लोकप्रियता बढ़ी है,बिहार के साथ साथ झारखंड, बंगाल,महाराष्ट्र, दिल्ली यूपी जैसे जगहों पर उनके कार्यक्रम के लिए तमाम राजनैतिक दल निमंत्रण दे रहे हैं । अब तक 6 चरण में 210 से अधिक विशाल जनसभा करने का ऐतिहासिक काम किया है।

## न्यूज | बॉक्स

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज उधवा में करेंगे जनसभा



**रांची ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को राजमहल लोकसभा में 3:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा का आयोजन राजमहल लोकसभा के साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड के श्रीधर दियरा कॉलोनी नंबर 9 स्थित प्राथमिक विद्यालय मैदान में किया गया है। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, लोकसभा संयोजक अनंत ओझा, लोकसभा प्रत्याशी ताला मरांडी, साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्वल मंडल भी मौजूद रहेंगे।

### विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग




**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व मे चुनाव आयोग पहुँच कर विधान सभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की विधान सभा अध्यक्ष जिस प्रकार अपने पद का दुरूपयोग कर रहे हैं वह गलत है और भाषण मे अध्यक्ष ने कहा है की ₹जेल का फाटक टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा, जेल का फाटक तब टूटेगा जब नलिन सोरेन जीतेगा यह नारा नहीं है बल्कि न्यायपालिका पर हमला है। हेमंत सोरेन न्यायपालिका के आदेश पर जेल मे हैं और जेल का फाटक तोड़ने का आह्वान विधान सभा अध्यक्ष कर रहे हैं जो खुद संवैधानिक पद पर हैं और उनका कोर्ट भी लगता है। विधानसभा अध्यक्ष युवाओं को उकसाने का काम कर रहे हैं की जेल का ताला तोड़ने के लिए, जब जन प्रति निधि ऐसा आह्वान करता है तो वह युवाओं के लिए जनता के लिए उकसाने का काम होता है। विधान सभा अध्यक्ष किसी पार्टी के सदस्य नहीं होते फिर भी विधान सभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो प्रचार कर रहे हैं। पूर्व मे इनके खिलाफ भाजपा ने शिकायत दर्ज कराई थी पर आजतक कोई करवाई नहीं हुई। प्रतिनिधिमंडल मे शिव कुमार शर्मा, मनोज दुबे शामिल थे।

### मतदान के बाद स्ट्रांग रूम में स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रविवार को पंडरा बाजार समिति अवस्थित स्ट्रांग रूम में स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी की गई। रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश की अध्यक्षता में सभी उम्मीदवारों एवं एजेंट की उपस्थिति में स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी की गई। निवार्ची पदाधिकारी 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि स्क्रूटनी के दौरान सभी पोलिंग स्टेशन के प्रीजाइडिंग ऑफिसर्स की डायरी, रजिस्टर ऑफ वोट्स फॉर्म 17ए तथा काउंट ऑफ वोट्स फॉर्म 17सी का अध्ययन किया गया एवं इसके संबंध में विस्तृत सूचना सभी उम्मीदवारों एवं एजेंट को उपलब्ध कराया गया। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत की भी जानकारी उम्मीदवारों को दी गई। साथ ही मतदान प्रतिशत से 15 फीसदी ऊपर एवं 15 फीसदी नीचे मतदान केंद्रों के बारे में भी उम्मीदवारों को अवगत कराया गया। स्क्रूटनी के दौरान उम्मीदवारों द्वारा सवालों के जवाब का देते हुए उन्हें संतुष्ट किया गया एवं स्क्रूटनी की कार्रवाई पूरी की गई।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की मौजूदगी में कांग्रेस नेताओं ने की चाय पर चर्चा

**रांची ।** लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत की राहें आसान कर दी है। उक्त बातें रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के एचईसी परिसर स्थित आवासीय कार्यालय पर हुई चाय पर चर्चा व समीक्षा बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष अनादि ब्रह्म ने कही। श्री ब्रह्म ने कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र सहित पूरे झारखंड की जनता ने भाजपा को नकार दिया। मोदी सरकार की जुमलेबाजी के झांसे में जनता इस बार नहीं आई। उन्होंने कहा कि भाजपा से झारखंड की जनता का मोह भंग हो गया है। इस बार चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में अधिकतर मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि रांची लोक सभा सीट पर जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री सहाय को व्यापक समर्थन देकर उन्हें संसद भेजने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। श्री सिंह ने कहा कि रांची के अधिकतर मतदाताओं ने कांग्रेस के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए अपना समर्थन दिया। इसके लिए रांची संसदीय क्षेत्र की जनता के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया।

### चक्रवात रैमेल के कारण ये ट्रेनें रद रहेंगी

26 मई को ट्रेन नंबर 22897 हावड़ा - दीघा काण्डारी एक्सप्रेस का परिचालन रद रहा।

26 मई को ट्रेन नंबर 08137 पांशकुड़ा - दीघा ईएमयू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद रहा।

26 मई को ट्रेन नंबर 08139 पांशकुड़ा - दीघा ईएमयू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद रहा।

26 मई को ट्रेन नंबर 22898 दीघा - हावड़ा काण्डारी एक्सप्रेस का परिचालन रद रहा।

27 मई को ट्रेन नंबर 08136 दीघा - पांशकुड़ा ईएमयू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद रहेगा।

27 मई को ट्रेन नंबर 08138 दीघा - पांशकुड़ा ईएमयू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद रहेगा।

चक्रवात रैमेल के कारण ये ट्रेनें शॉट टर्मिनेट कर चलेगी

**आद्रा मंडल में विकासात्मक कार्यों के कारण चार ट्रेनें रद**

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा रेल मंडल में रेलवे 28 मई से लेकर 02 जून तक रेल विकास का कार्य को अंजाम देगी। इस कारण रेलवे ने चार ट्रेनों का परिचालन रद कर दिया है। वहीं रेलवे ने 29 , 31 मई और 02 जून को टाटानगर से खुलने वाली ट्रेन नंबर 18601 टाटानगर- हटिया एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी होकर हटिया स्टेशन तक जाएगी।

**ये ट्रेनें भी रद रहेंगी**


28, 31 मई और 02 जून को ट्रेन नंबर 08680 / 08679 आद्रा-मिदनापुर-आद्रा मेमू स्पेशल का परिचालन रद रहेगा। 29 मई को ट्रेन नंबर 08644 / 08643 आसनसोल-आद्रा-आसनसोल मेमू स्पेशल ट्रेन का परिचालन रद रहेगा।







# यह चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और राम मंदिर बनाने वाले के बीच : शाह



**पटना/भभुआ।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार के काराकाट संसदीय सीट से उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में चुनावी जनसभा करते हुए कहा कि लालू यादव से पूछता हूं कि 10 साल आपकी और सोनिया-मनमोहन की सरकार चली। आपने बिहार को केवल 02 लाख 80 हजार करोड़ दिया जबकि नरेन्द्र मोदी ने 14 लाख 24 हजार करोड़ बिहार को विकास के लिए दिया। यह चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और राम मंदिर बनाने वाले के बीच में है। अमित शाह ने उपस्थित जनता से पूछा कि आप बताएं कि आपको रामभक्तों पर गोली चलाने वाले के साथ रहना है या राममंदिर बनाने वाले के साथ रहना है। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है देश को विश्व में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना। कहा, कांग्रेस कहती है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, उससे पीओके मत मांगों। मैं राहुल गांधी को कहना चाहता हूं पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसको लेकर रहेंगे।

# परिवार का कुनबा बचाने के लिए लड़ रहे रामद्रोही : मोदी

**एजेंसी**


**गोरखपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देवरिया और बांसगांव लोकसभा क्षेत्रों की संयुक्त जनसभा में सपा पर करारा हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सपा अपने परिवार का कुनबा बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है। इन्हें केवल परिवार की ही चिंता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी जमात वालों ने वोटबैंक के लिए राम मंदिर को ठुकरा दिया। सपा वाले राम मंदिर को अपवित्र कहते हैं। इसलिए राम को गाली देने वालों को एक भी सीट पूर्वांचल में नहीं मिलनी चाहिए। मोदी ने बांसगांव में आयोजिन जनसभा में कहा कि छठे चरण के मतदान ने इंडी गठबंधन के छक्के छुड़ा दिए हैं, अब सातवें चरण में इंडी वालों पर पूर्वांचल का प्रहार होगा और पूर्वांचल का प्रहार जिस पर हुआ, वो मैदान से बाहर जाकर गिरता है। इंडी जमात कह रही है, हम आएंगे तो जम्मू-कश्मीर में फिर से 370 लगाएंगे, ये शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने वाले कानून सीएए को रद्द करेंगे।

**कांग्रेस और सपा का तुष्टीकरण घातकः** प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व सपा का तुष्टीकरण घातक है। कुछ ताकतें ऐसी भी हैं, जिन्हें भारत की प्रगति से पेट में दर्द हो रहा है। पाकिस्तान में सपा-कांग्रेस के इंडी गठबंधन के लिए दुआ पढ़ी जा रही है। सीमा पार से जिहादी उन्हें समर्थन दे रहे हैं। यहां सपा-कांग्रेस वाले वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। इनका मुद्दा देश का विकास नहीं, ये भारत को कई दशक पीछे ले जाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब यूपी में ब्रह्मोस मिसाइल बना करेगी। कई देशों में ब्रह्मोस मिसाइल की मांग रही है, लेकिन कांग्रेस ने उनके सामने भी रोड़े अटकाए। इंडी वाले चाहते हैं, भारत रक्षा क्षेत्र में न आत्मनिर्भर बने और न ही भारत में हथियार एक्सपोर्ट करने की क्षमता पैदा हो। ये इंडी वाले चाहते हैं कि विदेशी हथियारों की डील होती रहे और इनकी दलाली आती रहे।

**गांडेय उपचुनाव**

## नरेंद्र मोदी की गारंटी पर लोगों को विश्वास तीसरी बार मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री : जयशंकर

**वाराणसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि विकसित भारत की बात करते हुए देश



अगर आगे बढ़ रहा है तो इसमें शिक्षकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। शिक्षक आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आए जयशंकर रविवार को शिक्षा के साथ सशक्तीकरण : बेहतर कल के लिए शिक्षण विषयक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पूर्वांचल स्कूल ऑफ वेलफेयर एसोसियेशन की पहल पर सनबीम वरुणा में आयोजित कार्यक्रम में जयशंकर ने देश में शिक्षकों की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार के चलते भारत देश की प्रतिष्ठा विदेशों में काफी बढ़ी है। यह गर्व की बात है। भारत की विदेश नीति भी चर्चा में है। कार्यक्रम के बाद विदेश मंत्री ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि बेहतर कल के लिए शिक्षा-शिक्षण के साथ सशक्तीकरण विषय पर वाराणसी के शिक्षकों और छात्रों के साथ बातचीत करके खुशी हुई।

## भाजपा के लिए संविधान बहाना, आरक्षण निशाना

**वाराणसी।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने रविवार को वाराणसी में भाजपा और पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की आंधी चल रही है। उन्होंने कहा कि काशी के लोगों के साथ धोखा हुआ है। पीएम मोदी वोट वाराणसी के लोगों का लेते हैं और काम गुजरात का कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन अभी तक के चुनाव में 272 सीटों का आंकड़ा पार कर चुका है, अब जो मिलेगा, वो बोनस मिलेगा। समाजवादी



पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हर पार्टी के नेताओं का अधिकार है कि अपने नेता को बड़े पद पर काबिज होता देखें।

## आरक्षण व संविधान को खतरा नहीं, 350 सीटों पर कर चुके हैं जीत दर्ज : चिराग पासवान

**पटना।** लोकसभा चुनाव के रण में जारी बयानबाजियों के बीच चिराग पासवान ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा है कि बिहार के लोग इनका साथ नहीं देने वाले हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के बिहार दौरे पर चिराग पासवान ने कहा कि हमने जब इन्हें आईना दिखाया, तो इन्हें बिहार की याद आई। इन लोगों को अब बिहार और बिहारियों की चिंता हुई। सातवें चरण में इन लोगों ने बिहारियों की सुध लेने की सोची



है। क्या मूर्ख हैं हम लोग, क्या हमें नहीं समझ आता है कि छह चरण तक बिहार और बिहारियों की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि अगर आपको जरूरत नहीं है, तो बिहारी आपका साथ देने वाला नहीं है। आखिरी में आकर अगर आप सोचिएगा कि बिहार और बिहारी आपका साथ देगा, तो ये कतई नहीं होने वाला है। फैसला पहले ही तैयार हो चुका है, चार तारीख को बस औपचारिक ऐलान होना है। देश भर में अभी तक हम 350 सीटों पर जीत दर्ज कर चुके हैं। बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए की जीत की औपचारिक घोषणा चार जून को होना बाकी है। तेजस्वी यादव की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखने पर चिराग पासवान ने कहा कि वह पत्र लिखें, मगर ये जान लें कि आरक्षण को लेकर एनडीए के तमाम घटक दलों की नीति स्पष्ट है। देश में आरक्षण हो या संविधान, किसी को खतरा नहीं है। ये लोग डराने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बिहारी डरने वाला नहीं है और न ही भ्रमित होने वाला है। तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसी को डराने की सोच के साथ नहीं बात करते हैं। तेजस्वी पर जो कार्रवाई हो रही है, वह न्यायिक प्रक्रिया है।

## भारत में अलगाववादी राजनीति हावी : प्रियंका

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को पंजाब के पटियाला व फतेहगढ़ साहिब में कहा कि आज हमारे देश में अलगाववादी राजनीति हावी है। यह सिर्फ फायदा उठाने वाली राजनीति है। सत्ता के लिए कुछ भी किया जा सकता है।

उन्होंने इंडी सरकार का रोडमैप जारी करते हुए कहा कि हर गरीब परिवार में जो सबसे बड़ी महिला है, उसके खाते में हर साल 1 लाख रुपया सरकार डालेगी। हर महीने 8500 रुपये डाले जाएंगे। 50 प्रतिशत सरकारी रोजगार



महिलाओं को दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार आए, ये अधिकार आपको मिलेगा। अगर खेतों में नुकसान होगा तो गारंटी देते हैं, महीने में पैसा किसानों के खातों में आएगा।

**'मुजरा' शब्द पर बवाल** | **कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा चुनाव जनता बनाम मोदी**

## पीएम ने बिहार की जनता को किया अपमानित : खरगे

*बिहार की जनता भाजपा को उसकी औकात बताएगी, मोदी तानाशाह व लोकतंत्र विरोध*

**एजेंसी**

पटना (बिहार)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में एक चुनावी रैली में विपक्षी नेताओं के लिए 'मुजरा' शब्द का इस्तेमाल किया। यह सही नहीं है। मोदी ने बिहार की धरती पर ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया यानी मोदी का कहना है कि बिहार में मुजरा होता है। यह बिहार और उसके मतदाताओं का अपमान है। मोदी की ऐसी अमर्यादित टिप्पणी को बिहार बर्दाश्त नहीं करेगा। खरगे बिहार के सासाराम लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुमार के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खुद को तीसमारखां मानने वाले मोदी नहीं जानते है कि वह गलतफहमी में हैं। असली तीसमारखां तो बिहार की जनता है, जो चुनाव परिणाम में भाजपा को उसकी औकात बताएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी एक तानाशाह हैं। मोदी यदि तीसरी बार पीएम बने तो लोगों को कुछ भी कहने की इजाजत नहीं होगी। खरगे ने कहा कि यह चुनाव मूलतः जनता बनाम मोदी है। राहुल बनाम मोदी नहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री होने के नाते हम उनका सम्मान करते हैं लेकिन मोदी कांग्रेस नेताओं का सम्मान नहीं करते। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में एक जून को बिहार में सासाराम, नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, काराकाट और जहानाबाद लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है।



### अग्निवीर योजना को करेंगे खत्मः राहुल

**ऊना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को हिमाचल प्रदेश के ऊना में कहा कि हमें दो तरह की सेना नहीं चाहिए। अग्निवीर योजना आने के बाद अब सेना की दो श्रेणी हो गई है, एक जवान को देश के लिए बलिदान देने पर शहीद का दर्जा है, जबकि अग्निवीर को नहीं। अग्निवीर के परिवार को दूसरे जवानों की तर्ज पर सुविधाएं भी नहीं हैं। आईएनडीआईए की सरकार आने पर अग्निवीर योजना को बंद कर दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश के युवा को पहले की तरह सेना में जाने के अवसर मिलेंगे।

## तेजस्वी यादव को मुस्लिमों की फिक्र नहीं : असदुद्दीन ओवैसी

*अतीक अहमद पर गोलियां चलाई गईं, क्या इनकी औलादों पर गोलियां दागी गईं?*

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में रविवार को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दस सालों में किसी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ तो मुस्लिम समाज का हुआ है। क्या लालू यादव का बुलडोजर से घर तोड़ा गया?



बुलडोजर तो मेरे घर पर चला। उन्होंने कहा कि अतीक अहमद पर गोलियां चलाई गईं, क्या इनकी औलादों पर गोलियां दागी गईं? मोहम्मद शहाबुद्दीन को दफनाने के लिए सिवान की सरजमीं नसीब नहीं हुई। हम लोगों पर जुल्म हुआ। क्या इन लोगों की बेटियों से हिजाब खींचा गया? हमारे धर्म को गालियां दी गईं, ये किसने किया? ओवैसी ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में सौ साल का मदरसा जला दिया गया, बताइए ये किसने किया। अगर तेजस्वी यादव को मुस्लिम वोटों की फ्रिक थी, तो उन्हें उस जले हुए मदरसे का मुआयना करने जाना चाहिए था। लेकिन, वह नहीं गए। सिवान के एक सात साल के बच्चे की मां पुकारती रही कि मेरा बेटा सात साल का है, इसे जेल मत भेजो। वो मां सात दिन तक सिवान की जेल के सामने बैठकर तेजस्वी से कहती रही कि मेरे बच्चे को जेल जाने से बचा लो।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com